राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 11
लखनऊ, शनिवार 19 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत शुल्क के विरोध में सड़कों पर उतरे व्यापारी 10

योगी से भूपेंद्र यादव ने की शिष्टाचार भेंट 03

## सर्राफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,54,570/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,41,700/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,15,970/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,50,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### केदारनाथ में पारा माइनस 2 डिग्री

**देहरादून।** उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और ओलावृष्टि से ठंड बढ़ गई है। चमोली के हेमकुंड साहिब, केदारनाथ और रुद्रनाथ में बर्फबारी हुई। केदारनाथ में सुबह तापमान माइनस दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं मध्य प्रदेश के भोपाल, सीहोर और देवास में बारिश हुई। यूपी में आंधी से कई स्थानों पर पेड़ गिरने की सूचना है। बिहार में बाढ़ से करीब 50 लाख लोग प्रभावित बताए गए हैं।

### मां की सौगंध, कभी पैसा नहीं लिया

**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने खुद पर लगाए जा रहे आरोपों को लेकर सोशल मीडिया पर सफाई दी। उन्होंने मां की सौगंध लेते हुए कहा कि उन्होंने कभी किसी को नौकरी देने के बदले पैसे नहीं लिए। रावत ने कहा कि पैसा लेना तो दूर, संबंधित व्यक्ति से कभी चाय-पानी तक नहीं लिया। पीएस चंदन जीना के घर ईडी की कार्रवाई के बाद उनका यह बयान सामने आया है।

### यूपी नीट यूजी-2026 काउंसिलिंग फिर शुरू

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के आदेश के बाद यूपी में नीट यूजी-2026 की एमबीबीएस और बीडीएस काउंसिलिंग नए सिरे से शुरू हो गई है। डीजीएमई ने सात सितंबर का सीट आवंटन निरस्त कर दिया है। अभ्यर्थी 21 सितंबर शाम पांच बजे तक दोबारा विकल्प भरकर सीट लॉक कर सकेंगे।

### जहरीली शराब पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जहरीली और नकली शराब पर रोक के लिए राज्यों को पूरी आपूर्ति श्रृंखला पर निगरानी रखने को कहा है। पुलिस, आबकारी, परिवहन और उद्योग विभागों को समन्वय से कार्रवाई करने का सुझाव दिया गया। अदालत ने मेथनॉल की खरीद, भंडारण और आवाजाही पर भी कड़ी निगरानी की जरूरत बताई।

### शुरू होगी 'सारथी दीदी' कैब सेवा

**लखनऊ।** महिलाओं की सुरक्षित यात्रा के लिए उत्तर प्रदेश में 'सारथी दीदी' सेवा शुरू करने की तैयारी है। इसमें महिला चालक का विकल्प, एसओएस बटन, लाइव लोकेशन ट्रैकिंग और 24 घंटे निगरानी जैसी सुविधाएं होंगी। ई-रिक्शा, दोपहिया और कैब चलाने के लिए महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। सेवा को शहरों के साथ गांवों तक पहुंचाने के लिए प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को जोड़ा जाएगा।

### राघव चड्ढा की गाड़ी पर अंडे फेंके गए

**चंडीगढ़।** पंजाब में आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच सियासी टकराव के बीच आप सांसद राघव चड्ढा और संदीप पाठक की गाड़ी पर अंडे फेंके जाने का मामला सामने आया है। आम आदमी पार्टी ने घटना को लेकर भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि पंजाब में ऐसी राजनीति स्वीकार नहीं की जाएगी।

## नेस्ले के प्रोडक्ट पर एफएसएसएआई का शिकंजा

# शिशु आहार में धोखा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

शिशुओं के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्मूला आहार की गुणवत्ता और उसके प्रचार दावों को लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने नेस्ले इंडिया पर शिकंजा कसा है। प्राधिकरण ने कंपनी के तीन शिशु पोषण उत्पादों से जुड़े तीन अलग-अलग न्यायनिर्णयन मामले शुरू किए हैं। इनमें एनएएन एक्सेलाप्रो स्टेज-1, लैक्टोजन प्रो-1 और एक फॉलो-अप फॉर्मूला शामिल है। दो उत्पादों के प्रचार दावों पर आपत्ति है, जबकि फॉलो-अप फॉर्मूला के नमूने में बायोटिन निर्धारित मानक से कम मिला। दोबारा जांच में भी कमी की पुष्टि हुई।

एफएसएसएआई ने इन उत्पादों और आनलाइन मंचों पर उपलब्ध उनकी प्रचार सामग्री की जांच की। एनएएन एक्सेलाप्रो स्टेज-1 में '5 एचएमओ' और 'व्हे प्रोटीन' से जुड़े दावों पर सवाल उठाए गए। वहीं लैक्टोजन प्रो-1 में व्हे प्रोटीन को आसानी से पचने वाला बताने वाले




**झूठे दावे**

- एनएएन एक्सेलाप्रो व लैक्टोजन प्रो-1 के प्रचार दावों पर कार्रवाई
- फॉर्मूला में बायोटिन मानक से कम, दोबारा जांच में भी मिली कमी

दावे की जांच की गई। एफएसएसएआई के अनुसार, दोनों मामलों में प्रचार संबंधी दावे खाद्य सुरक्षा और मानक (शिशु पोषण के लिए खाद्य) विनियम, 2020 के नियम 4(2) के अनुरूप नहीं पाए गए। साथ ही शिशु दुग्ध विकल्पों और शिशु आहार के विज्ञापन-प्रचार पर रोक लगाने वाले 1992 के कानून का भी हवाला दिया गया है। तीसरे मामले में फॉलो-अप फॉर्मूला का नमूना प्रयोगशाला जांच में बायोटिन की निर्धारित मात्रा पर खरा नहीं उतरा। एफएसएसएआई ने नमूने को दोबारा जांच के लिए संदर्भ प्रयोगशाला भेजा। वहां भी निर्धारित बायोटिन मानक का पालन नहीं मिला। बायोटिन यानी विटामिन बी-7 शिशु पोषण के लिए निर्धारित आवश्यक पोषक तत्वों में शामिल है।

**नेस्ले आरोपों से असहमत :** एफएसएसएआई की कार्रवाई के बाद नेस्ले इंडिया ने आरोपों से असहमति जताई है। कंपनी ने कहा है कि उसके उत्पाद लागू सभी नियमों के अनुरूप हैं। कंपनी के अनुसार एनएएन एक्सेलाप्रो और लैक्टोजन प्रो के संबंधित उत्पाद व उनके लेबल एफएसएसएआई की विशेषज्ञ समिति से मंजूर किए गए थे।

कंपनी ने यह भी कहा कि उसने संबंधित दावों के संबंध में अधिकारियों को वैज्ञानिक साहित्य के आधार पर अपना विस्तृत जवाब दिया है। मौजूदा कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब एफएसएसएआई खाद्य उत्पादों में भ्रामक विज्ञापन, लेबलिंग और गुणवत्ता मानकों को लेकर निगरानी बढ़ा रहा है। अगस्त में प्राधिकरण ने बताया था कि हाल के महीनों में भ्रामक विज्ञापनों और गलत दावों को लेकर खाद्य कंपनियों को 150 से अधिक नोटिस जारी किए गए।

**पहले भी जांच के घेरे में आया था सेरेलेक:** नेस्ले के शिशु उत्पाद इससे पहले भी नियामकीय जांच के घेरे में आ चुके हैं। अप्रैल 2024 में सेरेलेक में अतिरिक्त चीनी की मात्रा को लेकर रिपोर्ट सामने आने के बाद केंद्र ने एफएसएसएआई से कार्रवाई करने को कहा था।

**अन्य उत्पादों पर भी कार्रवाई**

**2026 :** बेंगलुरु स्थित ब्रिटिश लाइफ साइंसेज के परिसर की एफएसएसएआई जांच में गलत लेबल वाले और अवधि समाप्त हो चुके शिशु आहार मिले। करीब 3.7 मीट्रिक टन अवधि समाप्त शिशु आहार नष्ट करने का आदेश दिया गया और कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। जांच में एमएमएस, एमएमएस गोल्ड, नैसेंट, ऑप्टिलेट जैसे शिशु फार्मूला तथा मम्स केयर शिशु अनाज उत्पाद सामने आए।

**2024 :** एफएसएसएआई के उपलब्ध अभिलेखों में न्यूट्रिशिया इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड का एप्टामिल गोल्ड स्टेज-1 शिशु फॉर्मूला उत्पाद स्वीकृत उत्पाद सूची में दर्ज है। यह नियामकीय स्वीकृति का रिकॉर्ड है, किसी दंडात्मक कार्रवाई का नहीं। इसलिए इसे कार्रवाई की सूची में नहीं रखा जाना चाहिए। इसके अलावा इसी साल शिशु फार्मूला और अनाज उत्पादों के नमूने भी लिये गये थे।

## नंदीग्राम में ममता बनर्जी की प्रत्याशी ने नाम लिया वापस

### ममता टीएमसी का कांग्रेस को समर्थन

**एजेंसी, कोलकाता।**



पश्चिम बंगाल की हाईप्रोफाइल नंदीग्राम विधानसभा सीट पर उपचुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के ममता बनर्जी गुट की प्रत्याशी ने अपना नाम वापस ले लिया। पार्टी प्रत्याशी संचिता प्रधान डे के शुक्रवार को नाम वापस लेने के बाद ममता बनर्जी ने नंदीग्राम में कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को समर्थन देने की घोषणा की।

ममता ने शुक्रवार शाम कालीघाट स्थित अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनका गुट अब नंदीग्राम सीट पर अपना कोई प्रत्याशी नहीं उतारेगा और कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में रहेगा। उन्होंने इसे विपक्षी आइएनडीआइए की एकजुटता से जोड़ते हुए कहा कि सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

ममता बनर्जी ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को उनसे फोन पर बातचीत की थी। इसके बाद नंदीग्राम में कांग्रेस को समर्थन देने का फैसला सामने आया। उन्होंने कहा कि आइएनडीआइए के घटक दलों को मिलकर लड़ाई लड़नी चाहिए।

नंदीग्राम में प्रत्याशी हटाने का फैसला ऐसे समय हुआ है, जब सीट पर उपचुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हैं। नंदीग्राम में अब कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान को ममता गुट का समर्थन मिलने से मुकाबले का स्वरूप बदल गया है। हालांकि चुनावी मैदान में अन्य प्रत्याशी भी मौजूद हैं और अंतिम स्थिति नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद स्पष्ट होगी। चुनाव आयोग के निर्णय के बाद देश भर में सियासी पारा चढ़ गया है। ममता के पक्ष में कांग्रेस अपनी सियासी जमीन तलाशने की कोशिश कर रही है।

**टीएमसी के दोनों गुटों का नाम व चुनाव चिन्ह बदला**

चुनाव आयोग के फैसले के बाद टीएमसी दो गुटों में बंट गई है। ममता बनर्जी के गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम दिया गया है और उसके लिए फुटबॉल खिलाड़ी चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। वहीं बागी गुट का नाम 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' रखा गया है और उसे लिफाफा चुनाव चिन्ह मिला है।

# बिना पीयूसी नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

- लोनी में अवैध फैक्ट्रियों पर कसेगा शिकंजा
- 30 तक प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगाने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, गाजियाबाद।**

यूपी-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने लखनऊ में समीक्षा बैठक की। बैठक में गाजियाबाद के जिलाधिकारी, यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, नगरायुक्त और जीडीए उपाध्यक्ष समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी वर्चुअल जुड़े। मुख्यमंत्री ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने लोनी में अवैध फैक्ट्रियों पर कार्रवाई तेज करने को कहा। अधिकारियों के अनुसार, पिछले छह माह में करीब 400 अवैध फैक्ट्रियों को सील किया गया है। लोनी में प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों की निगरानी के लिए चार विशेष टीमें गठित की जाएंगी। अधिक प्रदूषित क्षेत्रों में नगर पालिका पानी का छिड़काव भी कराएगी।

बैठक में निर्देश दिए गए कि जिन करीब 45 फैक्ट्रियों से 50 मिलीग्राम से अधिक प्रदूषण उत्सर्जन हो रहा है, वे 30 सितंबर तक ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली (ओसीईएमएस) के साथ वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगाएं। ऐसा नहीं करने पर फैक्ट्रियां बंद कराई जाएंगी। ओसीईएमएस नहीं लगाने वाली 11 फैक्ट्रियों को पहले ही बंद कराया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन वाहनों के पास प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) नहीं है, उन्हें पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाए। निर्देश के बावजूद ईंधन देने वाले पंप संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पंप बंद कराने के आदेश दिए गए।

इसके अलावा जिले में ई-वाहनों और चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने, जाम वाले क्षेत्रों में पुलिसकर्मी बढ़ाने और टूटी सड़कों की ग्रेप लागू होने से पहले मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। कूड़ा निस्तारण और प्रदूषण हॉटस्पाट की विशेष निगरानी पर भी जोर दिया गया।



**एनसीआर की हवा सुधारने को योगी ने कसी कमर**

दिल्ली-एनसीआर की हवा सुधारने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने वाहनों से लेकर सड़कों की धूल और औद्योगिक इकाइयों तक पर एक साथ कार्रवाई की तैयारी की है। सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित भी किया। उल्लेखनीय है कि नोएडा, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ और बुलंदशहर समेत एनसीआर के आठ जिलों में प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों पर चर्चा हुई। वाहनों के प्रदूषण को कम करने के लिए पुराने वाहनों के संचालन, नई विद्युत वाहन नीति, विद्युत बसों और प्रदूषण जांच प्रमाणपत्र की अनिवार्यता की समीक्षा की गई।

# पाक में जुमे की नमाज के दौरान धमाका

### कोहाट में मस्जिद के पास विस्फोट में 16 की मौत, 50 से अधिक घायल

**एजेंसी, इस्लामाबाद।**



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान मस्जिद के पास भीषण विस्फोट में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मृतकों में पुलिसकर्मियों के शामिल होने की भी जानकारी है। घायलों को जिला मुख्यालय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां आपातकाल घोषित कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार, विस्फोट पुलिस लाइंस क्षेत्र में मस्जिद के बाहर हुआ। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि घटनास्थल पर बड़ा गड्ढा बन गया। घटना के बाद इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं और राहत एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक जुल्फिकार हमीद के अनुसार, विस्फोटकों से लदा एक वाहन पुराने पुलिस लाइंस के गेट से टकराया, जिसके बाद जोरदार विस्फोट हुआ। इसके बाद हमलावरों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी भी हुई। पुलिस के मुताबिक, घटना को आत्मघाती हमला माना जा रहा है। गोलीबारी के दौरान स्पेशल ब्रांच की इमारत में भी एक अन्य आत्मघाती विस्फोट की सूचना है। केंद्रीय पुलिस कार्यालय ने कोहाट के क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी से घटना की रिपोर्ट मांगी है। सुरक्षा एजेंसियां विस्फोट की प्रकृति और हमले में शामिल लोगों की पहचान की जांच कर रही हैं।

धमाके के बाद प्रशासन ने कोहाट-हंगू मार्ग को यातायात के लिए बंद कर दिया। जिला मुख्यालय अस्पताल के डॉक्टर ताहिर अली शाह ने बताया कि अस्पताल में 16 शव और 50 से अधिक घायल लाए गए। अधिकारियों के अनुसार घायलों में पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। घटना के बाद पूरे पुलिस लाइंस क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सुरक्षाबल मौके पर तलाशी अभियान चला रहे हैं और हमले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

## निठारी कांड: सुरेंद्र कोली ने की आत्महत्या

**एजेंसी, हरिद्वार।**



देशभर में चर्चित निठारी कांड के आरोपित रहे सुरेंद्र कोली ने शुक्रवार को हरिद्वार में आत्महत्या कर ली। उसका शव उत्तरी हरिद्वार के भूपतवाला क्षेत्र में सप्त सरोवर रोड स्थित चाय की दुकान में रस्सी के सहारे लटका मिला। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और सभी पहलुओं से मामले की जांच शुरू कर दी है।

शहर कोतवाली की सप्तऋषि पुलिस चौकी को लालमाता मंदिर के सामने चाय की दुकान पर एक व्यक्ति के फांसी लगाने की सूचना मिली थी।

## एशियन गेम्स : भारत सेमीफाइनल में

- जापान को आठ विकेट से रौंदा, पांच ओवर में लक्ष्य हासिल

**एजेंसी, निशिन।**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स 2026 में शानदार शुरुआत करते हुए जापान को आठ विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारतीय गेंदबाजों ने जापान को 19.5 ओवर में महज 57 रन पर समेट दिया। इसके बाद शेफाली वर्मा के तूफानी अंदाज में बनाए नाबाद 40 रन की मदद से भारत ने 58 रन का लक्ष्य केवल पांच ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया।

श्री चरणी भारत की जीत की सबसे बड़ी नायिका रहीं। उन्होंने चार ओवर में महज 10 रन देकर चार विकेट झटके। शेफाली ने गेंदबाजी में भी कमाल करते हुए दो विकेट लिए, जबकि दीप्ति शर्मा और श्रेयंका पाटिल को एक-एक सफलता मिली।

## पेपर लीक रोकने के इंतजाम जांचेगा उच्चतम न्यायालय

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



नीट समेत राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में पेपर लीक और दूसरी गड़बड़ियां रोकने के लिए किए गए इंतजामों की अब सुप्रीम कोर्ट खुद पड़ताल कर सकता है।

शुक्रवार को सुनवाई के दौरान न्यायालय ने कहा कि जरूरत पड़ने पर न्यायमूर्ति राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के कार्यालय का दौरा कर सकते हैं। वहां परीक्षा संचालन, सुरक्षा और निगरानी की व्यवस्था को प्रत्यक्ष रूप से देखा जाएगा।

## आरोप-प्रत्यारोप : मानहानि के दावे पर रामदेव पर बरसे बृजभूषण

- बोले- मिलावट करने वालों के सरगना

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**



भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह ने योग गुरु रामदेव की ओर से मानहानि के दावे को लेकर उन पर तीखा हमला बोला है। अयोध्या पहुंचे बृजभूषण ने कहा कि मामला वर्ष 2022 का है। उन्होंने एक धार्मिक कार्यक्रम में लोगों से गाय पालने, अपनी सब्जियां उगाने और घर का दूध-घी इस्तेमाल करने की अपील की थी।

बृजभूषण ने बताया कि उन्होंने उस दौरान कहा था कि रामदेव का घी खाने से बच्चों के स्वस्थ होने की गारंटी नहीं है। उनके मुताबिक, अगले दिन पतंजलि के आचार्य बालकृष्ण ने उन्हें फोन किया था। बातचीत के दौरान उन्होंने घी की कीमत को लेकर सवाल उठाया। बृजभूषण ने कहा कि यदि 30 किलो गाय के दूध से करीब एक किलो घी बनता है और दूध की कीमत 30 रुपये किलो है तो एक किलो घी की लागत करीब 900 रुपये बैठती है। ऐसे में 500 रुपये में घी कैसे बेचा जा सकता है, इसका उन्हें कोई जवाब नहीं मिला।

**तैयारी**

**अमेरिका के टैरिफ के खिलाफ भारत ने कसी कमर**

# शुल्क की मार से निर्यात पर संकट, भारत ने तलाशे पांच बड़े हथियार

- इंजीनियरिंग, वाहन कल पुर्जे, कपड़ा और रत्न आभूषण पर ज्यादा दबाव
- नए व्यापार समझौतों से अमेरिकी निर्भरता घटाने की तैयारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




अमेरिकी शुल्क का दबाव अब भारतीय निर्यात के लिए बड़ी चुनौती बनता दिख रहा है। अमेरिका भारतीय वस्तुओं का सबसे बड़ा खरीदार है और इंजीनियरिंग सामान, वाहन कल-पुर्जे, कपड़ा, रत्न-आभूषण, दवा और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे प्रमुख निर्यात क्षेत्रों की वहां मजबूत मौजूदगी है। अतिरिक्त शुल्क बढ़ने पर भारतीय उत्पाद महंगे पड़ सकते हैं और अमेरिकी बाजार में वियतनाम, मेक्सिको, बांग्लादेश जैसे प्रतिस्पर्धी देशों से मुकाबला और कठिन हो सकता है।

स्थिति से निपटने के लिए भारत के सामने अब बाजारों का विस्तार, नए मुक्त व्यापार समझौते, अमेरिका से वार्ता, निर्यात लागत में कमी और चीन-प्लस-वन अवसर को भुनाने की रणनीति प्रमुख हथियार के रूप में सामने है। अमेरिकी बाजार भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। शुल्क बढ़ने पर अमेरिकी आयातकों के सामने भारतीय उत्पादों के बजाय दूसरे देशों से खरीद का विकल्प बढ़ सकता है। वाहन कल-पुर्जे भी इसी दबाव में आ सकते हैं। निर्यातकों के लिए कीमत और गुणवत्ता दोनों मोर्चों पर प्रतिस्पर्धा बनाए रखना चुनौती होगी। कपड़ा और परिधान उद्योग की चिंता भी बढ़ी है। भारतीय कंपनियां पहले से बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों से मुकाबला कर रही हैं।

अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी से भारतीय उत्पादों की कीमत प्रतिस्पर्धा प्रभावित हो सकती है। रत्न एवं आभूषण क्षेत्र के लिए अमेरिकी बाजार महत्वपूर्ण है। मांग में मामूली गिरावट भी निर्यात कारोबार को प्रभावित कर सकती है। इसका असर रोजगार पर भी पड़ने की आशंका है।

दवा क्षेत्र में भारतीय जेनेरिक दवाओं की मजबूत स्थिति है, लेकिन कीमतों को लेकर दबाव बढ़ सकता है।भारत अमेरिकी बाजार पर निर्भरता कम करने के लिए नए बाजारों में पहुंच बढ़ाने पर जोर दे सकता है। संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड के साथ व्यापार समझौतों का विस्तार इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विशेषज्ञों के मुताबिक अमेरिकी बाजार का तत्काल विकल्प खड़ा करना आसान नहीं है, लेकिन निर्यात को अलग-अलग बाजारों में बांटकर जोखिम घटाया जा सकता है। अमेरिकी शुल्क के असर को कम करने के लिए भारतीय उद्योग की उत्पादन लागत घटाना जरूरी होगा। ऊर्जा, माल ढुलाई, बंदरगाह और कंटेनर लागत में कमी के साथ निर्यात प्रक्रियाओं को सरल बनाना होगा।

कम लागत से भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में कीमत के मोर्चे पर मजबूती मिल सकती है। वैश्विक कंपनियां चीन पर आपूर्ति श्रृंखला की निर्भरता घटाने के लिए दूसरे देशों में उत्पादन आधार तलाश रही हैं।

# 5.20 लाख वसूलने वाला गिफ्तार

- 2.50 लाख नकद समेत बाइक, एसी व एलईडी बरामद



**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी देकर एक महिला से लाखों रुपये वसूलने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दरगाह शरीफ पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2.50 लाख रुपये नकद, एक मोटरसाइकिल, एसी और एलईडी टीवी बरामद किया है। आरोपी के मोबाइल फोन में महिला की आपत्तिजनक फोटो भी मिली हैं।

पुलिस के अनुसार, 16 सितंबर को पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि फत्तेपुरा निवासी हिमांशु तायल उर्फ शमी ने उसकी पत्नी से वजन कम करने की बात कहकर आपत्तिजनक फोटो ले लिए थे। इसके बाद फोटो वायरल करने और उसके बेटे को जान से मारने की धमकी देकर आरोपी ने उसकी पत्नी से अलग-अलग समय पर कुल 5.20 लाख रुपये वसूल लिए। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी 10 लाख रुपये और मांग रहा था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर एएसपी नगर आयुष विक्रम सिंह और सीओ नगर नारायण दत्त मिश्र की देखरेख में थानाध्यक्ष अमितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में दो पुलिस टीमें बनाई गईं। 17 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से हिमांशु तायल को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक लाख रुपये नकद और दो मोबाइल फोन बरामद हुए।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी की निशानदेही पर उसके घर से 1.50 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। साथ ही, वसूले गए पैसों से खरीदी गई एचएफ डीलक्स प्लस बाइक, डैकिन 1.5 टन इन्वर्टर एसी और सैमसंग एलईडी टीवी भी बिल के साथ बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, आरोपी हिमांशु तायल पर साल 2012 के एनडीपीएस एक्ट और चोरी से जुड़े केस भी दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट भेज दिया है।

## बूढ़ेश्वर बाबा मंदिर में हॉल व शौचालय निर्माण का भूमि पूजन संपन्न



**समृद्धि न्यूज, बहराइच।** विधानसभा नानपारा के रामपुर धोबियाहार स्थित प्राचीन बूढ़ेश्वर बाबा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हॉल एवं शौचालय निर्माण कार्य का भूमि पूजन गरिमामयी माहौल में संपन्न हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग मौजूद रहे। यह निर्माण कार्य क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मंदिर परिसर में हॉल और शौचालय बनने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। विशेषकर मेलों और विशेष आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं को इससे काफी सहूलियत होगी। इस अवसर पर कहा गया कि आस्था का सम्मान, विरासत का संरक्षण और जनसुविधाओं का विस्तार ही नानपारा के विकास का संकल्प है, जिस पर निरंतर कार्य किया जा रहा है।

# सड़क को लेकर मूर्तिहा-घुनाभारू में आंदोलन का ऐलान

- मांगों को लेकर धरने की तैयारी
- चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी
- चार मार्गों के निर्माण की मांग



**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

सड़क और बिजली की समस्या से जूझ रहे मूर्तिहा और घुनाभारू क्षेत्र के ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। वर्षों से पक्की सड़क की मांग पूरी न होने से नाराज ग्रामीणों ने 26 सितंबर से तहसील मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देने का एलान किया है।

इस संबंध में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर धरना-प्रदर्शन की अनुमति मांगी गई है। ग्रामीणों ने मांगों का समाधान होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही है। साथ ही आगामी चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी भी दी है।

ग्रामीणों के अनुसार मूर्तिहा, घुनाभारू के अलावा सलारपुर, पटाव, कौवाभारी और चितलहवा क्षेत्र में आवागमन की समस्या गंभीर है। कई स्थानों पर ग्रामीणों को जंगल के रास्ते आवाजाही करनी पड़ती है। इससे सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, मरीजों, बुजुर्गों और रोजमर्रा के काम से आने-जाने वाले लोगों को होती है। बरसात के समय रास्तों की स्थिति और खराब होने से समस्या बढ़ जाती है।

ज्ञापन में मूर्तिहा-गुलरिया मुख्य पिच मार्ग से कौवामारी तक 2.5 किलोमीटर पक्की सड़क, मूर्तिहा-गुलरिया मुख्य मार्ग से एसएसबी कैंप सलारपुर तक एक किलोमीटर सड़क, मिहींपुरवा-कतरनिया मुख्य मार्ग से घुनाभारू तक 2.5 किलोमीटर सड़क और निधिपुरवा-कंडा मुख्य मार्ग से चितलहवा तक 180 मीटर पक्की सड़क निर्माण की मांग की गई है। इसके साथ ही संबंधित गांवों और मजरों में शीघ्र विद्युतीकरण और बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग भी पांच सूत्रीय ज्ञापन में शामिल है।26 सितंबर से धरना ग्रामीणों के अनुसार 26 सितंबर को सुबह 11 बजे तहसील मुख्यालय मिहींपुरवा में धरना शुरू किया जाएगा। इसमें ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं के शामिल होने की बात कही गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन जारी रहेगा। चुनाव बहिष्कार की चेतावनी के बाद अब प्रशासन के सामने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है।

### सड़क के बिना विकास पर उठाए सवाल

ग्रामीणों ने कहा कि सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की बुनियादी जरूरत है। जब गांव तक पहुंचने के लिए पक्का मार्ग ही नहीं है तो शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक प्रभावी ढंग से कैसे पहुंचेगा। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि वर्षों से समस्या सामने होने के बावजूद अब तक स्थायी समाधान क्यों नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि समस्याओं के संबंध में कई बार अधिकारियों को प्रार्थनापत्र दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। अब ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि केवल आश्वासन से आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा। उन्हें सड़क निर्माण के संबंध में ठोस कार्रवाई और लिखित आश्वासन चाहिए।


## खबरें एक नजर में

### ट्रक में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान



**बहराइच।** लखीमपुर नेशनल हाईवे पर रिसिया मोड़ के पास गुरुवार देर रात एक ट्रक में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने पूरे वाहन को चपेट में ले लिया और ट्रक धू-धू कर जलने लगा। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। ट्रक चालक को जैसे ही वाहन में आग लगने की जानकारी हुई, उसने तुरंत ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और रिसिया पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक ट्रक का ज्यादातर हिस्सा जल चुका था और बाद में पूरा वाहन जल गया। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। रिसिया थाना प्रभारी करुणाकर पांडे ने बताया कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। ट्रक में आग किस वजह से लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही आग लगने के कारणों का पता चल सकेगा।

### पत्नी-बेटे को दूर रखने व धर्म परिवर्तन के दबाव का आरोप



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** टिकैतनगर थाना क्षेत्र के पंसारा गांव निवासी संदीप कुमार ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर पत्नी और बेटे को उससे दूर रखने का आरोप लगाया है। उसने बेलखरा गांव निवासी दो लोगों पर पत्नी को बहला-फुसलाकर अपने पास रखने और उससे मिलने नहीं देने का आरोप लगाया। संदीप के मुताबिक, सितंबर 2025 में काम से लौटने पर पत्नी घर से गायब मिली। तलाश के दौरान जानकारी हुई कि वह दोनों आरोपियों के पास है। आरोप है कि पत्नी से मिलने के लिए उस पर धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बनाया जा रहा है। युवक ने जान से मारने की धमकी और गाली-गलौज के साथ पत्नी से मिलाने के नाम पर करीब 66 हजार रुपये वसूलने का भी आरोप लगाया है। संदीप ने बताया कि 11 सितंबर को भी शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब उसने डीएम से एफआईआर दर्ज कराकर मामले की जांच और पत्नी-बेटे को सुरक्षित बरामद कराने की मांग की है।

### बीडीओ ने गौशाला का किया औचक निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** श्यामनगर गांव में बनी अस्थायी गौशाला का शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) संजीव कुमार गुप्ता ने अचानक दौरा किया ।बीडीओ ने गौशाला में मौजूद गोवंशों की गिनती की और उसका रजिस्टर से मिलान किया। उन्होंने भूसा, हरा चारा, पानी और दवाओं की मौजूदगी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने गौशाला परिसर में घूमकर साफ-सफाई की हालत भी देखी और वहां मौजूद कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए ।खंड विकास अधिकारी ने साफ कहा कि गोवंशों की देखभाल मे कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी ।उन्होने निर्देश दिए कि सभी पशुओं को समय पर भरपूर चारा, साफ पानी और छाया की व्यवस्था की जाए ।बीमार गोवंशो का तुरंत इलाज भी कराया जाए ।उन्होने प्रधान प्रतिनिधि और पंचायत सचिव को निर्देश दिए कि गौशाला मे नियमित रूप से साफ-सफाई और चूने का छिड़काव कराया जाए,ताकि बीमारियो से बचाव हो सके ।इस दौरान पंचायत सचिव रवि कुमार,प्रधान प्रतिनिधि कुशमेश कुमार और गौशाला के केयरटेकर भी मौजूद थे।

### ससुरालीजनों पर मारपीट व जेवर हड़पने का आरोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** थाना लोनीकटरा क्षेत्र में एक महिला ने अपने ससुरालीजनों पर घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट करने, जेवरात जबरन अपने पास रखने और तीन वर्षीय बच्ची को साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में रेनू पुत्री रामनरायन यादव, निवासी पूरे दयाराम मजरे नरेंद्रपुर मदरहा ने बताया कि 16 सितंबर की शाम करीब चार बजे वह अपने मायके में मौजूद थी। इसी दौरान उसके ससुरालीजन जेठ मुनीम और देवर सुमित पुत्रगण नन्हा यादव निवासी ठाकुरपुर, थाना कोठी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने घर में घुसकर लात-घूंसों व डंडों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि ससुरालीजन उसकी एक जोड़ी पायल और सोने की माला भी जबरन अपने पास रखकर ले गए। इसके अलावा उसकी करीब तीन वर्ष की बड़ी बच्ची को भी अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता ने थाना प्रभारी से रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### कार की टक्कर से वृद्धा की मौत

**हैदरगढ़-बाराबंकी।** लोनी कटरा थाना क्षेत्र के कालिका पुरवा मोड़ के पास कार द्वारा टक्कर मार देने से लगभग 68 वर्षीय महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। वही कार को चालक सहित कब्जे में ले लिया गया हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सदरुद्दीनपुर गांव निवासी प्यारे लाल यादव की पत्नी श्रीमती कैलाशा शनिवार दोपहर लगभग 12:00 बजे अपने खेत को जा रही थी कि तभी मन्झुपुर गाँव की तरफ से आई तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौत हो गई।

# कमिश्नर कार्यालय के कर्मचारी ने किया सीएचसी का निरीक्षण

- सभी व्यवस्थाएं मिली संतोषजनक
- कर्मचारियों को दिए निर्देश



**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

विशेश्वरगंज कंछर में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण किया गया। देवीपाटन मंडल गोंडा के कमिश्नर कार्यालय के कर्मचारी जितेंद्र यादव ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।देवीपाटन मंडल से आए निरीक्षक जितेंद्र यादव ने एक्स-रे कक्ष, डिलीवरी रूम, ओपीडी, दवा वितरण केंद्र और साफ-सफाई व्यवस्था देखी।

उन्होंने पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की सभी व्यवस्थाएं और स्वास्थ्य सेवाएं संतोषजनक पाई गईं।

उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को अपनी जिम्मेदारियां पूरी तत्परता से निभाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुणाल मिश्रा, डॉ. प्रवेश पांडेय, डॉ. आकांक्षा त्रिवेदी और चीफ फार्मासिस्ट शैलेंद्र दुबे मौजूद थे। इनके साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी भी वहां उपस्थित रहे।

# घर में सो रही 86 वर्षीय महिला को उठा ले गया तेंदुआ

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



- हल्दी के खेत में मिला शव, सिर और पैर का हिस्सा खाया

सुजौली थाना क्षेत्र के सीताराम पुरवा गांव में शुक्रवार तड़के तेंदुए ने घर में सो रही 86 वर्षीय महिला फूलावती पर हमला कर दिया। तेंदुआ महिला को गर्दन से दबोचकर घर से करीब 50 मीटर दूर झाड़ियों की ओर खींच ले गया। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने टॉर्च की रोशनी में तेंदुए को देखा और शोर मचाकर उसे भगाने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वह जंगल की ओर भाग गया। सुबह ग्रामीणों को महिला का आधा खाया शव हल्दी के खेत के पास झाड़ियों में मिला।

ग्रामीणों के अनुसार, घटना तड़के करीब तीन बजे की है। फूलावती अपने कच्चे मकान में चारपाई पर सो रही थीं। उनके घर में दरवाजा नहीं था और केवल टाट का पर्दा लगा रहता था। महिला काफी समय से यहां अकेली रह रही थीं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो तेंदुआ दिखाई दिया।

ग्रामीणों ने पीछा किया, लेकिन अंधेरा होने के कारण वह जंगल में ओझल हो गया। सुबह करीब पांच बजे ग्रामीणों ने दोबारा तलाश शुरू की। घर से लगभग 50 मीटर दूर हल्दी के खेत के पास झाड़ियों में फूलावती का शव पड़ा मिला। तेंदुआ महिला का सिर और बायां पैर पूरी तरह खा चुका था, जबकि दाएं पैर का भी आधा हिस्सा खाया हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही कतर्नियाघाट रेंज की वन विभाग की टीम और सुजौली थाना प्रभारी राम गोविंद वर्मा, दरोगा चंदन यादव समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर तेंदुए के पैरों के निशान भी मिले हैं। वन विभाग ने तेंदुए की तलाश और उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए इलाके में ट्रैप कैमरे लगाए हैं और जगह-जगह जाल बिछाए गए हैं। वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने के प्रयास में जुटी है।

घटना के बाद आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। घटना के बाद वन रेंजर नीरज श्रीवास्तव ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने परिवार को तत्काल 10 हजार रुपये की सहायता दी और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### नदी की कटान से उजड़ा था घर

फूलावती के पति प्रभु की काफी पहले मौत हो चुकी थी। उनकी चार बेटियां गीता, कृष्णावती, रामावती और सुनीता अपने-अपने ससुराल में रहती हैं, जबकि बेटा सोहन राजस्थान में काम करता है। घटना की जानकारी पर पहुंचीं उनकी नातिन सुदामा देवी ने बताया कि पिछले साल घाघरा नदी की कटान में फूलावती का घर बह गया था। इसके बाद वह सरयू नहर की पटरी के किनारे रहने लगी थीं। सिंचाई विभाग के नियमों के कारण वहां पक्का मकान नहीं बनाया जा सका। नातिन ने कहा कि पक्का मकान होता तो शायद उनकी नानी की जान बच जाती।

## पेराई सत्र की तैयारियों को लेकर एमडी ने किया मिल का निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।** आगामी पेराई एवं गन्ना आपूर्ति सत्र को लेकर बजाज हिंदुस्तान चीनी मिल, उतरौला में तैयारियां तेज हो गई हैं। गुरुवार को मिल के प्रबंध निदेशक अजय शर्मा ने मिल परिसर का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों की तैयारियों और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के गांवों का भ्रमण कर शरदकालीन गन्ने की बुवाई का जायजा लिया और किसानों से संवाद किया। प्रबंध निदेशक ने किसानों से उन्नत गन्ना प्रजातियों की अधिक क्षेत्रफल में बुवाई करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बेहतर उत्पादन के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज, खेत की उचित तैयारी और संतुलित मात्रा में उर्वरक व कीटनाशकों का प्रयोग जरूरी है। उन्होंने किसानों को कृषि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार गन्ने की खेती करने के लिए प्रेरित किया।

मिल परिसर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेराई सत्र की तैयारियों, गन्ना आपूर्ति व्यवस्था और किसान हित से जुड़े कार्यों की विभागवार समीक्षा की। अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय में पूरी करने तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए।

इस दौरान यूनिट हेड श्याम सिंह, गन्ना विकास विभाग के हेड दिनेश शर्मा, कॉरपोरेट कार्यालय से अरशद शेख व रजत सिंघल सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# हरिशंकरी रोपण को जन अभियान बनाने का आह्वान

## हरिशंकरी पौधा ईश्वर के दिव्य स्वरूप व प्रकृति संरक्षण का प्रतीक : प्रमोद तिवारी

**समृद्धि न्यूज सिद्धौर, बाराबंकी।**



लोक भारती के तत्वावधान में हरिशंकरी रोपण अभियान की तैयारियों को लेकर विकासखंड सिद्धौर एवं नगर पंचायत सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने तथा हरिशंकरी पौधों के रोपण एवं संरक्षण को लेकर चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रमोद कुमार तिवारी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा बाराबंकी ने कहा कि हरिशंकरी केवल पौधा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हरिशंकरी का पौधा ईश्वर के दिव्य स्वरूप का प्रतीक है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के साथ उसके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने ग्राम प्रधानों, सभासदों एवं विकासखंड की टीम से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह, कार्यक्रम सहसंयोजक रामेंद्र सिंह एवं दिनेश रावत, गायत्री परिवार के सहयोगी जे.पी. यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह जी, सम्मानित सभासदगण, ग्राम प्रधानगण तथा खंड विकास कार्यालय की टीम उपस्थित रही।

बैठक में सभी उपस्थित लोगों ने हरिशंकरी पौधों के रोपण, संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।



### लक्ष्य फाउंडेशन ने चलाया पौधरोपण अभियान

**हैदरगढ़-बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को क्षेत्र के महिमापुर गांव में लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा धरती पर हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के प्रभारी लवकुश ने बताया की धरती पर हरियाली बढ़ाने वाले कार्यक्रम को जन जन तक पहुचाने वाले लक्ष्य फाउंडेशन के कार्यक्रम संयोजक आदर्श अवस्थी सोनू के जन्मदिवस के अवसर पर उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया है विदित हो कि आदर्श अवस्थी सोनू लक्ष्य फाउंडेशन व अन्य संस्थाओ के साथ मिलकर बीते एक दशक से धरती पर हरियाली बढ़ाने वाली मुहिम को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे । उक्त अवसर पर लक्ष्य फाउंडेशन के स्वयंसेवकों द्वारा स्थानीय लोगो फलदार, छायादार व अन्य पौधे देकर धरती पर हरियाली बढ़ाने के लिए जागरूक किया एव साथ ही सभी लोगो ने पर्यावरण संरक्षण के लिए धरती हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रभात सिंह,पीयूष प्रकाश मिश्रा, विकास सिंह, अरविंद कुमार, राजकुमार, सरवन कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# यूपीआई शुल्क के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

यूपीआई भुगतान पर शुल्क के विरोध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारी शिव कुमार वर्मा को सौंपा। कांग्रेसियों ने कहा कि यूपीआई शुल्क से छोटे व्यापारियों, किसानों और आम ग्राहकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

उन्होंने शुल्क वापस लेने, छोटे व्यापारियों व किसानों को राहत देने तथा एमडीआर व्यवस्था लागू करने की मांग की। इस दौरान सरजू शर्मा, मोहम्मद इरफान कुरैशी, वीरेंद्र यादव, रमनलाल द्विवेदी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्कूल में ही बनेंगे बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।** विद्यालय में पढ़ने वाले जिन बच्चों के अभी तक जन्म प्रमाणपत्र नहीं बने हैं, अब उनकी पहचान स्कूल स्तर पर ही की जाएगी। डीएम डॉ. विपिन कुमार जैन ने इसके लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। अभियान के तहत जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के साथ पात्र बच्चों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) से भी जोड़ा जाएगा। प्रधानाध्यापक या प्रभारी प्रधानाध्यापक ऐसे बच्चों की सूची तैयार कर अभिभावकों से आवश्यक अभिलेख प्राप्त करेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रकरण ग्राम पंचायत सचिव और जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार के माध्यम से खंड विकास अधिकारी कार्यालय भेजे जाएंगे। इसके बाद जांच और संस्तुति के साथ संबंधित उपजिलाधिकारी को प्रकरण उपलब्ध कराया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र विद्यालयों से आवेदन लेकर नगर पालिका परिषद या नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी एवं जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार को उपलब्ध कराएंगे।

# ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा जांची

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने शुक्रवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और अन्य निर्धारित सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के सुरक्षा प्रोटोकॉल और दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता और निगरानी व्यवस्था की जानकारी लेते हुए सुरक्षा प्रबंधों को लगातार सक्रिय रखने को कहा। साथ ही वेयरहाउस के बाहर सीसीटीवी कैमरों की लाइव निगरानी के लिए डिस्प्ले स्क्रीन लगाने के निर्देश दिए, ताकि निगरानी व्यवस्था को और पारदर्शी बनाया जा सके।

जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# आशीर्वाद के दीयों से रोशन हुआ एमएलके कॉलेज

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



एमएलके पीजी कॉलेज परिसर में गुरुवार देर शाम उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर सेवा संकल्प अभियान के तहत 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीये जलाकर एक माह तक चलने वाले अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और एनसीसी कैडेटों ने महाविद्यालय परिसर को दीपों की रोशनी से जगमगा दिया।

कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता और एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. देवेंद्र कुमार चौहान के संयोजन में हुआ। प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के निरंतर सेवाकाल को ध्यान में रखते हुए 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्वलित किया गया।

प्राचार्य ने कहा कि दीया प्रकाश और उम्मीद का प्रतीक है। आशीर्वाद से जुड़ने पर यह बड़ों के प्रेम, अनुभव और त्याग का पावन प्रतीक बन जाता है। उन्होंने सेवा, संस्कार और सकारात्मक सोच को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य नियंता प्रो. वीणा सिंह, प्रो. रेखा विश्वकर्मा, प्रो. मोहिउद्दीन अंसारी, प्रो. तबस्सुम फरखी, प्रो. दिनेश कुमार मौर्य, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. मानसी पटेल, डॉ. प्रखर त्रिपाठी, डॉ. सद्गुरु प्रकाश, डॉ. आलोक शुक्ल, डॉ. आशीष लाल, डॉ. अनुज सिंह, डॉ. स्वदेश भट्ट, डॉ. कृतिका तिवारी, मोहम्मद अकमल, डॉ. एसके त्रिपाठी, डॉ. सुनील कुमार शुक्ल, डॉ. राम रहीस, डॉ. केके सिंह, डॉ. राजन प्रताप, डॉ. रमेश शुक्ल, डॉ. अभिषेक कुशवाहा, डॉ. लवकुश पाण्डेय, नीरज सिंह, डॉ. राजकुमार चौहान, सुशील मिश्र सहित शिक्षक, कर्मचारी और एनसीसी कैडेट मौजूद रहे।

# तीन तहसीलों में आपदा से बचाव की मॉक ड्रिल आयोजित

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



शासन के निर्देश पर शुक्रवार को राहत आयुक्त कार्यालय और उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशन में जिले की तीनों तहसीलों में राज्य स्तरीय मॉक अभ्यास कराया गया। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन के निर्देशन में बलरामपुर चीनी मिल में औद्योगिक रसायन, तुलसीपुर तहसील परिसर में अग्नि सुरक्षा तथा उतरौला के मो. यूसुफ उस्मानी इंटर कॉलेज में भूकंप और अग्नि सुरक्षा को लेकर अभ्यास हुआ।

बलरामपुर चीनी मिल के केमिकल डिवीजन में भूकंप के बाद एथनॉल संयंत्र में रसायन रिसाव और आग लगने की स्थिति का अभ्यास किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस, अग्निशमन, एसडीआरएफ, एसएसबी, स्वास्थ्य विभाग और मिल की सुरक्षा टीम ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। अभ्यास के दौरान फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। तुलसीपुर में तहसील भवन में आग लगने की स्थिति में अग्निशमन टीम ने बचाव कार्य का अभ्यास किया। वहीं उतरौला के विद्यालय में भूकंप के दौरान बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने तथा आपदा के समय क्या करें और क्या न करें, इसकी जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि भूकंप की संवेदनशीलता के कारण बलरामपुर जोन-4 में आता है। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा के समय विभागों की तैयारियों, संसाधनों और प्रतिक्रिया समय को परखने के साथ आम लोगों को जागरूक करना है। अभ्यास में पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, विद्युत, लोक निर्माण विभाग, नगर निकाय, एनसीसी, एसएसबी और आपदा मित्र समेत विभिन्न विभागों ने सहभागिता की।

# भूजल स्त्रोतों की जांच में यूपी देश में अव्वल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

योगी सरकार प्रदेशवासियों के लिए जल संरक्षण, भूजल स्तर में सुधार और हर घर तक स्वच्छ व सुरक्षित जल पहुंचाने में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में भूजल स्त्रोतों की गुणवत्ता और स्थिति की निगरानी को लेकर किए जा रहे परीक्षण कार्य में प्रदेश ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। जांच के अंतर्गत राज्य व जिले स्तर की प्रयोगशालाओं से प्रदेशभर में भूजल स्त्रोत, भूमिगत व ओवरहेड टंकी समेत पानी के अन्य स्त्रोतों की पड़ताल की गई है।



### पंजाब और आंध्र प्रदेश को पीछे छोड़ शीर्ष पर यूपी

भूजल स्रोतों के परीक्षण की राज्यवार रैंकिंग में उत्तर प्रदेश के बाद पंजाब दूसरे और आंध्र प्रदेश तीसरे स्थान पर है। पंजाब ने निर्धारित लक्ष्य का 83.46 प्रतिशत और आंध्र प्रदेश ने भी 83.46 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है। वहीं उत्तराखंड 82.30 प्रतिशत उपलब्धि के साथ चौथे और केरल 81.13 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर है।

### राष्ट्रीय औसत से करीब 44 प्रतिशत अधिक उपलब्धि

यूपी जल निगम ग्रामीण अधीक्षण अभियंता एवं राज्य प्रयोगशाला प्रमुख ज्ञानेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि भूजल स्रोतों के परीक्षण में उत्तर प्रदेश की 94.39 प्रतिशत उपलब्धि राष्ट्रीय औसत 50.46 प्रतिशत से काफी अधिक है। यानि यूपी ने राष्ट्रीय औसत की तुलना में करीब 44 प्रतिशत अधिक उपलब्धि दर्ज की है।

### 48 हजार से अधिक स्रोतों का निर्धारित लक्ष्य

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए उत्तर प्रदेश में कुल 48,055 भूजल स्रोतों के परीक्षण का लक्ष्य रखा गया था। इसके सापेक्ष 45,361 स्रोतों का परीक्षण पूरा हो चुका है। अब निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए 2,694 स्रोतों का परीक्षण शेष है। इस तरह प्रदेश ने पहली छमाही में ही निर्धारित लक्ष्य का बड़ा हिस्सा पूरा कर लिया है।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में 48,055 भूजल स्त्रोतों के परीक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके मुकाबले 45,361 स्त्रोतों की जांच पूरी कर ली गई है। यह कुल लक्ष्य का 94.39 प्रतिशत है। 15 सितंबर 2026 तक के आंकड़ों के आधार पर उत्तर प्रदेश, देश के राज्यों की सूची में पहले स्थान पर है।

यूपी जल निगम ग्रामीण प्रबंध निदेशक योगेश कुमार ने जारी बयान में बताया कि भूजल स्त्रोतों का नियमित परीक्षण पेयजल की गुणवत्ता और जल स्त्रोतों की स्थिति की निगरानी के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है।

केंद्र सरकार के स्तर पर भी जल स्त्रोतों की गुणवत्ता, सोर्स सस्टेनेबिलिटी और गहन निगरानी पर जोर दिया जा रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश ने सबसे बेहतर परिणाम हासिल किए हैं और भविष्य में भी प्रदेश में सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रहेगा।

# योगी से भूपेंद्र यादव ने की शिष्टाचार भेंट

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शुक्रवार को उनके सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग, लखनऊ पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शिष्टाचार भेंट की।

मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के बीच हुई मुलाकात के दौरान पर्यावरण संरक्षण, वन क्षेत्र के विकास और जलवायु परिवर्तन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। दोनों के बीच उत्तर प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण एवं वन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। मुलाकात के दौरान प्रदेश में हरित क्षेत्र के विस्तार, वन एवं वन्यजीव संरक्षण तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने से जुड़े विषयों पर भी चर्चा होने की जानकारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

## खबरें एक नजर में

### पति की हत्यारोपी तीन अन्य के साथ गिरफ्तार

**लखनऊ।** प्रेम संबंध में रोड़ा बन रहे पति रामकिशोर वाल्मीकि की कथित तौर पर हत्या कर शव लकड़ी के बक्से में छिपाने और बाद में ई–रिक्शे से नहर के नीचे फेंकने के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। मोहनलालगंज पुलिस ने शुक्रवार को सूफिया बानो समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक नाबालिग को भी पुलिस ने संरक्षण में लिया है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल चाकू और वारदात में प्रयुक्त ई–रिक्शा बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, 17 सितंबर को कविता देवी की तहरीर पर हत्या और शव छिपाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए चार पुलिस टीमें गठित की गईं। टीमों ने ई–रिक्शे के संभावित रास्तों पर लगे करीब 170 से 180 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी और मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची। पुलिस पूछताछ में सूफिया ने बताया कि रामकिशोर से उसका करीब चार वर्ष से संबंध था और करीब दो वर्ष पहले दोनों ने निकाह किया था। पुलिस के मुताबिक, बाद में रामकिशोर को सूफिया के मुन्ना उर्फ मुच्छड़ से संबंधों की जानकारी हुई, जिसके बाद दोनों के बीच विवाद होने लगा। रामकिशोर अपनी पहली पत्नी कविता के पास जाने और उसे खर्च देने लगा था, जिसका सूफिया विरोध करती थी। पुलिस के अनुसार, 14/15 सितंबर की रात सूफिया ने मुन्ना और उसके साथी मो. इकबाल उर्फ वसीर अहमद को घर बुलाया। दरवाजा खुला छोड़ने के बाद दोनों अंदर पहुंचे और सो रहे रामकिशोर पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

### बंदरों ने दो नाबालिकों को किया घायल

**मलिहाबाद, लखनऊ।** क्षेत्र के तरौना गांव में बंदरों ने जमकर उत्पात मचा रखा है। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। तीन दिन के अंदर बंदरों ने दो नाबालिग लड़कियों पर हमला कर उन्हें छत से नीचे फेंक दिया। ज्ञात हो कि विकासखंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत तरौना गांव में बंदरों के आतंक से ग्रामीण शहमें हुए हैं अभी 16 सितंबर को नैना पर बंदर ने हमला कर दिया था उसे काटा और छत से नीचे फेंक दिया था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। वह अभी अस्पताल से घर वापस भी नहीं आई है कि शुक्रवार सुबह एक और घटना हो गई। गांव की ही छवि यादव (14 वर्ष) पुत्री हरनाम यादव सुबह छत पर किसी काम से गई थी। छत पर पहले से ही बैठे एक बंदर ने अचानक उस पर हमला कर दिया। हमले से छवि घबरा गई और बंदर ने उसे धक्का देकर छत से नीचे फेंक दिया।नीचे गिरने से छवि गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन आनन–फानन में उसे रहीमाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा है।ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द टीम भेजकर उत्पाती बंदरों को पकड़ा जाए।

### एसडीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मलिहाबाद (लखनऊ)।** बेहता नाला का जलस्तर घटने के बाद संक्रामक रोगों के खतरे को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है। उप जिलाधिकारी अपराजिता आर्यन के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद की ओर से ग्राम पंचायत रूसेना के मजरा झाऊबेरिया में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि विकासखंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत रूसेना का मजरा झाऊबेरिया बीते दिनों बेहटा नाला में आई बाढ़ की चपेट में आ गया था। पूरा गांव जलमग्न हो गया था। अब पानी घटने के बाद गंदगी और जलभराव के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका को देखते हुए उप जिलाधिकारी अपराजिता आर्यन ने सीएचसी अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार को शिविर लगाने के निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय झाऊबेरिया में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर डॉ. शब्बीर अहमद की देख–रेख में संपन्न हुआ, जिसमें 72 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 40 महिलाएं 17 बच्चे तथा पुरुषों ने शिविर में जाकर दवाइयां ली जिसमें बुखार, सर्दी–जुकाम, खांसी, त्वचा रोग, पेट दर्द, उल्टी–दस्त और बरसाती बीमारियों से पीड़ति मरीजों को नि :शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। साथ ही ग्रामीणों को साफ–सफाई रखने, उबला हुआ पानी पीने और जल जनित रोगों से बचाव के प्रति जागरूक भी किया गया।इस मौके पर ग्राम प्रधान सरस्वती, एएनएम जालामऊ रिशो बाला, आशा संगिनी किरण, आशा कार्यकत्री झाऊबेरिया, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपकेन्द्र जौरिया, लैब टेक्नीशियन सत्येन्द्र कुमार, बीसीपीएम राहुल वर्मा और वार्ड ब्वॉय अर्जुन सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी को किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ और निगोहा पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र से 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। निगोहा थाना पुलिस उसके खिलाफ अग्रिम कार्रवाई कर रही है। निगोहा थानाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार ने बताया कि मूलरूप से वाराणसी निवासी राहुल श्रीवास्तव को मुम्बई जनपद थाणे मीरा रोड आंगन एवलोन कनखिया से गिरफ्तार किया है। ट्रांजिड रिमांड पर लाकर उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि गिरफ्तार वह पहले राज हाईटेक नाम की एक कम्पनी में ब्रोकर था। उसके बाद बनारस में स्पीक शिया कम्पनी में एजेण्ट का काम किया। फिर वह लखनऊ आ गया और स्टैलियन विजन इन्फ्रावेटर प्रा. लि. एवं एक्मे इन्फ्रावेंचर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी खोल ली। वह लोगों को प्लॉट उपलब्ध कराने का भरोसा देकर उनसे अलग–अलग माध्यमों से धनराशि प्राप्त करता था। कई मामलों में प्लॉट की रजिस्ट्री कराने के बावजूद वास्तविक कब्जा नहीं दिया गया तथा प्राप्त धनराशि वापस भी नहीं की गई। इस पर उसके खिलाफ निगोहा थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया। इसकी जानकारी जब उसे हुई तो वह लगातार ठिकाने बदलकर रहने लगा। इस दौरान वह सिम कार्ड और मोबाइल भी बदलता रहा, ताकि पुलिस उस तक न पहुंच सके। थाना प्रभारी ने बताया कि उसके खिलाफ लखनऊ के अलग–अलग थानों में तकरीबन 32 मुकदमें दर्ज है। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# यूपीआई चार्ज पर आमजनता की कटेगी जेब : मायावती

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने 15 अक्टूबर से लागू होने वाले नए यूपीआई शुल्क ढांचे पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के बाद शुल्क ढांचा लागू करने से अंततः आम जनता पर खर्च का बोझ बढ़ सकता है।

मायावती ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा कि यूपीआई डिजिटल लेनदेन को पहले खूब बढ़ावा देने के बाद अब उस पर शुल्क वसूलने की नई व्यवस्था से लोगों में बेचैनी और आक्रोश स्वाभाविक है। उन्होंने इसे जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाली व्यवस्था बताते हुए कहा कि इसे चाहे जो नाम दिया जाए, अंततः इसका असर आमजन की जेब पर पड़ सकता है।

मायावती ने कहा कि देश की बहुसंख्यक आबादी गरीबी और महंगाई की मार झेल रही है। ऐसे में सरकार की नीति और कार्ययोजना लाभ कमाने वाली व्यावसायिक व्यवस्था की बजाय कल्याणकारी अधिक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता की आर्थिक तंगी और दुख-तकलीफ की चिंता सरकार को करनी चाहिए। मायावती ने उत्तर प्रदेश सरकार की करीब 300 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 14,500 स्कूलों को स्मार्ट स्कूल बनाने की घोषणा का भी जिक्र किया। उन्होंने इसे अच्छी पहल बताते हुए कहा कि बच्चों को स्मार्ट पढ़ाई उपलब्ध कराने से पहले स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए।

बसपा प्रमुख ने कहा कि स्कूली बच्चों के लिए भवन, बेंच-कुर्सी, किताबें, शौचालय, खेल मैदान और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त करना जरूरी है। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रति स्कूल करीब दो लाख रुपये की लागत में इन सभी बुनियादी जरूरतों को पूरा करना कितना संभव होगा, इस पर सरकार को सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि नई यूपीआई व्यवस्था के तहत 15 अक्टूबर से चुनिंदा मर्चेंट लेनदेन में 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू होगा। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि व्यक्ति-से-व्यक्ति (पी2पी) लेनदेन पर कोई शुल्क नहीं लगेगा और 2,000 रुपये तक के मर्चेंट लेनदेन भी शुल्क से बाहर रहेंगे। सरकार के अनुसार लगभग 96 प्रतिशत मर्चेंट यूपीआई लेनदेन इस बदलाव से प्रभावित नहीं होंगे।



### एन.सी.सी. का रैंक अलंकरण समारोह आयोजित

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग के तत्वावधान में महाविद्यालय प्रांगण में रैंक अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिस में सत्र 2026-27 के लिए एनसीसी कैडेट्स को उनकी योग्यता, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता के आधार पर बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल (डॉ.) दिनेश कुमार पाठक की स्वीकृति के बाद विभिन्न रैंक प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन से सूबेदार मेजर किशोर लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने की, जबकि कार्यक्रम का संयोजन व संचालन एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.)मनमीत कौर सौढ़ी द्वारा किया गया।

# मनौतियों के राजा के दरबार में उमड़ा भक्तों का सैलाब

- 108 नामों से हुआ दुर्वाभिषेक
- बप्पा को आज लगेगा छप्पन भोग

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।





झूलेलाल घाट पर चल रहे मनौतियों के राजा गणेश उत्सव में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। गुरुवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बप्पा के दर्शन किए और भजन संध्या व नृत्य-नाटिका का आनंद लिया।

सुबह दुर्वाभिषेक का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें आचार्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ भगवान गणेश के 108 नामों के साथ दुर्वा अर्पित की। इस मौके पर संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, पार्षद रंजीत सिंह, जय करन सिंह, अखिलेश बंसल, संजय सिंह गांधी, गोपाल अग्रवाल, सुधांशु बाथम तथा महिलाओं में संध्या बंसल, उषा अग्रवाल, रुक्मणी अग्रवाल, अंशु बंसल, विमी बंसल, नेहा बंसल, नीरजा सिंह, अंजू गुप्ता, अनुराधा गोयल, कविता अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

शाम को कोलकाता से आए भजन गायकों ने भजनों और नृत्य-नाटिका से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भजन संध्या की शुरुआत कोलकाता के संजय शर्मा के निर्देशन में झारखंड के गिरिडीह से आए आकाश परिचय दाधीच के भजनों से हुई। भजन संध्या के बाद संजय शर्मा के निर्देशन में तीन मनमोहक नृत्य-नाटिकाओं का मंचन किया गया। इसमें कर्मा बाई की प्रस्तुति विशेष रूप से सराहनीय रही, जिसमें एक भक्त द्वारा अपने हाथों से भगवान के लिए भोग तैयार करने और उसकी अटूट भक्ति को भावपूर्ण ढंग से दिखाया गया। इसके अलावा मां दुर्गा के नौ रूपों और नारी शक्ति व भक्ति पर आधारित प्रस्तुतियों ने भी भक्तों का मन मोह लिया।

समिति के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि शनिवार को रात 8 बजे 56 भोग का आयोजन होगा।

# अब मलिहाबादी दशहरी ओडीओपी में होगा शामिल

- निर्यात क्लस्टर बनाकर आम का निर्यात बढ़ाने के दिये निर्देश
- मण्डल लखनऊ से कृषि निर्यात बढ़ाने को हुआ मंथन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



कृषि निर्यात नीति के अन्तर्गत गठित मण्डल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त ने लखनऊ में आम के निर्यात क्लस्टर का गठन कर आम निर्यात बढ़ाने के लिए कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार तथा उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से आम उत्पादन में निर्यात गुणवत्ता के आम का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपनाये जाने वाले उपायों की एसओपी बनाकर आम उत्पादकों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता बतायी साथ ही सफल निर्यात की सक्सेस स्टोरी बनाकर हितधारकों को प्रोत्साहित किया जाना अपेक्षित किया गया।

आयातक देशों के मानकों के अनुसार पेस्टीसाइड रेजीड्यू अनुपालन के लिए कृषि उत्पादकों को आईपीएम का प्रशिक्षण दिलाये जाने, उन्नाव में पैक हाउस बनवानें की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। उपस्थित निर्यातकों ने लखनऊ एयरपोर्ट पर फ्लाइट में पर्याप्त स्पेस न मिलने की समस्या से अवगत कराया, जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा एयरलाइन्स के साथ वार्ता कर समाधान करने का आश्वासन दिया गया।

मण्डलायुक्त द्वारा मलिहाबादी दशहरी आम को ओडीओपी में सम्मिलित करने के लिए एमएसएमई विभाग से समन्वय कर कार्यवाही के निर्देश दिये।

# एयरपोर्ट पर 40 लाख के आईफोन-मैकबुक जब्त

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



- अहमदाबाद से बिना ई वे बिल के लाया जा रहा था माल
- लगाया गया 14 लाख रुपए का जुर्माना

राज्य कर विभाग की टीम ने लखनऊ एयरपोर्ट बगैर प्रपत्रों के 40 लाख रुपये के आईफोन व मैकबुक शुक्रवार को जब्त किए। इन्हें अहमदाबाद एयरपोर्ट से बिना बिल व ई-वे बिल के लाया जा रहा था। 14.32 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शुक्रवार को राज्य कर विभाग की टीम पहुंची थी। विभाग के एडिश्नल कमिश्नर मनोज कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि पूरे देश में एप्पल आईफोन के नए मॉडल आईफोन-18, पुराने मॉडल आईफोन-17 तथा मैकबुक प्रदेश में बिना प्रपत्रों के खरीदकर रेलवे, एयरपोर्ट तथा बसों से टैक्स चोरी कर लाकर बिक्री की जा रही है। अहमदाबाद से 40 लाख रुपये के फोन व मैकबुक लाए जा रहे थे। जिन्हें पकड़ा गया। अहमदाबाद के व्यापारी की ओर से माल का स्वामित्व स्वीकार करने पर देय कर की दोगुनी राशि 14.32 लाख जुर्माना जमा कराया गया।

आगे बताया कि सहायक आयुक्त आशीष कुमार एवं राज्य कर अधिकारी संतोष कुमार ने जुर्माना जमा कराया। इससे पूर्व बसों से बिना बिल के लाए गए माल मोबाइल तथा पार्ट्स पर लगभग 5.66 लाख अर्थदण्ड जमा कराया जा चुका है। ऐसे ही बिना बिल के मुम्बई से लाए गए माल सचल दल प्रथम एवं द्वितीय इकाई लखनऊ में पकड़ा गया है, जिस पर अर्थदण्ड की कार्रवाई की जा रही है।

### लखनऊ नगर निगम ओटीएस में प्रदेश में अव्वल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के तहत गृहकर वसूली में लखनऊ नगर निगम प्रदेश के 17 नगर निगमों में पहले स्थान पर है। 17 सितंबर तक यहां 6.50 करोड़ रुपये गृहकर जमा हुआ है। प्रयागराज दूसरे और कानपुर तीसरे स्थान पर हैं। ओटीएस योजना 15 अगस्त से शुरू हुई है और 15 दिसंबर तक चलेगी। योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवंबर है, जबकि गृहकर 15 दिसंबर तक जमा किया जा सकेगा। भवनस्वामियों को पूरा ब्याज माफ किया जा रहा है। आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किए जा सकते हैं।

**सफलता** | विवेकानन्द पॉलीक्लिनिक और आयुर्विज्ञान संस्थान ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

# छह वर्षीय बालक की हुई जटिल हृदय शल्य चिकित्सा

- वर्तमान में बालक की स्थिति स्थिर
- चिकित्सकों की निगरानी में हो रहा स्वस्थ

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



छह वर्षीय बालक अर्श अली को पूर्व में निदानित क्रॉनिक कंस्ट्रिक्टिव पेरिकार्डाइटिस की बीमारी के कारण विवेकानन्द पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में भर्ती कराया गया। वह इस बीमारी के लिए दवाओं का सेवन कर रहा था। बालक को पेट में पानी भरना, सांस लेने में कठिनाई, कमजोरी एवं अत्यधिक थकान तथा दैनिक सामान्य गतिविधियों को करने में परेशानी हो रही थी।

सीटी स्कैन की जांच में गंभीर क्रॉनिक कंस्ट्रिक्टिव पेरिकार्डाइटिस तथा हृदय के चारों ओर स्थित पेरिकार्डियम की अत्यधिक मोटाई पाई गई। चिकित्सकीय स्थिति को देखते हुए उसके लिए पेरिकार्डिएक्टॉमी करने का निर्णय लिया गया।

बालक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से था तथा उसके पास आयुष्मान कार्ड था। शासन से आयुष्मान कार्ड की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद उसे संस्थान के कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी वार्ड में भर्ती किया गया।

शल्य चिकित्सा से पूर्व बालक को चार दिनों तक चिकित्सकीय निगरानी में रखकर शरीर में जमा अतिरिक्त द्रव को कम करने के लिए उपचार दिया गया। इसके पश्चात 16 सितम्बर को उसकी शल्य चिकित्सा की गई। लगभग तीन घंटे तक चली इस जटिल शल्य चिकित्सा में सबटोटल पेरिकार्डिएक्टॉमी सफलतापूर्वक की गई। यह शल्य चिकित्सा डॉ. अरविन्द कुमार वर्मा, कार्डियक सर्जन, द्वारा डॉ. राजीव कुमार गुप्ता, कार्डियक एनेस्थेटिस्ट के सहयोग से सम्पन्न की गई। शल्य चिकित्सा के बाद निर्धारित वीनिंग प्रोटोकॉल के अनुसार बालक को तुरंत वेंटिलेटर से हटा दिया गया तथा उसकी स्थिति स्थिर रही।

वर्तमान में बालक की स्थिति स्थिर है और वह चिकित्सकों की निगरानी में स्वस्थ हो रहा है।

इस जटिल हृदय रोग का सफलतापूर्वक उपचार संस्थान में उपलब्ध विशेषज्ञ हृदय शल्य चिकित्सा सेवाओं को दर्शाता है। साथ ही, आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को भी आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

# डॉ. जीवन शुक्ल को निशंक साहित्य सम्मान

- शीला शर्मा को 'विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मान'

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।





डॉ. लक्ष्मी शंकर मिश्र 'निशंक' साहित्य सम्मान-2026 से सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. जीवन शुक्ल, कन्नौज को तथा 'विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मान-2026' से शीला शर्मा, लखनऊ को सम्मानित किये जाने का निर्णय डॉ. लक्ष्मी शंकर मिश्र 'निशंक' अध्ययन संस्थान, लखनऊ द्वारा लिया गया है।

यह सम्मान आगामी 21 अक्टूबर (बुधवार) को उदय प्रताप सिंह एवं प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ के निराला सभागार में अपराह्न 3.30 बजे 'निशंक' की 108 वीं जयन्ती के अवसर पर आयोजित समारोह में दिया जायेगा।सम्मान स्वरूप सम्मानित साहित्यकारों को ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये की धनराशि, अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न व प्रशस्ति पत्र भेंट किया जायेगा।

डॉ. लक्ष्मी शंकर मिश्र 'निशंक' साहित्य सम्मान से सम्मानित डॉ. जीवन शुक्ल का जन्म 3 अप्रैल, 1932 को फतेहपुर (उ0प्र0) हुआ था।पी.एस.एम. डिग्री कालेज, कन्नौज में कई दशकों तक अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष रहे और दूसरी ओर हिन्दी साहित्य की श्रीवृद्धि में भी असाधारण योगदान दिया। 1961 में निराला जी को समर्पित उनका पहला काव्य संकलन 'वंशी तुम धर दो' प्रकाशित हुआ। डॉ. शुक्ल की प्रमुख प्रकाशित पुस्तकों में-वंशी तुम धर दो (1961), अजगव (1971), झाऊ की ओट में गुलाब (1996), तराशी आत्मा (2005), तुम न होगे तो (2011), दर्द साक्षर हो गया (2015), सूरज के बाद भी (2016), तोड़ता है कमरे का शीशा (2016), हुस्ने बयाँ (2018), कलम अभी ज़िन्दा है (2022), सिंह द्वार (1968) आदि।

# मामूली विवाद के बाद युवक की हत्या

- मृतक की पत्नी ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट



**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।**

मामूली विवाद के चलते मारपीट में अधेड़ की गला दबाकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी। सीएचसी पहुँची एसपी ग्रामीण ने मृतक की पत्नी से मिलकर मामले की जानकारी ली, उसके बाद पुलिस ने गांव के ही चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव सदापुर निवासी सुषमा देवी ने गांव के लिए सोबरन, चन्ने, अहिबरन पुत्रगण भन्नु व सोवरन के पुत्र संजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे बताया है कि शुक्रवार की दोपहर को मेरे देवर ओमप्रकाश पुत्र केदार नहा रहे थे तभी चन्ने ने मेरे देवर को बुलाया उनके साथ सोवरन भी था। तभी उसने कहा कि यूकेलिप्टस पेड़ की बिक्री के पैसे चन्नू को मिल गए है। तब देवर ने कहा कि यह बात मुझसे नही हुई है। तभी इन लोगों ने मेरे देवर को पकड़कर मारपीट करने लगे इसी बीच पति रामकृपाल बीच बचाव करने के लिए गए तो उन लोगों ने देवर को छोड़कर मेरे पति रामकृपाल को पकड़ लिया और जमकर मारपीट करने लगे। इसी बीच सोवरन ने रामकृपाल की गर्दन पकड़ ली जिसके बाद इन लोगों ने लाठी डंडे बरसाए। जिसके चलते रामकृपाल बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसी बीच कोतवाली के दो सिपाही आरजीआरएस के निस्तारण के लिए गांव में आये थे। जब विवाद देखा तो उन्होंने आरोपियों को पकड़ लिया ओर बेहोशी की हालत में पड़े रामकृपाल को सीएचसी भिजवाया। सीएचसी में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। मौत की खबर सुनकर मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस व सीओ ने दो आरोपियों को दबोच लिया ओर मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पर सीएचसी पहुँची एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने जांच पड़ताल की। उसके बाद पहुँची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। मृत्तक के दो पुत्र है बड़े पुत्र का नाम रामकिशोर, छोटे बेटे का नाम रामऔतार है। ग्रामीण लोगों का कहना है कि यह दोनों शराब के आदी थे। जिस कारण यह विवाद हुआ है। एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने बताया दो पक्षों में पैसे को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद मारपीट के युवक बेहोश हो गया अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

# खुले आसमान के नीचे जिंदगी काट रहे चंदन का 'उड़ान' ने थामा हाथ

- नीलम ने पिता-पुत्र का दर्द जाना, जरूरतमंद की मदद करना ही सबसे बड़ा धर्म



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

ओसीएफ रामलीला मैदान के सामने लक्ष्मी नारायण मंदिर के बाहर खुले आसमान के नीचे जिंदगी गुजार रहे नौ वर्षीय नेत्रहीन चंदन सिंह और उसके बुजुर्ग पिता रक्षपाल की मदद के लिए सामाजिक संस्था उड़ान एक उम्मीद वेलफेयर फाउंडेशन आगे आई है। संस्था अध्यक्ष नीलम गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और पिता-पुत्र का दर्द जाना। उन्होंने दैनिक उपयोग की वस्तुएं फल-फ्रूट और खाने-पीने का सामान उपलब्ध कराया। चंदन की दवाइयों के लिए नकद आर्थिक मदद भी दी।नीलम गुप्ता ने कहा कि जरूरतमंद की मदद करना सबसे बड़ा मानव धर्म है। ईश्वर ही लोगों को ऐसे कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने पिता रक्षपाल से कहा कि वह आपके साथ हमारी संस्था है। जरूरत के समय संस्था हरसंभव मदद के लिए खड़ी रहेगी। उन्होंने चंदन और उसके पिता के रहने की व्यवस्था में भी सहयोग का भरोसा दिया।इस दौरान संस्था की सचिव रेखा मोदी और महामंत्री शैली गुप्ता भी मौजूद रहीं। 'उड़ान एक उम्मीद' लंबे समय से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सामाजिक कार्य कर रही है। संस्था की ओर से महिलाओं और छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ सर्वाइकल कैंसर को लेकर भी लगातार अभियान चलाए जाते हैं। जरूरतमंदों की मदद में संस्था की सक्रिय भूमिका के चलते वह समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रही है।

## खबरें एक नजर में

### गणेश उत्सव की धूम, घर-घर गजानन की जा रही पूजा अर्चना

**शाहजहांपुर।** गणेश उत्सव की धूम शहर से लेकर गांव तक बनी हुई है, जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा, माता जाकी पार्वती पिता महादेवाश् शंख, घंटा, घड़ियाल व ढोल-मंजीरों की थाप पर सनातन हिदू परिवारों में सुबह व शाम को आरती का आयोजन मंदिरों व घरों में हो रहा है। महिला, पुरुष व बच्चे भगवान गजानन की भक्ति में डूबे हुए हैं। भगवान को सबसे प्रिय मोदक का प्रसाद चढ़ाकर है प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। महानगर के लोदीपुर मोहल्ले के सिटी पार्क में भी इस समय गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। हर साल की भांति इस वर्ष भी कालोनी में बप्पा की मूर्ति की स्थापना कर सुबह शाम गजानन महाराज की आरती कर भजन कीर्तन किए जा रहे हैं। अमृता पाण्डेय ने बताया कि वह पिछले आठ साल से घर पर ही भगवान गणेशजी की मूर्ति बनाकर उनकी पूजा अर्चना करती है। जिसमें आसपास के लोगों का भी विशेष सहयोग रहता है। शुक्रवार को भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना में कविता, शिवानी, दीपांजलि, शिवा, अंजू गुप्ता, रूपा, शालिनी, रेनू, सीमा, अंजू सिंह, इला, कमलेश, मीनू, पूजा, अर्चना आदि श्रध्दालु शामिल हुए।

### डीएम की अध्यक्षता में जलालाबाद में होगा संपूर्ण समाधान दिवस

**शाहजहांपुर।** आज शनिवार को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे से तहसील जलालाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे व आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

### देवरानी-जेठानी विवाद पहुंचा थाने, लगे एक दूजे पर आरोप

**खुटार,शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के नरौठा देविस्थान गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर देवरानी और जेठानी पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों ओर से थाने में तहरीर देकर एक-दूसरे पर मारपीट सहित गंभीर आरोप लगाए गए हैं। रिंकी देवी पत्नी विवेक ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह वह घर में काम कर रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान जेठ अनिल ने उनके साथ अभद्रता की। विरोध करने पर अनिल और उनकी पत्नी रूपा देवी ने मारपीट की। रिंकी ने बताया कि दोनों पक्षों में पहले से बोलचाल बंद है। वहीं रूपा देवी ने आरोप लगाया कि गैस बुक और पासबुक को लेकर कहासुनी के दौरान रिंकी देवी व विवेक उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने दंपती के साथ मारपीट की तथा धमकी दी। पुलिस दोनों तहरीरों की जांच कर रही है।

### श्रद्धा के साथ मनाया गया भगवान विश्वकर्मा पूजा उत्सव

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** मुड़िया मोड़ पर भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा एवं उत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों, विश्वकर्मा समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने सहभागिता की। इस दौरान भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र और समाज की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री ब्रज क्षेत्र भाजपा डॉ. महेश योगी, पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं गन्ना समिति अध्यक्ष पुवायां महेंद्र पाल, अवनीश शर्मा, रणधीर सिंह, रामू शर्मा, जेवेंद्र गुप्ता, अनुज शर्मा, वर्तमान मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सक्सेना, विनोद शर्मा, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, अवनीश प्रताप सिंह, मनीष गुप्ता, मुकेश दीक्षित सहित अनेक लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों एवं लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से आयोजन सफल हुआ। शिवचंद्र शर्मा, दिनेश चंद्र शर्मा, राम रतन शर्मा, वीरेंद्र कुमार शर्मा, अंकित शर्मा, राम प्रकाश, प्रमोद कुमार शर्मा आदि ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। आयोजकों ने भगवान विश्वकर्मा जी से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, उन्नति और खुशहाली प्रदान करने तथा क्षेत्र में आपसी भाईचारा एवं सद्भाव बनाए रखने की प्रार्थना की।

### सदफ सिद्दीकी ने यूजीसी नेट परीक्षा में हासिल की सफलता



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** मूड़ा हारिस गांव निवासी सदफ सिद्दीकी, पुत्री मो. आरिफ ने यूजीसी नेट परीक्षा में असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए क्वालीफाई कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने सदफ सिद्दीकी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सदफ ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह सफलता हासिल की। यूजीसी नेट परीक्षा में असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए क्वालीफाई करना उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के साथ-साथ क्षेत्र के युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है। ग्रामीणों ने कहा कि सदफ की सफलता से गांव की अन्य बेटियों को भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की प्रेरणा मिलेगी। सदफ सिद्दीकी ने शुरुआती शिक्षा एम.ए. पब्लिक स्कूल में ग्रहण की। सदफ सिद्दीकी की इस शानदार उपलब्धि पर उन्हें शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं दीं।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**रोजा,शाहजहांपुर।** थाना रोजा पुलिस साइबर टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई। बाल यौन शोषण साम्रगी पोस्ट करने वाले युवक को गुरूवार की शाम गिरफ्तार कर लिया हैं। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि 17 सितंबर को साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी उनि अभिषेक कुमार द्वारा दी गई तहरीर के आधार थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर निवासी कामिल खान पुत्र इरफान खान द्वारा चाइल्ड पोर्नोग्राफी से सम्बन्धित पोस्ट अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करने के सम्बन्ध में दर्ज कराया गया था। इसी क्रम में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना रोजा पुलिस टीम द्वारा आरोपी कामिल खान पुत्र इरफान खान को उसके निवास स्थान से गुरूवार की शाम गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# चेकिंग के दौरान बाइक को ट्रक ने मारी टक्कर, यातायात सिपाही समेत दो गंभीर घायल

- टक्कर के बाद लकड़ी लदा ट्रक लेकर चालक फरार
- सीसीटीवी कैमरों से तलाश में जुटी पुलिस

**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा शाहजहांपुर।**



लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर चैधरी ढाबे के सामने बीती रात वाहन चेकिंग के दौरान एक तेज रफ्तार लकड़ी लदे ट्रक ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक और यातायात पुलिस का सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार क्रिटिकल कॉरिडोर टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक विमल सिंह पुलिस टीम के साथ बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान थाना पुलिस के साथ यातायात पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। चेकिंग के दौरान कटरा की ओर से आ रही बाइक को पीछे से तेज रफ्तार लकड़ी लदे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक अनियंत्रित होकर चेकिंग कर रहे यातायात सिपाही करण कुमार से जा टकराई। हादसे में सिपाही करण कुमार का सिर बैरियर से टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। वहीं बाइक सवार सौरभ सिंह को भी गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने तत्काल दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत को देखते हुए सौरभ सिंह को बरेली रेफर कर दिया गया, जबकि सिपाही करण कुमार का कटरा के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौका पाकर लकड़ी लदे ट्रक समेत फरार हो गया। पुलिस ने फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग और कटरा-जालालाबाद राज्यमार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि ट्रक और उसके चालक की पहचान की जा सके। बताया गया कि हादसे के समय बाइक सवार सौरभ सिंह ने हेलमेट पहन रखा था। दुर्घटना में उनके शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सौरभ सिंह कटरा से अपने गांव मधपुरी जा रहे थे। क्रिटिकल कॉरिडोर टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक विमल सिंह ने बताया कि हादसे में घायल दोनों लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। बाइक को टक्कर मारने वाले ट्रक और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

### चेकिंग में सुरक्षा का ध्यान नहीं रखते पुलिसकर्मी

इस समय आप किसी भी रोड़ पर निकलेंगे आपकों पुलिसकर्मी चेकिंग करते मिल जाएंगे। यदि आप हेलमेट नही लगाए है तो पुलिसकर्मी अचानक आप की बाइक की ओर दोड़ पड़ेंगे। ऐसा लगेगा कि पुलिस किसी अपराधी को पकड़ने जा रही हो। जबकि पुलिसकर्मी यह भी ध्यान नही रखते है कि पीछे से कोई वाहन आ रहा है या नही। ऐसे में यदि कोई वाहन पीछे आ जाए तो दुर्घटना होने की ज्यादा संभावना रहती है जिसमें पुलिसकर्मी भी हादसे का शिकार हो सकते है और वाहन चालक भी। इस बात को शायद ही कोई पुलिसकर्मी ध्यान रखता हो, उसका केबल यही उद्देश्य रहता है कि बिना हेलमेट कोई बाइक चालक न निकल जाए। जबकि वाहन चेकिंग का सही मतलब होता है कि लोगों को जागरूक करना, कि वह यातायात नियम का पालन करें, लेकिन हाल फिलहाल में ऐसा नही दिखता है, यहां पर केबल बिना हेलमेट का चालान काटना ही प्राथमिकता दी जाती है। जबकि सुरक्षा का भी ध्यान रखना चाहिए।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** गाँव बादशाहनगर निवासी व्यक्ति के विरुद्ध करीब डेढ़ माह पहले शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म करने की दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। बादशाहनगर निवासी शेखर पिछले एक साल से शादी करने का झांसा देकर रिश्तेदार की लड़की से दुष्कर्म करने लगा था। इस मामले की जानकारी होने पर लड़की के परिजनों ने शेखर के परिजनों से शादी करने का दवाब बनाने पर शादी करने से मना कर दिया। जिसकी रिपोर्ट युवती ने 5 अगस्त को थाने पर दर्ज कराई थी। सीओ शुभम वर्मा ने बताया कि युवती की दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को दारोगा चन्द्र पाल सिंह भदौरिया ने गिरफ्तार कर लिया है।

# सेबी ने छात्रों को वित्तीय सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।**




स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय पुवायां में शुक्रवार को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक शैफुद्दीन ने छात्र-छात्राओं को भविष्य की वित्तीय सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को स्टॉक मार्केट एवं म्यूचुअल फंड से संबंधित जानकारी देते हुए बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव और साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। साथ ही निवेश से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझाते हुए वित्तीय मामलों में सावधानी बरतने की आवश्यकता बताई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहित निगम ने छात्र-छात्राओं को डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपाय बताए। उन्होंने विद्यार्थियों से ऑनलाइन लेन-देन के दौरान सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी होने पर सावधानी बरतने की अपील की। कार्यक्रम में महाविद्यालय की विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। प्राचार्य ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अतिथि एवं प्रशिक्षक का आभार व्यक्त किया।

### जिला क्षय रोग अधिकारी ने किया रक्तदान

**शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को जनपद में संकल्प दिवस के रुप में मनाया गया। जगह जगह रक्तदान कैंप लगाकर रक्तादान किया गया। इसी क्रम में जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों, कार्मिकों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। शिविर में क्षय रोग अधिकारी डा.ओमेंद्र राठौर ने एक यूनिट रक्त दान कर अन्य लोगों को रक्तदान करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करते रहना चाहिए। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। इस अवसर पर अन्य डाक्टर व स्वास्थ्य कार्मिक मौजूद रहे।

# सर्पदंश से किशोर की मौत



**मदनापुर, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव रजपुरी ग में सांप के डसने से 9 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बच्चे के पिता हरियाणा से लौटे थे और घर में सांप दिखाई देने पर उन्होंने गुस्से में सांप को मारकर जला दिया। परिजनों के मुताबिक, बच्चा गुरुवार सुबह करीब चार बजे कमरे में तख्त पर सो रहा था। उसकी मां शिल्पी ने उसे तख्त के नीचे पड़ा देखा और उसके मुंह से झाग निकलता मिला। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए हैदलपुर ले गए, जहां उसे देशी दवा भी पिलाई गई, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद बच्चे के मामा महेश उसे निजी वाहन से शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। परिजन इसके बाद उसे बाबा के पास भी ले गए, लेकिन वहां भी उसे मृत बताया गया। इसी दौरान परिवार वालों को कमरे में एक सांप दिखाई दिया। परिजनों ने सांप को मारकर जला दिया। घटना की सूचना मिलने पर बच्चे के पिता छविनाथ ने थाना मदनापुर पुलिस को सूचना दी और शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार बच्चे की मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगी। इसी गांव में शुक्रवार सुबह 14 वर्षीय विमलेश को भी सांप ने पैर के अंगूठे में काट लिया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए ले जाकर दवा दिलाई, जिसके बाद उसकी हालत ठीक बताई जा रही है।

# तीन दिन से लापता युवक का शव शारदा नहर में मिला



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव पनवाड़ी निवासी एवं वर्तमान में पुवायां में रह रहे 40 वर्षीय पुष्पेंद्र का शव तीसरे दिन शारदा नहर में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया गया कि पुष्पेंद्र पिछले तीन दिनों से लापता था। परिजनों ने काफी तलाश करने के बाद थाना पुवायां में गुमशुदगी की तहरीर दी थी। शुक्रवार को पुष्पेंद्र का शव शारदा नहर में कोरोकुइया-बाईकुआ के पास मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया। शव की पहचान पुष्पेंद्र के रूप में होने के बाद पुलिस ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। शव मिलने की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। घटना को लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं युवक की मौत को लेकर परिजन सदमे में हैं और घटना के कारणों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# जुआ खेलते पांच जुआरियों को रोजा पुलिस ने पकड़ा

- ताश के पत्ते सहित दस हजार रूपए की नकदी बरामद

**समृद्धि न्यूज, रोजा,शाहजहांपुर।**



थाना रोजा पुलिस टीम ने हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलने वाले पांच जुआरियों को करीब दस हजार रूपए की नकदी के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि गुरूवार को थाना रोजा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर निवाजपुर के पास रेलवे खाली ग्राऊण्ड व पाकड पेड के नीचे हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे दारा सिंह पुत्र पच्चूलाल, निवासी रोशनगंज, थाना कोतवाली,फैजान पुत्र स्व0 अहमद नूर, निवासी अहमदपुर टिक्कल, थाना रोजा, नफासत उल्ला खां पुत्र शराफतउल्ला निवासी ख्वाजा फिरोज, थाना रामचन्द्र मिशन, मुफीस पुत्र शमी अहमदस, कमालुद्दीन पुत्र जमालुद्दीन, निवासी अहमदपुर टिक्कल थाना रोजा को 52 पत्ते ताश व माल फड 7950-रुपये एवं जामा तलाशी के 2700 रुपये (कुल 10650 रुपये) गुरूवार की शाम गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### मेले में पुलिस की मौजूदगी में कमेटी अध्यक्ष से मारपीट हंगामे के बाद मेला बंद

**बंडा,शाहजहांपुर।** बंडा के गांव रायटांडा में पांच दिवसीय जन्माष्टमी मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेला कमेटी के अध्यक्ष मुनीष कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बृहस्पतिवार शाम मेला शुरू होने के कुछ ही देर बाद गांव के दो लोगों ने अपने दो रिश्तेदारों के साथ वहां हंगामा करना शुरू कर दिया। कमेटी पदाधिकारियों ने उनसे मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और हंगामा न करने के लिए कहा। आरोप है कि शांति बनाए रखने की बात कहने पर उक्त लोगों ने मेला कमेटी के अध्यक्ष मुनीष कुमार के साथ मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने स्थिति संभालने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान आरोपितों ने पुलिसकर्मियों के साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया। काफी देर तक चले हंगामे के कारण मेले में मौजूद लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और लोग इधर-उधर जाने लगे। हंगामा बढ़ता देख मेला कमेटी को कार्यक्रम बंद करना पड़ा। मेले में मनोरंजन और खरीदारी के लिए पहुंचे ग्रामीणों को बिना कार्यक्रम देखे ही वापस लौटना पड़ा। घटना के बाद ग्रामीणों में भी रोष है। मेला अध्यक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने और मेले में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद तथ्य सामने आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# गरिमा सिंह बनी नायब तहसीलदार, संभाला कार्यभार

- शाहजहांपुर में मिली तैनाती, अभी डीएम आफिस में अटैचमेंट



**शाहजहांपुर।** यूपीपीसीएस 2024 बैच की अधिकारी गरिमा सिंह को शाहजहांपुर में तैनाती शासन द्वारा दी गई है। गरिमा सिंह ने जनपद में आकर विधिवत अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने बताया कि वे 2024 बैच से पासआउट, उनका गृह जनपद लखनऊ है। उन्होंने अंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली से एमए ग्लोबल की पढ़ाई पूरी की है। साथ ही वह लखनऊ यूनिवर्सिटी से वर्तमान में पॉलिटिकल साइंस में पीएचडी कर रही है। गरिमा ने बताया कि उनके पिता डिप्टी कमिश्नर रूरल डेवलपमेंट विभाग में जनपद मुरादाबाद में कार्यरत है। उनको जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, उसको वे लग्न व मेहनत से करेगें। अभी वह कलेक्ट्रेट में डीएम आफिस से अटैंच है। वही पर बैठकर जनता दरबार में जनसुनवाई कर रही है। गरिमा ने बताया कि उनकी यह पहली पोस्टिंग है, इसलिए जो भी कार्य, दायित्व मिलेगे। उससे वो सीखने की कोशिश करेगी और जनता के कार्यों को प्राथमिकता में रखेगी।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर सरकारी संस्थानों में जलाए गए आशीर्वाद रूपी दीप

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गुरुवार देर शाम नगर के विभिन्न सरकारी संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आशीर्वाद रूपी दीप जलाकर जन्मदिन मनाया गया। नगर पालिका परिषद के ईओ सुनील कुमार के नेतृत्व में पालिका कर्मचारियों ने गांधी पार्क, शहीद कुटी, डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क और तिरंगा चैक पर दीप प्रज्वलित किए। कार्यक्रम के दौरान नगर के सभासदगण भी मौजूद रहे। वहीं सीएचसी में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ओमेंद्र राठौर के नेतृत्व में चिकित्सा स्टाफ ने दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया। इस दौरान सीएचसी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इसके अलावा ब्लॉक प्रमुख कविता यादव ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कच्छियानी खेड़ा स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद का दीप जलाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निजी वाहनों की सालाना फिटनेस खत्म, 2654 वाहन स्वामियों को राहत

- एआरटीओ प्रशासन सर्वेश कुमार सिंह ने दी जानकारी



**शाहजहांपुर।** जिले में 7 या उससे अधिक सीट क्षमता वाले निजी वाहनों के स्वामियों को बड़ी राहत मिली है। परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के 15 सितंबर के आदेश के तहत चालक को छोड़कर 6 से अधिक सीट क्षमता वाले यानी न्यूनतम 7 1 सीट वाले निजी वाहनों की प्रत्येक वर्ष फिटनेस कराने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में ऐसे 2654 निजी वाहन पंजीकृत हैं, जिन्हें इस निर्णय का लाभ मिलेगा। अब इन वाहन स्वामियों को हर साल फिटनेस के लिए परिवहन कार्यालय की प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी। हालांकि यह छूट केवल निजी वाहनों पर लागू है। परिवहन-व्यावसायिक वाहनों तथा अलग से फिटनेस, परमिट या अन्य वैधानिक प्रावधान वाले वाहनों पर संबंधित नियम यथावत लागू रहेंगे।

# एक्शनः फर्जी दस्तावेज मामले में भदौरिया व मथुरा कंस्ट्रक्शन फर्म ब्लैकलिस्ट

▸ दोनों फर्मों को एक साल के लिए किया ब्लैकलिस्ट जमानत राशि जब्त

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



नगर निगम आफिस में निविदा हासिल करने को फर्जी प्रमाणपत्र, दस्तावेज मामले में दो फर्मों पर नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने बड़ी कर दी है। उनके निर्देश पर मुख्य अभियंता ने मथुरा कंस्ट्रक्शन और भदौरिया कंस्ट्रक्शन को ब्लैकलिस्ट करते हुए दोनों फर्मों की जमानत राशि भी जब्त कर ली है। भदौरिया कंस्ट्रक्शन के स्वामी सुनील सिंह के खिलाफ फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र लगाने के मामले में पहले ही सदर बाजार थाने में मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। तिलहर के निजगंज निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता की फर्म मथुरा कंस्ट्रक्शन ने नगर निगम की निविदा में कई अभिलेख लगाए थे। इनमें 16 जनवरी को जारी दर्शाया गया चरित्र प्रमाणपत्र भी शामिल था। शिकायत के बाद प्रमाणपत्र की जांच कराई गई तो वह जिलाधिकारी कार्यालय से जारी होना नहीं पाया गया। इसके बाद नगर निगम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। मुख्य अभियंता निर्माण आशीष त्रिवेदी ने फर्म के प्रोपराइटर प्रदीप कुमार गुप्ता को नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन जवाब संतोषजनक न मिलने पर नगर आयुक्त ने फर्म को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही जमानत राशि भी जब्त कर ली गई।

**तीन करोड़ के काम में लगाया था फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र:** भदौरिया कंस्ट्रक्शन के स्वामी सुनील सिंह ने नगर निगम में काम हासिल करने के लिए फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र लगाए थे। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर फर्म को करीब तीन करोड़ रुपये के काम मिलने का मामला सामने आया था। प्रकरण में सुनील सिंह के खिलाफ पहले ही मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। निगम ने संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया है और उसकी जमानत राशि भी जब्त कर ली है।

> दोनों फर्मों को एक वर्ष के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया। उनकी जमानत राशि को भी जब्त कर लिया गया है। इन फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, कोई भी संतोषजनक जवाब न मिलने पर मेरे द्वारा मुख्य अभियंता को कार्यवाही को कहा गया था। जिसके बाद उक्त कार्यवाही की गई है। आगे भी इस प्रकार की गड़बड़ी करने वाली फर्मों पर नजर रखी जाएगी।
> –सौम्या गुरुरानी, नगर आयुक्त

## जहरीले जीव के काटने से अधेड़ की मौत, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम विक्रमपुर में जहरीले जीव के काटने से करीब 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में मातम छा गया। पुलिस के अनुसार, ग्राम विक्रमपुर निवासी रामदुलारे पुत्र लोचनराम गुरुवार सुबह करीब 5.30 बजे भैंस के लिए चारा लेने गए थे। इसी दौरान उन्हें किसी जहरीले जीव ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें उपचार के लिए सीएचसी तिलहर ले गए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय शाहजहांपुर रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान शाम करीब 5.20 बजे चिकित्सकों ने रामदुलारे को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को घर लेकर पहुंचे और पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। सूचना मिलने पर थाना खुदागंज पुलिस ने उपनिरीक्षक विक्रान्त के नेतृत्व में पुलिस टीम को मौके पर भेजा। पुलिस द्वारा पंचायतनामा सहित आवश्यक कागजी कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक मौके पर कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

# मरक्का गांव में लाखों की नकदी समेत जेवरात चोरी की पांचवें दिन हुई रिपोर्ट दर्ज

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**

▸ एसआर बचाने के लिए चौकी प्रभारी पीड़ित को मैनेज करने में जुटे रहे
▸ दो सगे भाइयों को चार दिन पूर्व ही ले लिया था हिरासत में

पांच दिन पूर्व लाखों की नकदी समेत सोने चांदी के जेवरात की चोरी होने के मामले में बीती देर रात रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। चर्चा है कि एसआर को केस बचाने के मद्देनजर चौकी प्रभारी पीड़ित को मैनेज करके नगदी कम दर्शाने की बाबत मैनेज करने में जुटे रहे। जानकारी के मुताबिक कोतवाली की बिरसिंग पुर चौकी क्षेत्र के गांव मरक्का में रतीराम मौर्य के घर 13 सितंबर की रात चोरों ने उस समय घटना को अंजाम दिया। जब गृह स्वामी रतीराम के परिजन गांव चैड़ा में लगने वाले मेले में गए हुए थे। घर में पुत्र बधु व उसके ससुर ही थे। बताते हैं कि रात करीब 12 बजे चोर उनके घर से संदूक उठाकर बाहर ले जाने के दौरान हुई आहट से महिला की आंख खुल गई। उसने हिम्मत कर चोर को पकड़ने की कोशिश की लेकिन चोर ने उसके लात मार कर गिरा दिया और घर के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया। और संदूक लेकर फरार हो गए। महिला की चीख सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गए। इसके साथ ही पुलिस को सूचना दी गई। रात में चौकी पुलिस गांव पहुंची और चोरों को ढूंढने की कवायद शुरू की गई। लेकिन रात का घना अंधेरा होने से अभियान रोक दिया गया। सुबह ग्रामीणों ने गांव के किनारे गन्ने के खेतों में स्वयं ही तलाश शुरू कर दी। और मेहनत रंग लायी। गन्ने के बीच संदूक का कुंडा टूटा और कपड़े आदि बिखरे पड़े पाए गए। इसी क्रम में मरक्का गौटिया के दो संदिग्ध युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पूंछताछ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित ने पांच लाख 31 हजार रुपये नगद व पांच लाख से ज्यादा के सोने चांदी के जेवरात चोरी होने की पुलिस को तहरीर दी। सो केस को एसआर से बचाने के लिए चौकी प्रभारी की ओर से पीड़ित को कम रकम की चोरी दर्शाने के लिए मैनेज करने की चर्चा गर्म है। उधर चौकी प्रभारी अरुण कुमार गौतम ने बताया कि रतीराम मौर्य का परिवार ईंट भट्ठे पर काम करता है। वर्ष 2025 व 26 का हिसाब करीब एक लाख 59 हजार का हुआ है। जबकि पीड़ित 2020 से मजदूरी की रकम बैंक में जमा करने के बजाय घर पर ही रखने की बात कह रहा है। कोतवाल प्रभाष चंद्र ने बताया कि चोरी में एक लाख 59 हजार रुपए व जेवरात जाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दो लोगों को पूंछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

# भूकंप को लेकर एनडीआरएफ ने किया मॉकड्रिल विद्यार्थियों को समझाए बचाव के तरीके

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने आपदा प्रबंधन एवं बचाव कार्यों का एक शिक्षा संस्थान में मॉक ड्रिल कराया गया। जिसमें करीब पांच सौ छात्र शामिल रहे। शुक्रवार को तहसील रोड स्थित एक शिक्षण संस्थान में पूर्वान्ह 11 बजे मॉक ड्रिल के दौरान भूकंप आने की काल्पनिक स्थिति तैयार कर विद्यार्थियों को आपदा के समय सुरक्षित स्थान पर जाने, घायलों को प्राथमिक उपचार देने तथा राहत एवं बचाव कार्य करने के तरीकों का प्रदर्शन किया गया।

एनडीआरएफ टीम ने क्षतिग्रस्त दीवार को काटकर उसमें फंसे व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालने का अभ्यास भी करके दिखाया।कार्यक्रम में एनडीआरएफ के साथ पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, फायर विभाग, सशस्त्र सीमा बल, राष्ट्रीय कैडेट कोर और जिला प्रशासन की टीमों ने सहभागिता की। टीमों ने विद्यार्थियों को आपदा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। स्वास्थ्य टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार देने की प्रक्रिया भी समझाई। मॉक ड्रिल को सफल बनाने में इंस्पेक्टर शिवकली दुर्वे, कमांडर प्रतीक सावंत, तहसीलदार आदेश कुमार, नायब तहसीलदार रोहित कुमार और लेखपाल तरुण प्रताप सिंह का सहयोग रहा। संस्थान के शारीरिक शिक्षक मोहित सिंहा, गौरव चक्रवर्ती, राजीव गुप्ता, सोमबीर समेत अन्य कर्मचारियों ने भी व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

# तहसीलदार ने की नक्शा ग्राउण्ड टूथिंग कार्य की प्रगति समीक्षा

▸ लैण्ड रिकार्ड सृजन हेतु नक्शा ग्राउण्ड टूथिंग कार्य में सर्वेयर्स रहे शामिल

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**



नगर निकाय में लैण्ड रिकार्ड सृजन हेतु फील्ड सर्वेक्षण कार्य की तहसीलदार आदेश कुमार ने ईओ सुनील कुमार के सानिध्य में प्रगति समीक्षा कर सर्वेयर टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शुक्रवार को अपरान्ह करीब तीन बजे तहसीलदार आदेश कुमार, नायब तहसीलदार डॉ रूबी अंसारी के साथ नगर पालिका सभागार पहुंचे। यहाँ ईओ सुनील कुमार के सानिध्य में सर्वेयर टीम से फील्ड सर्वेक्षण नक्शा संबंधित कार्यों की प्रगति समीक्षा की। बता दें कि नगर में नक्शा बनाने के लिए आई टी आई द्वारा उपलब्ध कराए गए सर्वेयरों की 8 टीमों में 16 सर्वेयरों का चयन किया गया था। जिसमें निकाय एवं राजस्व कर्मियों के सहयोग से 14 मई से ग्राउन्ड टूथिंग का कार्य सम्पादित किया जा रहा है। तहसीलदार ने कार्य में होने वाली सर्वेयरों की समस्याओं को भी सुना और समाधान कराने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर प्रधान लिपिक अय्यूब हुसैन, संपत्ति लिपिक कमल दीप श्रीवास्तव, इस्लाम अली, क्षेत्रीय लेखपाल तरुण प्रताप सिंह समेत तमाम सहायक कर्मी शामिल रहे।

## न्यायालय के आदेश से दवा व्यापारियों में खुशी, संगठन की एकजुटता का संकल्प

**शाहजहांपुर।** वाराणसी सिविल कोर्ट के केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के पक्ष में आए आदेश के बाद शाहजहांपुर के दवा व्यापारियों में खुशी का माहौल है। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन, शाहजहांपुर के पदाधिकारियों ने न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए इसे संगठन और दवा व्यापारियों के हित में महत्वपूर्ण बताया। जिला अध्यक्ष संचित सिंह ने कहा कि न्यायालय के आदेश के अनुसार संस्था की संबद्धता ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट से जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि निर्णय से दवा व्यापारियों के हितों की रक्षा के साथ संगठन की एकजुटता को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि

▸ वाराणसी सिविल कोर्ट के फैसले का शाहजहांपुर में स्वागत

मामले में प्रदेश अध्यक्ष संदीप चतुर्वेदी और प्रदेश महामंत्री सुरेश गुप्ता के प्रयास महत्वपूर्ण रहे। संगठन के पक्ष को मजबूती से रखने के परिणामस्वरूप न्यायालय से दवा व्यापारियों के हित में आदेश प्राप्त हुआ। फैसले की जानकारी मिलते ही संगठन के पदाधिकारियों और दवा व्यापारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। साथ ही संगठन की एकजुटता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान चेयरमैन नरेश चंद्र गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक सक्सेना, इंद्रजीत नरूला, हरिओम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सक्सेना, पंकज मिश्रा, सुनील गुप्ता, नवीन गुप्ता, दीपक मिश्रा, राजीव गुप्ता, सूरज दीक्षित, संतोष गुप्ता, अनुज मिश्रा, साइलेंस सक्सेना, अनुपम त्रिवेदी, आईजी मेडिकल एजेंसी, अब्दुल वाहिद, एहसान खान और दीपक गुप्ता सहित अन्य दवा व्यापारी मौजूद रहे।

# कटान पीड़ितों के पास पहुंची रेडक्रॉस खीरी, जाना पीड़ितों का हाल

▸ प्रभावित क्षेत्र में लगाया स्वास्थ्य शिविर, बाटीं दवाइयां एवं लंच पैकेट

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**




इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी उत्तर प्रदेश एवम जिलाधिकारी/अध्यक्ष रेडक्रॉस खीरी के दिशा निर्देशन में रेडक्रॉस खीरी द्वारा बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के कटान प्रभावित गांव रूरा सुलतानपुर का सर्वेक्षण किया गया, रेडक्रॉस की दस सदस्यीय टीम ने प्रभावित परिवारों से मिलकर उनका हाल जाना, उन्हें खाद्य सामग्री एवम दवाएं वितरित की साथ ही उनकी समस्याओं को प्रशासन और रेडक्रॉस उत्तर प्रदेश तक पहुंचाकर उनकी हर संभव मदद का अश्वासन दिया।

रवींद्र शर्मा पूर्व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभापति रेडक्रॉस खीरी की अध्यक्षता में कटान पीडितों हेतु स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें लगभग दो सो तीस पीड़ितों को दवाएं दी गई , साथ ही डा शर्मा द्वारा परिवारों को कटान के समय नदी से बच्चों और बुजुर्गों को दूर रखने की सलाह दी, मच्छरदानी का प्रयोग करने एवम बीमारियों से बचाव हेतु जागरूक किया। रेडक्रॉस सचिव आरती श्रीवास्तव ने बताया कि शारदा नदी के लगातार कटान से ग्रामीणों के सामने संकट गहराता जा रहा है,ग्रामीणों की मानसिक और शारीरिक दशा द्रवित करने वालीं है, प्रभावित ग्रामीणों में डर और भय के साथ प्रशासन के प्रति रोष और असंतोष साफ़ दिख रहा है, एक ग्रामीण प्रदीप कुमार ने रोते हुऐ आक्रोशित होकर कहा कि ÷आप चलकर मेरे घर की स्थति देखिए 5 दिनों पूरा परिवार भूखा है, पहले कटान में जमीन चली गई और अब घर भी चला गया बताओ परिवार लेकर कहां जाएं। एक अन्य ग्रामीण लालता प्रसाद ने बताया कि ÷ मैडम मुसीबत इतनी है कि अब फ़ोन करने पर नाते रिश्तेदारी वाले फ़ोन नही उठा रहे, बंधो पर जगह नही बची कि पन्नी डालकर परिवार को रखे। विश्वनाथ, सुनीता, लालता प्रसाद आदि सभी ग्रामीणों ने एक स्वर से प्रशासन से जमीन देने की मांग की। इनर व्हील क्लब ऑफ लखीमपुर नव दिशा अध्यक्ष नीतू अग्रवाल, सचिव कनक बरनवाल, कुमकुम गुप्ता द्वारा पीड़ित परिवारों हेतु लंच पैकेट रेडक्रॉस को भेंट किए गए। रेडक्रॉस खीरी टीम बबिता सक्सेना, शशांक शुक्ला, सतीश द्विवेदी अनुराग सक्सेना, हीरांगिनी,अतीश द्विवेदी द्वारा पूरे प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर पीड़ितों का हाल चाल लिया गया, और प्रत्येक पीड़ित परिवार तक खाद्य पदार्थ और दवाइयां पहुचाई गई। रेडक्रॉस टीम द्वारा ग्रामीणों को साइको सोशल सपोर्ट के साथ साथ जल्द से जल्द राहत सामग्री पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में डा रवींद्र शर्मा, आरती श्रीवास्तव, बबिता सक्सेना, सुनीता सिंह शशांक शुक्ला, अतीश, अनुराग सक्सेना, सतीश द्विवेदी,नीतू अग्रवाल, कुमकुम गुप्ता कनक बरनवाल आदि का सहयोग रहा।

# प्रेम-प्रसंग में खूनी वारदात एक की मौत, एक घायल

▸ पड़ोसी को गोली मारने के बाद युवक ने खुद को मारी गोली, गांव में हड़कंप

**लखीमपुर खीरी।** पढुआ थाना क्षेत्र के दुलही गांव में शुक्रवार सुबह प्रेम-प्रसंग के विवाद में खूनी वारदात हो गई। आमने-सामने रहने वाले इदरीश (38) ने पड़ोसी अखिलेश (33) को घर के बाहर गोली मार दी और बाद में कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना में इदरीश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अखिलेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया है। गांव जिला मुख्यालय से करीब 47 किलोमीटर दूर है। बताया जा रहा है कि इदरीश का अखिलेश की बहन से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। चार दिन पहले वह युवती को लेकर चला गया था, जिस पर अखिलेश ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। गुरुवार को पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया था, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि वह कहां से मिली और इदरीश उसके साथ था या नहीं। इसी को लेकर दोनों परिवारों में तनाव चल रहा था। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे अखिलेश घर के बाहर मुंह धो रहा था, तभी इदरीश बाहर आया और दोनों में गाली-गलौज व विवाद शुरू हो गया। इदरीश ने अखिलेश के पेट में गोली मार दी। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच युवती को साथ ले जाने को लेकर विवाद की बात सामने आई है। घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है जबकि दूसरा घायल है।

## सेवा सकल्प अभियान के तहत हुए कार्यक्रम



**लखीमपुर।** आर्यकन्या महाविद्यालय में प्राधिकृत नियंत्रक/अपर जिलाधिकारी नरेन्द्र बहादुर सिंह के संरक्षण एवं प्राचार्या प्रो गीता शुक्ला की अध्यक्षता एवं नोडल अधिकारी श्रीमती अर्चना सिंह, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष के निर्देशन में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा दिवस- आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर उनके 25 वर्षों के निरंतर सेवा की जनकल्याणकारी उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को (विकसित भारत 2047) के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़े जाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्राचार्य एवं सभी शिक्षकाओं द्वारा उनके जन्मदिन पर उनके दीर्घायु होने एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गयी। इस अवसर पर सभी के द्वारा दीप प्रज्वलित किए गए तथा प्राचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेनी चाहिए, उनके जन्म दिवस को सेवा दिवस रूप के रूप में मनाया जाता है। डबल इंजन सरकार से देश का विकास एवं कल्याणकारी योजना का कार्य शीघ्र गति से हुआ है। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अर्चना सिंह ने यशस्वी प्रधानमंत्री जी के द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और कहां प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व से देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचाइयां पर पहुंचा है, निश्चित रूप से उनके नेतृत्व से विकसित भारत 2047 का सपना साकार होगा ।दर्शन शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो रेखा पांडे ने कहा कि उनके कार्यों से देश के सभी स्तर के लोगों का विकास हुआ है। सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य की प्राप्ति हो रही है ।

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर परिवहन विभाग सख्त, 15 वाहनों पर कार्रवाई

▸ पांच वाहन सीज, दस का चालान, टेंपो और निजी वाहनों से बच्चों का परिवहन करते मिलने पर हुई कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे मिशन सेफ फ्यूचर-3 अभियान के तहत परिवहन विभाग ने अनाधिकृत स्कूली वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। 17 सितंबर को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुशील कुमार मिश्रा एवं यात्रीकर अधिकारी बर्डिस चतुर्वेदी ने जनपद के विभिन्न मार्गों पर स्कूली बच्चों के परिवहन में लगे वाहनों की जांच कर प्रवर्तन कार्रवाई की।

चेकिंग के दौरान निजी प्रयोग के लिए पंजीकृत वाहनों, टेंपो और ई-रिक्शा समेत ऐसे वाहनों को पकड़ा गया, जिनका प्रयोग स्कूली बच्चों के परिवहन में किया जा रहा था। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहनों के खिलाफ चालान और सीज की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 15 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इनमें 05 वाहनों को सीज/निरुद्ध किया गया, जबकि 10 वाहनों के चालान किए गए। अधिकारियों ने कार्रवाई के साथ वाहनों के पंजीयन, फिटनेस, परमिट, बीमा और प्रदूषण प्रमाण-पत्र की भी जांच की। इसके अलावा चालकों के वैध ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य आवश्यक अभिलेख भी देखे गए।

**विद्यालय प्रबंधन और वाहन संचालकों को चेतावनी:** अधिकारियों ने वाहन संचालकों और विद्यालय प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने के लिए निर्धारित मानकों को पूरा करने वाले वैध और अधिकृत वाहनों का ही प्रयोग किया जाए। अनाधिकृत वाहनों से बच्चों का परिवहन मिलने पर आगे भी नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई।

एआरटीओ सुशील कुमार मिश्रा एवं यात्रीकर अधिकारी बर्डिस चतुर्वेदी ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निजी प्रयोग के लिए पंजीकृत वाहनों, टेंपो, ई-रिक्शा अथवा अन्य अनाधिकृत वाहनों से बच्चों का परिवहन नियमों के अनुरूप नहीं है। ऐसे वाहनों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। परिवहन विभाग ने विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों और वाहन संचालकों से अपील की कि बच्चों को विद्यालय लाने-ले जाने के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप अधिकृत स्कूली वाहनों का ही इस्तेमाल करें, ताकि उनकी यात्रा सुरक्षित और सुगम बनी रहे।

## राजकीय इंटर कॉलेज लखीमपुर में भूकंप मॉकड्रिल



**लखीमपुर खीरी।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखीमपुर के निर्देश पर शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे राजकीय इंटर कॉलेज में एक वृहद भूकंप मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और विभागों के बीच आपसी समन्वय को परखने के लिए किए गए इस अभ्यास में एनडीआरएफ, पुलिस, और प्रशासनिक टीमों ने पूरी मुस्तैदी दिखाई। मॉकड्रिल के दौरान भूकंप के जोरदार झटकों से स्कूल के एक कमरे की छत गिरने और उसमें कई विद्यार्थियों के मलबे में दबकर घायल होने का काल्पनिक परिदृश्य तैयार किया गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग और एनडीआरएफ की टीमें तुरंत मौके पर पहुँचीं और राहत व बचाव अभियान शुरू किया। टीमों ने मलबे और मलबे जैसी स्थिति के बीच फंसे घायल विद्यार्थियों को बेहद सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग के सुपुर्द किया गया, जहाँ से प्राथमिक उपचार देकर उन्हें मेडिकल कैंप भेजा गया। इस आपदा अभ्यास के तहत शहर के गांधी विद्यालय में एक अस्थाई राहत शिविर स्थापित किया गया था, जहाँ प्रभावितों को सुरक्षित पहुँचाने का अभ्यास हुआ। वहीं, रिजर्व पुलिस लाइन में एक सर्वसुविधायुक्त मेडिकल कैंप बनाया गया था, जहाँ घायलों के त्वरित इलाज की व्यवस्था को परखा गया। इस बड़े मॉक ड्रिल अभियान में जिले के आला अधिकारियों सहित कई सुरक्षा बलों और विभागों ने हिस्सा लिया, मुख्य भूमिकाएं- एसएसबी थर्ड बटालियन के कमांडेंट प्रमोद देवरानी को पूरी ड्रिल का ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया था।

# सट्टा प्रदर्शन मेले में किसानों ने देखे सर्वे-सट्टे

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत में शुक्रवार को समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, उत्तर प्रदेश संजय सिंह गंगवार ने किया। इस दौरान उन्होंने गन्ना किसानों से अपील की कि चीनी मिलों के संचालन से पहले सभी किसान अपने सर्वे-सट्टे का भली-भांति परीक्षण कर लें, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर उसका समय से निराकरण कराया जा सके।राज्यमंत्री ने कहा कि गन्ना किसानों की सुविधा और व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से प्रदेशभर में समिति स्तर पर सट्टा प्रदर्शन मेले लगाए जा रहे हैं। इन मेलों में किसानों को अपने सर्वे-सट्टे से संबंधित विवरण देखने और आवश्यक संशोधन कराने की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही नए सदस्य बनाने तथा उपज बढ़ोत्तरी की रसीद काटने के लिए भी अलग काउंटर बनाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि गन्ना किसानों को प्रोत्साहित करने और उनके उत्कृष्ट कार्य को सम्मान देने के लिए प्रदेश में 'गन्ना कृषक सम्मान योजना' लागू की गई है। इसी क्रम में रेंज गन्ना प्रतियोगिता में पेड़ी गन्ने में सर्वाधिक पैदावार प्राप्त करने वाले किसान राम सरन को प्रमाण-पत्र और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा गन्ना किसानों श्याम लाल, रामकुमार, डोरी लाल, निर्भय सिंह, हरिशंकर मौर्य और जगन्नाथ को ड्रिप सिंचाई तथा पोषण प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गन्ना किसानों के हित और उनकी आय बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 95 प्रतिशत से अधिक गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है।

# दिव्या प्रदीप गंगवार के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ सपन्न

▸ हुनर की विरासत से हक की बात तक, विश्वकर्मा जयंती पर सजा संवाद का मंच
▸ पीडीए पंचायत में शिक्षा रोजगार, किसान व सामाजिक भागीदारी पर चर्चा

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**




भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र-130 की पूर्व प्रत्याशी दिव्या प्रदीप गंगवार के बीसलपुर-पीलीभीत मार्ग स्थित आवास-कार्यालय पर गुरुवार को धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आसपास के गांवों से विश्वकर्मा समाज के महिला-पुरुषों के साथ स्थानीय नागरिक, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। भगवान विश्वकर्मा के पूजन-अर्चन के बाद पीडीए पंचायत हुई, जिसमें समाज की भागीदारी, शिक्षा, रोजगार, युवाओं के भविष्य और किसानों से जुड़े विषयों पर विचार रखे गए।

**दीप प्रज्वलित कर नमन, सृजन और श्रम की परंपरा को किया याद:** कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा के समक्ष दीप प्रज्वलित करने और पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके सृजन, निर्माण और शिल्प कौशल से जुड़े योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि मेहनत, तकनीकी दक्षता और हुनर की परंपरा समाज की ताकत रही है। विश्वकर्मा जयंती केवल पूजन का अवसर नहीं, बल्कि श्रम और कौशल के सम्मान का भी दिन है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक बुद्ध सिंह शर्मा ने की, जबकि संचालन रूपलाल माहिया ने किया। आयोजन दिव्या प्रदीप गंगवार एवं चौधरी प्रदीप सिंह पटेल की ओर से कराया गया। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग एवं जनपद पीलीभीत प्रभारी धनपाल सिंह यादव ने विश्वकर्मा समाज को जयंती की शुभकामनाएं दीं।

**पूजन के बाद पीडीए पंचायत में उठे समाज और क्षेत्र के मुद्दे:** धार्मिक कार्यक्रम के बाद आयोजित पीडीए पंचायत में सामाजिक एकजुटता और विभिन्न वर्गों की भागीदारी को लेकर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि समाज के विकास के लिए आपसी समन्वय के साथ शिक्षा और रोजगार के अवसरों पर ध्यान देना जरूरी है। पंचायत में महिलाओं की भी अच्छी भागीदारी रही और उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार साझा किए। बैठक में बच्चों की शिक्षा, युवाओं के भविष्य, रोजगार तथा किसानों से जुड़े विषयों को लेकर भी चर्चा हुई। आयोजकों के अनुसार ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य विभिन्न सामाजिक वर्गों को एक मंच पर लाकर आपसी संवाद को आगे बढ़ाना है।

## समय की मांग है यूपीआई को सक्षम बनाना

यूपीआई केवल भुगतान का माध्यम नहीं, बल्कि भारत के डिजिटल बदलाव की पहचान बन चुका है। वित्त वर्ष 2025-26 में इसके जरिये 24,162 करोड़ लेनदेन हुए। यानी प्रतिदिन औसतन 66 करोड़ से अधिक भुगतान। भारत में विकसित यह व्यवस्था अब 11 अन्य देशों तक पहुंच चुकी है। जिस गति से यूपीआई का विस्तार हुआ है, उसी अनुपात में इसे सुरक्षित, भरोसेमंद और आर्थिक रूप से टिकाऊ बनाए रखने की चुनौती भी बढ़ी है। इसलिए यूपीआई के सेवा शुल्क को केवल ग्राहक की जेब पर पड़ने वाले बोझ के रूप में देखना उचित नहीं होगा। असली सवाल यह है कि आम नागरिक को मुफ्त भुगतान की सुविधा बनाए रखते हुए इस विशाल तंत्र के संचालन और सुरक्षा के लिए आवश्यक संसाधन कहां से आएं।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सामान्य यूपीआई भुगतान ग्राहकों के लिए मुफ्त रहना चाहिए। परिवार या मित्र को पैसे भेजने, रोजमर्रा की खरीदारी करने अथवा बैंक खाते से भुगतान करने पर ग्राहक से अलग से शुल्क लेना डिजिटल भुगतान को हतोत्साहित कर सकता है। यूपीआई की सफलता ही इस बात में है कि भुगतान आसान, तेज और कम लागत वाला बना रहे। इसलिए ग्राहक पर प्रत्यक्ष शुल्क का बोझ डालने के बजाय व्यापारी भुगतान की अलग श्रेणियों में शुल्क व्यवस्था करना अधिक व्यावहारिक रास्ता हो सकता है।

प्रस्तावित व्यवस्था को एक उदाहरण से समझा जा सकता है। मान लीजिए मीरा किसी बड़े दुकानदार से 10 हजार रुपये का फ्रिज खरीदती है। यदि संबंधित व्यापारी शुल्क वाली श्रेणी में आता है तो 15 अक्टूबर 2026 से 0.4 प्रतिशत यानी 40 रुपये एमडीआर लग सकता है। यह राशि ग्राहक से अलग से नहीं वसूली जानी चाहिए। दुकानदार इसे बिल में जोड़कर ग्राहक पर नहीं डाल सकता। दूसरी ओर, यदि मीरा अपनी मां को 10 हजार रुपये भेजती है तो इस तरह के व्यक्ति-से-व्यक्ति भुगतान पर कोई शुल्क नहीं होगा। यही अंतर यूपीआई शुल्क को समझने के लिए महत्वपूर्ण है।

एमडीआर पर 18 प्रतिशत जीएसटी भी लागू होगा। 10 हजार रुपये के भुगतान पर 40 रुपये एमडीआर के साथ 7.20 रुपये जीएसटी यानी कुल 47.20 रुपये शुल्क बनेगा। पात्र व्यापारी को नियमों के अनुसार इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ मिल सकता है। यहां यह भ्रम भी दूर होना चाहिए कि 10 हजार रुपये के पूरे भुगतान पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जा रहा है। ऐसा नहीं है। शुल्क केवल निर्धारित एमडीआर पर है। अब सवाल है कि यूपीआई पर शुल्क की जरूरत क्यों महसूस हो रही है? इसका सीधा संबंध इसके असाधारण विस्तार से है। करोड़ों दैनिक लेनदेन को संभालने के लिए उच्च क्षमता वाले सर्वर, चौबीसों घंटे तकनीकी निगरानी, साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी की रोकथाम और ग्राहक सहायता की आवश्यकता होती है। इन व्यवस्थाओं पर भारी खर्च होता है। लगभग 20 हजार करोड़ रुपये सालाना संचालन और सुरक्षा संबंधी जरूरतों पर खर्च होने का अनुमान बताया गया है। इसे केवल घाटा कह देना भी उचित नहीं होगा, क्योंकि डिजिटल भुगतान के विस्तार से नकदी प्रबंधन की लागत में कमी और अन्य आर्थिक लाभ भी होते हैं। फिर भी यह मान लेना भी व्यावहारिक नहीं कि बैंकिंग तंत्र या सरकारी सहायता हमेशा इस पूरी लागत को वहन करती रहेगी। यूपीआई शुल्क को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी सामने आए हैं। वित्तीय मामलों की संसदीय स्थायी समिति ने 12 अगस्त को अलग-अलग लेनदेन श्रेणियों के अनुसार शुल्क से आय जुटाने के समर्थन वाली रिपोर्ट स्वीकार की। समिति में कांग्रेस के पांच सांसद भी थे और रिपोर्ट पर आपत्ति का उल्लेख नहीं है। ऐसे में संसद के भीतर और बाहर सामने आने वाले अलग-अलग रुख पर स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठते हैं। लेकिन इस विषय को राजनीतिक आरोपों से आगे ले जाकर तथ्य और आर्थिक व्यवहार्यता के आधार पर देखना अधिक उपयोगी होगा।

अमेरिकी दबाव की बात भी इसी संदर्भ में सावधानी से परखी जानी चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक ने 17 अगस्त 2022 को ही यूपीआई की लागत वसूली पर चर्चा से संबंधित दस्तावेज जारी किया था। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि की 2026 की रिपोर्ट में भारत की उस व्यवस्था पर आपत्ति दर्ज की गई है, जिसके तहत किसी एक गैर-बैंक भुगतान एप की यूपीआई लेनदेन में हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक न होने देने का प्रस्ताव है। यह एप की बाजार हिस्सेदारी से जुड़ा विषय है, ग्राहक के भुगतान की सीमा से नहीं। रिपोर्ट में यूपीआई से जुड़े उधार आधारित भुगतान पर कुछ प्रतिबंधों पर भी आपत्ति है। लेकिन इससे यह निष्कर्ष निकालना अपने आप में पर्याप्त नहीं कि भारत में 0.4 प्रतिशत एमडीआर का निर्णय अमेरिकी दबाव में हुआ।

एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू शुल्क का वितरण है। उद्योग के शुरुआती अनुमानों के अनुसार एमडीआर की राशि में लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा बैंकों, 25 प्रतिशत एप कंपनियों और 15 प्रतिशत भुगतान स्वीकार करने की सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनियों को मिल सकता है। ये अनुमान हैं, अंतिम हिस्सेदारी व्यवस्था के अनुसार बदल सकती है। 10 हजार रुपये के भुगतान पर 40 रुपये एमडीआर मानें तो इस अनुमान के आधार पर करीब 24 रुपये बैंक, 10 रुपये एप कंपनियां और छह रुपये अन्य संबंधित कंपनियां पा सकती हैं। इससे यह दावा स्वतः सही नहीं हो जाता कि शुल्क का सबसे बड़ा हिस्सा विदेशी एप कंपनियों को ही जाएगा।

### दो टूक




# 24 की जीत से 27 की जंग तक, कैसे सपा बचायेगी अपनी ताकत



स्वदेश कुमार

लोकसभा चुनाव 2024 में उत्तर प्रदेश के राजनीतिक परिदृश्य में एक अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिला था, जहाँ समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन (इंडिया ब्लॉक) ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए को जोरदार झटका दिया था। 2014 से चल रहे मोदी के जादू को सपा ने 2024 में प्रदेश में लगभग धराशायी कर दिया था। राज्य की कुल 80 लोकसभा सीटों में से इस विपक्षी गठबंधन ने मिलकर कुल 43 सीटें हासिल कीं। इस शानदार प्रदर्शन ने उत्तर प्रदेश के राजनीतिक समीकरणों को पूरी तरह से बदल कर रख दिया। हालांकि प्रदेश की राजनीति और योगी सरकार पर कोई असर नहीं पड़ा, लेकिन राष्ट्रीय राजनीति में सपा की स्थिति बेहद मजबूत हो गई। भाजपा करीब ढाई सौ पर सिमट गई। भाजपा गठबंधन वाले एनडीए को मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए जेडीयू के साथ टीडीपी की बैसाखी का सहारा लेना पड़ गया।

यह और बात रही कि मोदी सरकार के तेवरों में कोई कमी नहीं आई। उसने विपक्ष के हो-हल्ले के बावजूद कई अहम फैसले लिए। इसका प्रभाव यूपी में भी दिखाई दिया, लेकिन इसके उलट समाजवादी पार्टी के सांसद अपनी लोकप्रियता खोते गए। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक में समाजवादी पार्टी सत्ता से दूर रही तो इसका खामियाजा उसे जनता की नाराजगी के रूप में भुगतना पड़ा। सपा के सांसदों और विधायकों पर काम नहीं करने का ठप्पा लग गया, जिसका खामियाजा पार्टी को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ सकता है। दरअसल, चुनाव जीतने के बाद जिस तरह की सक्रियता किसी जनप्रतिनिधि से अपेक्षित होती है, वह सपा के अधिकांश सांसदों में नदारद दिखी। संसद सत्रों में मौजूदगी से लेकर अपने संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों की पैरवी तक, कई मोर्चों पर सपा सांसदों का प्रदर्शन कमजोर रहा। जनता के बीच यह धारणा मजबूत होती गई कि जीत के बाद ये नेता दिल्ली और लखनऊ की सियासी उठापटक में उलझकर अपने मतदाताओं से दूर हो गए। सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी समस्याओं पर स्थानीय स्तर पर आवाज उठाने में सांसदों की निष्क्रियता ने उस जनादेश को कमजोर करना शुरू कर दिया, जो कभी मोदी लहर के खिलाफ एक मजबूत संदेश माना गया था। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे अहम पहलू यह है कि जिस पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले के सहारे अखिलेश यादव ने 2024 में भाजपा को झटका दिया था, वह गठजोड़ अब दरकता हुआ नजर आ रहा है। कई इलाकों में स्थानीय स्तर पर यह शिकायत आम हो चुकी है कि टिकट बंटवारे और संगठन में जिस समावेशी भागीदारी का वादा किया गया था, वह चुनाव जीतने के बाद व्यवहार में उतनी दिखाई नहीं दी। गैर-यादव पिछड़ी जातियों और कुछ दलित समूहों के बीच यह भावना घर करती जा रही है कि सत्ता और संगठन के महत्वपूर्ण पदों पर अब भी परंपरागत नेतृत्व ही हावी है। यह असंतोष अगर संगठित रूप ले लेता है, तो 2027 में सपा के लिए यह भारी पड़ सकता है, क्योंकि यही सामाजिक समीकरण उसकी जीत का आधार बने थे।



इन सबके बीच सबसे बड़ी परीक्षा खुद अखिलेश यादव की है। 2027 के विधानसभा चुनाव में सत्ता में वापसी उनका दीर्घकालिक लक्ष्य रहा है, लेकिन मौजूदा हालात बताते हैं कि यह राह आसान नहीं होगी। उन्हें न सिर्फ अपने सांसदों और विधायकों की निष्क्रियता पर लगाम लगानी होगी, बल्कि संगठन को जमीनी स्तर पर फिर से सक्रिय करना होगा। जबकि उनके पास समय काफी कम बचा है। अखिलेश को जनता के बीच यह भरोसा फिर से कायम करना होगा कि सपा केवल चुनाव जीतने के लिए वादे नहीं करती, बल्कि सत्ता में आने के बाद भी जनता के साथ खड़ी रहती है। इसके लिए पार्टी को अपने सांसदों की जवाबदेही तय करनी होगी, संगठन में नई ऊर्जा भरनी होगी और पीडीए फॉर्मूले को केवल नारे तक सीमित न रखकर व्यवहार में उतारना होगा। यदि पिछले-दलित पर कोई मुसलमान अत्याचार करे, तो उन्हें इसके खिलाफ भी आवाज उठाने से गुरेज नहीं करना चाहिए, जबकि जमीनी स्तर पर ऐसा होता दिख नहीं रहा है।हालांकि, अभी विधानसभा चुनाव में छहः माह का समय शेष है, और भारतीय राजनीति में आखिरी के छहः महीनों को महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दौरान कई मुद्दे उभरते, कई समीकरण बदल सकते हैं। महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएँ और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दे अगर विपक्ष प्रभावी ढंग से उठा पाए, तो जनता का रुख फिर बदल सकता है। दूसरी ओर, भाजपा के सामने भी अपनी सरकार के खिलाफ बनी सत्ता विरोधी भावना (एंटी इनकंबेंसी) से निपटने की चुनौती होगी, खासकर उन इलाकों में जहाँ विकास कार्य अपेक्षा के अनुरूप नहीं हुए हैं। अखिलेश को इसको भुनाने के पूरे प्रयास करने होंगे।

यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत को यदि सपा 2027 के विधानसभा चुनाव तक बरकरार रखना चाहती है, तो उसे आत्ममुग्धता से बाहर निकलकर ठोस जमीनी रणनीति पर काम करना होगा। महज गठबंधन के सहारे या पुराने समीकरणों पर भरोसा करके सत्ता तक पहुँचना अब पहले जितना आसान नहीं रह गया है। जनता की नाराजगी को समय रहते पहचानना और उसका समाधान निकालना ही अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के लिए आगे की राह तय करेगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या सपा अपनी संगठनात्मक कमजोरियों को दूर कर पाएगी, या फिर योगी सरकार का सुव्यवस्थित प्रशासनिक और सियासी प्रबंधन एक बार फिर उत्तर प्रदेश की सत्ता की चाबी भाजपा के हाथों में सौंप देगा। आने वाले महीनों में होने वाली राजनीतिक हलचलें, संभावित उपचुनाव और दोनों पक्षों की रणनीतिक चालें ही यह तय करेंगी कि 2024 का जनादेश 2027 में दोहराया जा सकेगा या नहीं।बहरहाल, यदि 2024 में सपा-कांग्रेस गठबंधन की कुल 43 सीटों के आँकड़े को अलग-अलग दलों के हिसाब से देखा जाए, तो इसमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी समाजवादी पार्टी की रही। समाजवादी पार्टी ने अपने दम पर शानदार प्रदर्शन करते हुए 37 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की, जो उत्तर प्रदेश में किसी भी एक दल द्वारा सबसे अधिक जीती गई सीटें थीं। इसके अलावा, कांग्रेस पार्टी ने भी बेहतर वापसी करते हुए गठबंधन के तहत चुनाव लड़ते हुए 6 सीटें अपने नाम कीं। इस तरह से 37 और 6 का यह आँकड़ा मिलकर कुल 43 सीटों पर इस गठबंधन की विजय को सुनिश्चित करता है।

लोकसभा सीटों के अंतर्गत आने वाली विधानसभा क्षेत्रों की संख्या का यदि विश्लेषण किया जाए, तो प्रत्येक सामान्य लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत औसतन 5 विधानसभा सीटें आती हैं। इस प्रकार, गठबंधन द्वारा जीती गई कुल 43 लोकसभा सीटों के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की कुल 215 विधानसभा सीटें आती हैं। यह संख्या राज्य की कुल 403 विधानसभा सीटों का लगभग आधा हिस्सा है, जो यह दर्शाता है कि लोकसभा चुनाव के दौरान जनता के इस जनादेश का प्रभाव राज्य की विधानसभा वार क्षेत्रों पर किस व्यापक स्तर पर था, लेकिन पिछले दो साल में काफी कुछ बदल चुका। सपा सांसद ठीक से काम नहीं कर पाए तो उनके संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली 215 विधानसभा सीटों के वोटर भी गुस्से और नाराजगी में हैं। वोटरों की यही नाराजगी सपा का खेल बिगाड़ सकती है। अगर ऐसा हुआ तो अखिलेश के सत्ता में वापसी के सपनों पर पानी फिर सकता है।

दूसरी तरफ, योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव के झटके के बाद अपनी रणनीति में स्पष्ट बदलाव किया। कानून-व्यवस्था को लेकर सख्ती, बुनियादी ढाँचे के विकास पर जोर, और सामाजिक कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाकर सरकार ने यह संदेश देने की कोशिश की कि लोकसभा में मिली हार के बावजूद राज्य में उसकी पकड़ कमजोर नहीं पड़ी है। महाकुंभ जैसे आयोजनों का सफल प्रबंधन, और धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों के जरिये सामाजिक ध्रुवीकरण को बनाए रखने की कोशिशों ने भी भाजपा के जनाधार को फिर से मजबूत करने में भूमिका निभाई। इसके साथ ही महिलाओं, किसानों और गरीब वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं ने भी सरकार विरोधी लहर को थामने में मदद की। इन प्रयासों का सीधा असर विधानसभा उपचुनावों के नतीजों में भी देखने को मिला, जहाँ भाजपा ने कई सीटों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए यह साबित करने की कोशिश की कि लोकसभा का जनादेश एक अस्थायी घटना थी, स्थायी बदलाव नहीं।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# नैनीताल क्यों भूल रहा 146 वर्ष पुरानी प्राकृतिक आपदा?

प्रयाग पाण्डे

नैनीताल में हुए प्रलयकारी भूस्खलन को आज 146 वर्ष पूरे हो गए हैं। 18 सितंबर 1880 का दिन नैनीताल के इतिहास में ऐसी प्राकृतिक आपदा के रूप में दर्ज है, जिसने कुछ ही पलों में नगर का भूगोल बदल दिया था। शेर-का-डांडा पहाड़ी से आया मलबा अपने रास्ते में जो कुछ मिला, उसे अपने साथ बहाता हुआ नैनी झील की ओर चला गया। इस त्रासदी में 108 भारतीयों और 43 यूरोपियनों समेत 151 लोगों के शव बरामद किए गए। वैज्ञानिकों का अनुमान था कि कुछ शव पहाड़ी के नुकीले पत्थरों और मलबे के नीचे दबे रह गए होंगे।

यह केवल भूस्खलन नहीं था, बल्कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ के परिणामों का एक बड़ा सबक भी था। हादसे में कई लोग बाल-बाल बचे। राहत और बचाव अभियान के दौरान तत्कालीन मजिस्ट्रियल अधिकारी लियोनार्ड टेलर समेत कई अंग्रेज सैन्य अधिकारी, जवान और अन्य कर्मचारी भी मारे गए। कुमाऊं के तत्कालीन कमिश्नर सर हैनरी रैमजे भी मलबे में कमर तक धंस गए थे, लेकिन उनकी जान बच गई। इस आपदा में लाखों रुपये की संपत्ति भी नष्ट हुई। भूस्खलन ने कैप्टन हैरिस के आलीशान विक्टोरिया होटल और उसके आसपास बने घरों को पूरी तरह तबाह कर दिया। मालरोड के समीप स्थित 'बेल शॉप' और मां नयना देवी मंदिर भी इसकी चपेट में आ गए। असेंबली रूम्स, जिसे वर्तमान में कैपिटल सिनेमा के नाम से जाना जाता है, का एक हिस्सा झील में समा गया, जबकि बचा हुआ हिस्सा मलबे में दब गया। वर्तमान बोट हाउस के पास झील का एक हिस्सा कुछ ही क्षणों में मैदान में बदल गया। 1880 तक नैनीताल एक विकसित और सुविधासंपन्न नगर के रूप में स्थापित हो चुका था। यहां की आबादी 10,054 थी। इसमें 2,957 महिलाएं और 7,097 पुरुष थे। अंग्रेज अधिकारी यहां के मौसम और स्वास्थ्यवर्धक जलवायु से प्रभावित थे। उन्हें नैनीताल के पर्यावरणीय महत्व का अंदाजा तो था, लेकिन पहाड़ी पारिस्थितिकी में मानवीय हस्तक्षेप की कीमत का अनुमान शायद नहीं था। 18 सितंबर 1880 को शेर-का-डांडा पहाड़ी में कुछ ही सेकेंड में हुई तबाही ने औपनिवेशिक प्रशासन को झकझोर दिया। जिस पहाड़ी को पहले से संवेदनशील माना जाता था, उसी पर निर्माण गतिविधियां लगातार बढ़ रही थीं।

शेर-का-डांडा का क्षेत्र भूस्खलन की दृष्टि से 1880 से पहले भी संवेदनशील माना जाता था। वर्ष 1867 में इसी पहाड़ी पर पहला बड़ा भूस्खलन हुआ था, जिसमें चार लोगों की जान गई थी। इस खतरे को देखते हुए अंग्रेज प्रशासन ने दार्जिलिंग की तर्ज पर नाला तंत्र विकसित करने का प्रयास किया, लेकिन नैनीताल की भूगर्भीय परिस्थितियों में वह पर्याप्त प्रभावी साबित नहीं हुआ। 1880 से पहले इस पहाड़ी पर राजभवन के अलावा करीब डेढ़ दर्जन बंगले बन चुके थे। बंगलों, उद्यानों, टेनिस कोर्ट और सड़कों के निर्माण के लिए पहाड़ी की प्राकृतिक ढलानों को काटा गया और बड़ी संख्या में पेड़ हटाए गए। इससे प्राकृतिक जल निकासी और पहाड़ी की मूल संरचना प्रभावित हुई। 1880 के सितंबर में लगातार चार दिनों तक मूसलधार बारिश हुई। निर्माण गतिविधियों के कारण वर्षा के पानी के प्राकृतिक निकास मार्ग बाधित हो चुके थे। प्राकृतिक नालों का स्वरूप बदल गया था। भूमि समतलीकरण और निर्माण के कारण पानी जमीन में जमा होता गया। अत्यधिक जल जमाव ने जमीन की सहन क्षमता को कमजोर कर दिया। इसी दौरान आए हल्के भूकंपीय झटके ने परिस्थितियों को और गंभीर कर दिया। 18 सितंबर को पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा खिसककर नैनी झील की ओर चला गया। धूल और मलबे के गुबार ने देखते ही देखते नगर के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया।

आपदा के बाद सर हैनरी रैमजे ने स्वयं राहत और बचाव कार्यों की कमान संभाली। प्रभावित लोगों और मृतकों के परिवारों की सहायता के लिए उनकी अध्यक्षता में 60 हजार रुपये का सहायता कोष बनाया गया। 'द हिमालयन गजेटियर' के लेखक एडविन टी. एटकिंसन को इस कोष का सचिव बनाया गया। इस त्रासदी का एक उल्लेखनीय पहलू यह भी था कि नैनीताल म्युनिसिपल कमेटी के तत्कालीन सभी सदस्यों ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया था। हादसे के महज चार दिन बाद, 22 सितंबर 1880 को नार्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर ने शेर-का-डांडा पहाड़ी की जांच के लिए सर हैनरी रैमजे की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति गठित की। इसके बाद भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के उप अधीक्षक डब्ल्यू. थियोबॉल्ड ने पहाड़ी का अध्ययन किया। उसी वर्ष आरडी ओल्डहैम की अध्यक्षता में इंजीनियरों की समिति गठित हुई। सेना की ओर से भी दो जांच समितियां बैठाई गईं। एक विशेष सिविल अधिकारी को अलग से जांच कर रिपोर्ट देने की जिम्मेदारी सौंपी गई। नैनीताल नगरपालिका के सदस्य और भू-विज्ञानी फ्रेडरिक एडवर्ड जॉर्ज मैथ्यूज ने भी पहाड़ी की सुरक्षा का अध्ययन किया। उनकी जांच रिपोर्ट 1882 में प्रकाशित हुई। विशेषज्ञों की रिपोर्टों के आधार पर शेर-का-डांडा पहाड़ी को निर्माण के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया गया। यहां तक कि फूलों की क्यारियां और फुलवारी बनाने पर भी रोक लगा दी गई। पहाड़ी पर मौजूद करीब डेढ़ दर्जन बंगलों को सिविल अधिकारी की लिखित अनुमति के बिना किराये पर देने पर भी प्रतिबंध लगाया गया। असुरक्षित भवनों को गिराने के आदेश दिए गए। कुछ भवनों और विद्यालयों के आसपास वर्षाजल जमा करने के लिए बने गड्ढों को भी भर दिया गया। उद्देश्य स्पष्ट था—पहाड़ी में पानी का अनियंत्रित संचय न हो और उसकी प्राकृतिक स्थिरता को नुकसान न पहुंचे। 1880 की आपदा के बाद नैनीताल में वैज्ञानिक आधार पर नया नाला तंत्र विकसित किया गया। 1880 से 1928 के बीच पूरे नैनीताल को 69 बड़े और 234 शाखा नालों के नेटवर्क से जोड़ा गया। शेर-का-डांडा पहाड़ी पर इसका सबसे व्यापक स्वरूप दिखाई देता था। शेर-का-डांडा नाला तंत्र के तहत 19 बड़े और 111 शाखा नाले बनाए गए। बड़े नालों की कुल लंबाई करीब 29,270 फीट और शाखा नालों की लंबाई 34,982 फीट बताई गई। इस व्यवस्था का मूल उद्देश्य पहाड़ से आने वाले वर्षाजल को नियंत्रित तरीके से निकालना और पानी के अनियंत्रित रिसाव से पहाड़ी को बचाना था। लेकिन आज स्थिति यह है कि इनमें से अधिकांश शाखा नालों का अस्तित्व समाप्त हो चुका है। बड़े नालों की स्थिति भी चिंता का विषय बनी हुई है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोरस



संदीप ठाकुर

### दो दिलों में तनातनी क्यों है

दो दिलों में तनातनी क्यों है
प्यार के बीच दुश्मनी क्यों है

बंद है बातचीत तक सोचो
सूरते हाल ये बनी क्यों है

मेरा हर दिन उदास सा क्यों है
तेरी हर रात अनमनी क्यों है

मुंतज़िर मंज़िलों ने पूछ लिया
पांव की राह से ठनी क्यों है

गर इसे सांवला नहीं होना
धूप बदली से फिर छनी क्यों है

रात भर गूंजता है सन्नाटा
हर तरफ एक सनसनी क्यों है

गिर गई सारी पत्तियां फिर भी
छांव इस पेड़ की घनी क्यों है

ढल गया चांद रात बीत गई
पर मेरी छत पे चांदनी क्यों है



# भारत में सेमीकंडक्टर को लेकर जगी उम्मीदें

नेहा कुमारी

कई दशकों तक, सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत की स्थिति एक विरोधाभास वाली रही है। भारतीय इंजीनियरों ने उन्नत चिप्स को डिज़ाइन करने में मदद की, लेकिन देश उनके निर्माण, पैकेजिंग और परीक्षण के लिए काफी हद तक विदेशी सुविधाओं पर निर्भर था। अब यह अंतर कम होने लगा है। 2021 में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन शुरू होने के बाद से, भारत ने सिर्फ़ नीति बनाने से आगे बढ़कर कारखाने लगाने, आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने, प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने और व्यावसायिक उत्पादन शुरू करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।

अगला काम सिर्फ़ अलग अलग सयंत्र लगाने से कहीं बड़ा है। एक सेमीकंडक्टर निर्माण सयंत्र अकेले काम करके सफल नहीं हो सकता। यह निरंतर पैकेजिंग और परीक्षण सुविधाओं, उपकरणों के रख-रखाव, अति-शुद्ध रसायनों और गैसों, सटीक इंजीनियरिंग, लॉजिस्टिक्स, अनुसंधान संस्थानों और कुशल कार्यबल पर निर्भर करता है। इन क्षमताओं को एक साथ करीब लाने से परिवहन और इन्वेंट्री लागत में कमी आती है, काम पूरा होने में लगने वाला समय घटता है, तालमेल बेहतर होता है और काम को अंजाम देने से जुड़े जोखिम कम होते हैं। इसलिए भारत को केवल अकेले फेब्रिकेशन संयंत्र नहीं, बल्कि एकीकृत सेमीकंडक्टर क्लस्टर बनाने होंगे।

भारत सरकार ने 76,000 करोड़ रुपये के सेमिकॉन इंडिया कार्यक्रम तथा फैब्रिकेशन, असेंबली, परिक्षण, पैकेजिंग और चिप डिजाइन के लिए सहायता देकर इसकी मजबूत नींव रखी है। छह राज्यों में बारह सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंज़ूरी दी गई है, जिनमें 1.64 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा का निवेश किया जायेगा। इनमें वेफर फैब्रिकेशन, उन्नत पैकेजिंग, मेमोरी असेंबली एवं परिक्षण, कंपाउंड सेमीकंडक्टर और विशिष्ट प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। असम, गुजरात, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में चल रही परियोजनाएं एक-दूसरे की क्षमताओं को बढ़ाने में मदद कर रही हैं, जबकि डिजाइन कंपनियों, आधुनिक उन्नत उपकरण, फाउंड्री तक पहुंच और अकादमिक सहयोग के लिए दी जा रही सहायता से इसके नवप्रवर्तन की प्रक्रिया मज़बूत हो रही है।

रेत से सिलिकॉन और सिस्टम तक का सिद्धांत अब राष्ट्रीय प्रयास का मार्गदर्शन करने वाला होना चाहिए। भारत को वास्तविक लाभ तब होगा जब कच्चे माल और उपकरणों की आपूर्ति, चिप डिज़ाइन, फैब्रिकेशन, पैकेजिंग, परिक्षण और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के साथ आसानी से जुड़ जाएगी। एक ही जगह पर काम करने से आपूर्तिकर्ता प्रमाणीकरण में तेजी आ सकती है, अवसंरचना का साझा इस्तेमाल हो सकता है और निर्माता, स्टार्ट-अप व शोधकर्ता उत्पादन संबंधी समस्याओं को मिलकर हल कर सकते हैं। इससे घरेलू एमएसएमइ को भी सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में शामिल होने में मदद मिल सकती है; वे बड़े ग्राहकों के पास अपनी जगह बनाकर गुणवत्ता तथा विश्वसनीयता के वैश्विक मानकों को धीरे-धीरे पूरा करके सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में प्रवेश करने में मदद कर सकता है।

गुजरात यह दर्शाता है कि कैसे यह क्लस्टर दृष्टिकोण व्यापक राष्ट्रीय मिशन के तहत आकार ले सकता है। राज्य ने भारत की पहली समर्पित सेमीकंडक्टर नीति पेश की और एकल सुविधा प्रदाता के रूप में गुजरात स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स मिशन की स्थापना की। अब तक छह स्वीकृत परियोजनाएं और 1.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश इसी राज्य में हो चूका है। हालांकि,



इससे भी अधिक महत्वपूर्ण उपलब्धि धोलेरा, साणंद और सूरत में फैब्रिकेशन, पैकेजिंग, अवसंरचना, आपूर्तिकर्ताओं और प्रतिभाओं के बीच बन रहा आपसी तालमेल है।

माइक्रोन प्रौद्योगिकी, केन्स सेमीकॉन और सीजी सेमी की सुविधाओं के आस-पास साणंद एक प्रमुख पैकेजिंग क्लस्टर के तौर पर विकसित हो रहा है। गुजरात में तीन प्रमुख सुविधाओं ने 2026 में अपना व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर दिया है। इनके परिचालन से उपकरणों, विशिष्ट रसायनों, औद्योगिक गैसों, क्लीनरूम, टेस्टिंग, लॉजिस्टिक्स और सटीक इंजीनियरिंग की निरंतर मांग बनी रहती है। यह मांग आपूर्तिकर्ताओं को आकर्षित कर सकती है, दूरस्थ सेवा नेटवर्क पर निर्भरता को कम कर सकती है और भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों व एमएसएमई के लिए नए अवसर पैदा कर सकती है।

धोलेरा फैब्रिकेशन के लिए एक मुख्य केंद्र के तौर पर काम करता है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन के साथ मिलकर, वहाँ भारत का पहला व्यावसायिक सेमीकंडक्टर निर्माण इकाई स्थापित कर रहा है। इसकी दोहरी ग्रिड बिजली आपूर्ति, सुनिश्चित जल आपूर्ति, अपशिष्ट उपचार सुविधाएं, एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी, अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और समर्पित औद्योगिक क्षेत्र सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए मजबूत अवसंरचना को दिखाते हैं। क्रिस्टल मैट्रिक्स की कंपाउंड-सेमीकंडक्टर और एडवांस्ड-पैकेजिंग परियोजना तथा सूरत में सुची सेमिकॉन की सुविधा गुजरात के तकनीकी आधार और संभावित आपूर्तिकर्ता नेटवर्क का और अधिक विस्तार करती है।

क्लस्टरों को कारखानों को ज्ञान के केंद्रों से भी जोड़ना होगा। पंडित दीनदयाल ऊर्जा विश्वविद्यालय में पैकेजिंग प्रशिक्षण केंद्र, चिप-इन एक्सटेंशन सेंटर और आईआईटी गांधीनगर में समर्थ नैनोफैब्रिकेशन सुविधा उद्योग के अनुकूल प्रतिभा, अनुसंधान और प्रक्रिया विकास में मदद कर सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर, एंकर संयंत्रों, विश्वविद्यालयों, डिज़ाइन केंद्रों और साझा परीक्षण सुविधाओं के बीच इसी तरह के संबंध एक ऐसी क्षमता का निर्माण करने के लिए अनिवार्य होंगे जो शुरुआती निवेश प्रोत्साहनों के समाप्त होने के बाद भी बनी रहे।

कोई भी देश अकेले संपूर्ण सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का निर्माण नहीं करता है। वैश्विक प्रौद्योगिकी साझेदारियां, पूंजी और बाजार हमेशा ज़रूरी रहेंगे। भारत के पास मौका है कि वह इन्हें बड़े घरेलू मार्केट, बेहतरीन इंजीनियरिंग प्रतिभा और भरोसेमंद संस्थानों के साथ जोड़े। सिलिकॉन टू सिस्टम्स : बिल्डिंग द इकोसिस्टम विषय के तहत आयोजित सेमिकॉन इंडिया 2026, परियोजनाओं से आगे बढ़कर क्लस्टरों के निर्माण की ओर इस बदलाव को गति दे सकता है। गुजरात इसका एक महत्वपूर्ण उदाहरण है, लेकिन यह महत्वाकांक्षा राष्ट्रीय स्तर की है- ऐसे आपस में जुड़े हुए सेमीकंडक्टर क्लस्टर जो जोखिमों को कम करते हैं, घरेलू मूल्य संवर्धन करते हैं और भारत को चिप्स, प्रौद्योगिकियों और प्रणालियों का एक भरोसेमंद वैश्विक स्रोत बनाते हैं। अंततः, सफलता को कम समय अवधि, त्वरित प्रमाणीकरण और भारत के भीतर निर्मित मूल्य की बढ़ती हिस्सेदारी से मापा जाना चाहिए।

**(यह लेखिका के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### आउटसोर्स कर्मियों ने निगम पोर्टल पर डाटा फीड कराने की मांग की



**सुमेरपुर।** विकासखंड कार्यालयों में तैनात आउटसोर्सिंग कर्मियों ने परियोजना निदेशक को ज्ञापन देकर उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के पोर्टल पर कर्मचारियों का विवरण फीड कराने की मांग की। कर्मचारियों ने बताया कि शासन ने 19 सितंबर 2025 को आउटसोर्सिंग कर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए निगम का गठन किया था। मुख्य विकास अधिकारी को जनपद में नोडल अधिकारी नामित किया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर दो सितंबर को आउटसोर्स कर्मियों को निगम में शामिल कर उनका डाटा पोर्टल पर फीड कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अभी तक जनपद के कर्मचारियों का विवरण फीड नहीं किया गया। ज्ञापन देने वालों में पंकज, रामकृपाल, प्रदीप कुमार, मनीष कुमार, रविकरण और मनोज कुमार आदि शामिल रहे।

### अवैध तमंचा-कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**सरीला।** जरिया थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 18 सितंबर को दांदी पुलिया के पास संदिग्ध अवस्था में मिले निखिल पुत्र देवेंद्र, निवासी चिल्ली थाना राठ को पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक निखिल के खिलाफ जरिया और राठ थानों में आर्म्स एक्ट, मारपीट, गाली-गलौज, धमकी और आबकारी अधिनियम सहित सात मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक ईश्वर नारायण, हेड कांस्टेबल पंकज सिंह और कांस्टेबल अंचल पटेरिया शामिल रहे।


### सिसैया खुर्द प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**राठ।** लखीमपुर खीरी के धौरहरा थाना क्षेत्र के सिसैया खुर्द गांव में 14 सितंबर की रात ग्रामीणों के साथ कथित पुलिस मारपीट और बल प्रयोग के मामले में अखिल भारतीय लोधी लोधा राजपूत महासभा ने राज्यपाल के नाम एसडीएम राठ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रकरण की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। संगठन ने बल प्रयोग का आदेश देने वाले अधिकारी की पहचान स्पष्ट करने, घायल महिलाओं और पुरुषों का मेडिकल परीक्षण कराने तथा ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष रूप सिंह राजपूत रावत, धर्मपाल सिंह राजपूत, अधिवक्ता जय सिंह राजपूत, राजेंद्र महान, जीतू, दिनेश प्रताप सिंह, ऋषभ लोधी, महेंद्र लोधी, नरेंद्र लोधी, वीर लोधी, जयप्रकाश लोधी, दिलीप और अनिल धनोरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पीएलवी ने विद्यार्थियों को बाल अधिकारों की जानकारी दी

**सुमेरपुर।** टढेंहरी सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में शुक्रवार को हिंदी दिवस पखवाड़े के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के मार्गदर्शन और सचिव वंदना अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में पीएलवी ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। बताया गया कि छह से 14 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार है। बाल श्रम, बाल विवाह, हिंसा, शोषण और अत्याचार से सुरक्षा के अधिकारों की भी जानकारी दी गई। जरूरतमंदों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई। इस दौरान शिक्षक हरीराम गुप्त, कैलाश सोनी, प्रधानाध्यापिका अनामिका गुप्ता सहित छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

### विश्वकर्मा जयंती पर लाभार्थियों को टूलकिट व ऋण के डमी चेक वितरित



**झांसी।** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विकास भवन सभागार में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नवीन 14 ट्रेडों की जानकारी दी गई तथा हलवाई ट्रेड के लाभार्थियों को टूलकिट वितरित की गई। विभिन्न स्वरोजगारपरक ऋण योजनाओं के तहत लाभार्थियों को डमी चेक भी दिए गए। कार्यक्रम में लखनऊ से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य रामतीर्थ सिंघल, रमा निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम और विधायक मऊरानीपुर रश्मि आर्या ने लाभार्थियों को टूलकिट एवं मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत ऋण के डमी चेक वितरित किए। जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।अंत में उपायुक्त उद्योग मनीष चौधरी ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, उद्यमियों, व्यापारियों एवं लाभार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों का मौके पर सत्यापन



**समथर (झांसी)।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चयनित लाभार्थियों के आवासों का सत्यापन करने के लिए उपजिलाधिकारी मोंठ मनीष धार्वे ने नगर का भ्रमण किया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी महेंद्र कुमार चौधरी और सदर लेखपाल राघवेंद्र यादव के साथ विभिन्न वार्डों में पहुंचकर लाभार्थियों की पात्रता का मौके पर आकलन किया। एसडीएम ने खान बहादुर, चुंगी नाका, बनरसयाना, तिबरयाना और अंबेडकर नगर वार्ड में चयनित लाभार्थियों के आवासों का निरीक्षण किया। इसके बाद नई बस्ती और विजयगढ़ थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मिनी पानी की टंकी तथा वार्ड नंबर तीन में कब्रिस्तान के पास बन रहे नाले का भी निरीक्षण किया।एसडीएम ने ईओ महेंद्र कुमार चौधरी को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभार्थियों के सत्यापन में पूरी पारदर्शिता बरती जाए, ताकि पात्र लोगों को ही योजना का लाभ मिल सके।

### आशीर्वाद दीप जलाकर विधायक ने प्रधानमंत्री का मनाया जन्मदिन



**नरैनी।** विधायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ऐतिहासिक कालिंजर दुर्ग में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर आशीर्वाद के दीपक जलाकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया। मंदिर के हवन ग्रह मंडप परिसर में बड़ी संख्या में आर्शीवाद दीपक जलाकर पीएम की लंबी उम्र की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को पूरे देश में उनके 25 वर्ष की जन सेवाओं को देखते हुए पार्टी द्वारा जगह–जगह सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत आर्शीवाद दीप जलाने का फैसला लिया था। गुरुवार की देरशाम क्षेत्रीय विधायक ओममणि वर्मा के नेतृत्व में ऐतिहासिक और पौराणिक दुर्ग कालिंजर स्थित नीलकंठ मंदिर के हवन ग्रह मंडप परिसर में बड़ी संख्या में आर्शीवाद दीपक जलाकर प्रधानमंत्री की लंबी आयु की कामना की। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं व पंचायत विभाग के कर्मचारियों ने भगवान नीलकंठ की पूजा अर्चना कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख मनफूल सिंह पटेल, बीडीओ धनराज कोटार्य, राकेश मिश्रा, ओमप्रकाश राजपूत, वीरेंद्र त्रिवेदी, कुलदीप त्रिपाठी, राघवेंद्र त्रिपाठी, संगीता निषाद, कोमल कुशवाहा, नीलांशु त्रिवेदी सहित तमाम कार्यकर्ता व पंचायत कर्मी उपस्थित रहे।

# डीएमएफ की बैठक में 66 विकास कार्यों पर 27.08 करोड़ की चर्चा

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**





कलेक्ट्रेट सभागार में राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास (DMF) की शासी परिषद एवं प्रबंध समिति की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, जिलाधिकारी अभिषेक गोयल व एडीएम राकेश कुमार समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में ष्ठरूल्र निधि के उपयोग और प्राथमिकता वाले विकास कार्यों पर चर्चा हुई। विभिन्न विभागों से प्राप्त 66 प्रस्तावों के लिए 2,708.39 लाख रुपये (27.08 करोड़ रुपये) की अनुमानित धनराशि पर विचार किया गया। अध्यक्ष बाबूराम निषाद ने प्रस्तावित कार्यों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने ष्ठरूल्र निधि का उपयोग अत्यंत आवश्यक और उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों में नियमानुसार तथा पारदर्शिता के साथ करने को कहा।

# विकास कार्यों में लापरवाही पर डीएम सख्त, कई विभागों से स्पष्टीकरण तलब



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी अभिषेक गोयल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा हुई। बैठक में देरी, खराब गुणवत्ता और भ्रामक रिपोर्टिंग पर संबंधित विभागों व कार्यदायी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सेतु निगम में दिसंबर 2026 तक पूरे होने वाले सेतुओं की अपेक्षित प्रगति न मिलने पर कार्यों की स्थिति और देरी के कारणों का स्पष्टीकरण तलब किया गया। जिम्मेदार ठेकेदारों पर अनुबंधीय प्रावधानों के तहत पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग में निर्माण खंड-1 के कार्यों में करीब 40 प्रतिशत तक देरी पर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया। जून 2026 में पूरी होने वाली चंद्रावल नदी की एप्रोच रोड लंबित मिलने पर भी जवाब तलब किया गया। निर्माण खंड-2 के 10 में से पांच कार्य विलंबित मिलने पर संबंधित एई-जेई की जवाबदेही तय कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। यूपीपीसीएल में कार्य पूर्ण दर्शाए गए, जबकि रिपोर्ट और धरातलीय स्थिति में अंतर मिला। इस पर स्पष्टीकरण तलब किया गया। 27 कार्य शुरू न होने पर कारण सहित रिपोर्ट मांगी गई। विद्युत विभाग में स्वासा खुर्द में 90 पोल लगाने के बावजूद करीब 10 साल से केबल न डालने पर जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की बैठक में अधिशासी अभियंता के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण और वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सम्बन्धित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### ज्योतिषी श्रीकांत त्रिपाठी के निधन से शोक की लहर



**गुरसरांय।** पंडित रामनारायण शास्त्री, ब्रह्मानंद दुबे महाविद्यालय के संचालक रविंद्र त्रिपाठी के पिताजी पूर्व अध्यापक पंडित श्रीकांत त्रिपाठी शास्त्री ज्योतिषाचार्य जी सिया वालों के आकस्मिक निधन पर संगीत गुरु पंडित परशुराम पाठक की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित की गई ,जिसमें गहरा शोक व्यक्त किया गया।शोक सभा में पंडित के के तिवारी, रामबाबू शर्मा ,डॉक्टर रविंद्र प्रकाश अरजरिया, राम प्रकाश अर्जरिया ,मेजर अखिलेश पिपरैया,शिवकुमार तिवारी ,ठाकुरदास तिवारी,सुरेंद्र तिवारी ,संतोष कौशिक,ओ पी शर्मा,कमलनयन शर्मा,राघवेंद्र तिवारी, जितेंद्र व्यास ,सुनील तिवारी ,अंबरीश वशिष्ठ ,विनोद पटेरिया ,छुन्ना कोठारी ,के एन मिश्रा, सुरेश आमली,गोविंद बल्लभ खरे,ध्रुव चतुर्वेदी ,शशिकांत पस्तोर सहित नगर के नागरिकउपस्थित रहे।

## राम कथा में सीता हरण और खर दूषण वध का प्रसंग सुनाया



**राठ।** श्री मेला जलविहार समिति के तत्वावधान में जलविहार मंदिर परिसर में चल रही राम कथा के चौथे दिन चित्रकूट से आए जगद्गुरु धीरेन्द्राचार्य महाराज ने श्रीराम के वन गमन से जुड़े प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने पंचवटी में निवास, शूर्पणखा प्रसंग और खर-दूषण वध की कथा सुनाई। इसके बाद मारीच के स्वर्ण मृग बनने, सीता द्वारा उसे पाने की इच्छा जताने और श्रीराम के उसके पीछे जाने का प्रसंग बताया। मारीच की राम जैसी आवाज सुनकर लक्ष्मण के कुटिया से जाने के बाद रावण द्वारा साधु का वेश धारण कर सीता हरण करने और मार्ग में जटायु द्वारा रावण से युद्ध करने का वर्णन किया। सीता के नहीं मिलने पर श्रीराम और लक्ष्मण द्वारा उनकी खोज करने का प्रसंग भी सुनाया गया। कथा में समिति अध्यक्ष केजी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, महामंत्री डॉ. रामगोपाल गुप्ता, रमेश सर्राफ, काशी प्रसाद गुप्ता, पंकज सोनी, मनोज सोनी, गिरीश अग्रवाल, राजू सोनी, बारे लाल गुप्ता, प्रदीप सोनी, श्यामकरन, रविंद्र अग्रवाल, मुख्य यजमान अवधेश जड़िया सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### नाबालिग से छेड़खानी में अभियुक्त को तीन साल की सजा

**हमीरपुर।** मझगवां थाना क्षेत्र में नाबालिग से छेड़खानी के मामले में विशेष पॉक्सो कोर्ट ने अभियुक्त लक्ष्मण अनुरागी पुत्र रामप्रसाद, निवासी कुल्हैंड़ा को तीन वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियुक्त के खिलाफ 6 मई 2022 को धारा 354 आईपीसी व 8 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। अभियोजन विभाग से समन्वय कर साक्षियों की समयबद्ध गवाही और प्रभावी पैरवी के बाद 18 सितंबर 2026 को न्यायालय ने दोषसिद्ध किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने करीब 17 वर्षीय किशोरी का गलत नीयत से हाथ पकड़ा था। मामले के विवेचक उनि गुलाब सिंह, अभियोजक एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह और पैरोकार कां. अनिल कुमार रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में 37वें प्रांतीय खेलकूद का शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**



राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हमीरपुर की मेजबानी में विद्या भारती का 37वां प्रांतीय त्रिदिवसीय खेलकूद समारोह शुरू हुआ। सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय शिक्षा के साथ संस्कार देने का कार्य करते हैं। समारोह में छात्र-छात्राओं ने मार्चपास्ट, स्काउट प्रदर्शन, स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पहले दिन 800 मीटर, 600 मीटर और 400 मीटर दौड़, गोला फेंक व लंबी कूद प्रतियोगिताएं हुईं। कानपुर प्रांत के आठ संकुलों से करीब 350 छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक रामकरण सिंह सहित कई पदाधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत रावारी के कूड़े का बिजौली सेंटर में होगा निस्तारण

**प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक**



**झांसी।** कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विकास परियोजनाओं, योजनाओं की प्रगति और कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में ग्राम पंचायत सिमरावारी और नगर निगम के बीच एमओयू हुआ। इसके तहत ग्राम पंचायत से निकलने वाले कूड़े को नगर निगम द्वारा बिजौली सेंटर भेजकर निस्तारित किया जाएगा।प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी गौरांग राठी की पहल पर डीएमएफ से करीब 22 करोड़ रुपये से सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के कार्य कराए जाने की सराहना की। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्टूडियो व कोचिंग, स्पोर्ट्स हब, डिजिटल लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और एआई आधारित कार्यों सहित अन्य नवाचारों को प्रोत्साहित किया।उन्होंने 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान को व्यापक स्तर पर आयोजित करने के निर्देश दिए। बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में लखनऊ से आने वाले कलाकारों के कार्यक्रम होंगे और जिले में कुल 27 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यालयों में भी कार्यक्रम कराने तथा बच्चों को सम्मानित करने के निर्देश दिए गए। प्रभारी मंत्री ने झांसी महोत्सव के लिए 50 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने पर्यटन विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं को जल्द पूरा कराने तथा बुंदेलखंड में ईको टूरिज्म की संभावनाओं को विकसित करने पर जोर दिया।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले-भर में विविध कार्यक्रम

- पीएम के जन्मदिवस पर दीप प्रज्ज्वलन, पौधरोपण कर लिया संकल्प

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और सेवा संकल्प अभियान के तहत जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। दीप प्रज्ज्वलन, सेवा कार्य, फल वितरण और पौधरोपण के माध्यम से सेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

**समथर में धार्मिक स्थलों और महापुरुषों की प्रतिमाओं पर जलाए दीप:** समथर में 'सेवा ही प्रभु सेवा' के भाव के साथ दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा मुख्य अतिथि रहे, जबकि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष देवेंद्र सिंह कंसाना ने अध्यक्षता की। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कृष्ण चंद्र तिवारी विशिष्ट अतिथि रहे। जीआईसी के समीप स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा और पीपरी बस स्टैंड स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के साथ विभिन्न मंदिरों और महापुरुषों की प्रतिमाओं पर दीप जलाए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज गुप्ता, मनोनीत पार्षद श्याम बिहारी दुबे, पार्षद रणबीर सिंह गुर्जर, पार्षद अरविंद श्रीवास, प्रतिपाल सिंह दांगी और सह सोशल मीडिया प्रभारी पवन बुलकिया सहित कार्यकर्ता व नागरिक मौजूद रहे।

**पहाड़पुरा स्टेट में केक काटकर मनाया जन्मदिन:** ग्राम पहाड़पुरा स्टेट में सेवा पखवाड़े के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया। कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने केक काटकर शुभकामनाएं दीं और 'आशीर्वाद का दीप' जलाकर देश की प्रगति की कामना की। कार्यक्रम में ओम प्रकाश मिश्रा, नरेंद्र सिंह गुर्जर, नंदू परिहार, लखन पाठक, रामू सिंह गुर्जर, प्रदीप बुधौलिया, प्रकाश साहू, संतोष माहौर, लक्ष्मी नारायण परिहार, मोंटू उपाध्याय और ऋषभ मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**बरुआसागर किले पर हुआ दीपोत्सव:** बरुआसागर किले पर प्रभारी मंत्री एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के मुख्य आतिथ्य में दीपोत्सव आयोजित कर सेवा संकल्प माह का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका के सफाई कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और पीपीई किट देकर सम्मानित किया गया। श्रम विभाग की कौशल योजना के तहत महिलाओं को सिलाई मशीनें भी वितरित की गईं। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह, जिला मंत्री एवं संयोजक मीनू राजावत, पालिकाध्यक्ष सुशीला कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अमर सिंह कुशवाहा, पार्षद विजय कुमार दुबे, प्यारेलाल रायकवार, और अधिशासी अधिकारी लालजी यादव सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

## गड्ढों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता, गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रख कर किया जाए: डीएम

- बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों के गड्ढों को भरने का सोमवार से चलेगा अभियान
- अभियंताओं ने रखी अपनी-अपनी कार्ययोजना

**समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।**



डीएम समीर ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में बारिश के दौरान सड़क मार्गों पर हुए गड्ढों व उनके मरम्मत कार्य की समीक्षा की। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंताओं ने अपने-अपने खंडों की गड्ढामुक्ति कार्ययोजना समक्ष प्रस्तुत की। डीएम ने निर्देश दिए कि चिन्हित मार्गों पर गड्ढों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए व कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान रखा जाए। प्रस्तुत कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रांतीय खंड, उरई के 47 मार्गों पर 189.26 किलोमीटर, निर्माण खंड-1, उरई के 39 मार्गों पर 150 किलोमीटर, निर्माण खंड-3, उरई के 73 मार्गों पर 213.96 किलोमीटर सड़क मार्ग को गड्ढामुक्त किया जाना प्रस्तावित है। इस प्रकार कुल 159 मार्गों की 553.220 किलोमीटर लंबाई में गड्ढामुक्ति का कार्य कराया जाएगा। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित मार्गों पर कार्य निर्धारित मानकों के अनुरुप शीघ्र प्रारंभ कराते हुए नियमित रुप से प्रगति की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण क्षतिग्रस्त सड़क मार्गों को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए संबंधित विभाग पूरी गंभीरता से कार्य करें। विभाग द्वारा बताया गया कि इन कार्यों के लिए अनुबंध गठित किए जा चुके हैं, सोमवार से गड्ढामुक्ति अभियान प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस दौरान अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अमित सक्सेना, सुनील, महेंद्र सिंह आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## फतेहगढ़ एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**उरई(जालौन)।** फतेहगढ़ में 15 से 17 सितंबर तक आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल आठ स्वर्ण और 16 रजत पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन फतेहगढ़ की एसपी आरती सिंह ने किया, जबकि समापन कानपुर के डीआईजी यमुना प्रसाद ने किया। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। 10 किलोमीटर दौड़ में जालौन के पवन ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं पांच किलोमीटर दौड़ में भी पवन ने प्रथम तथा शुभम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 42 किलोमीटर मैराथन रेस में जालौन की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसमें पवन प्रथम और महेश यादव द्वितीय रहे। 4×100 मीटर रिले में जालौन की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। टीम में मनोज यादव, प्रदीप यादव, समीर खान और शुभम शामिल रहे। महिला वर्ग में जालौन की रूपल ने 100, 200 और 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में अंशिका ने प्रथम तथा 1500 मीटर दौड़ में मालती ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

### नव विवाहिता फांसी के फंदे पर झूलती मिली हुई संदिग्ध मौत



**महोबा।** एक विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ पाया गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतार का पंचायत नामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष पर मृतका के साथ बंधक बनाकर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। जिले के कबरई थाना के कस्बा कबरई के मोहल्ला विवेक नगर निवासी नवविवाहिता आरती (24) वर्ष का संदिग्ध अवस्था में घर पर फाँसी के फंदे से लटका हुआ शव मिलने से सनसनी मच गई। पुलिस ने मृतिका के शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम उपरान्त परिवार जनों के सुपुर्द कर दिया है। मायके पक्ष के ग्राम बहिलपुरवा चित्रकूट निवासी पिता और बड़ी बहिन ने ससुराल पक्ष पर बंधक बनाकर मारपीट कर फाँसी लगाकर मारने के गम्भीर आरोप लगाए गये है। कबरई कोतवाल संतोष सिंह का कहना है कि मृतक का पोस्टमार्टम कराया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जो भी मृत्यु का कारण होगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी फिलहाल अगर मैं के पक्ष के लोग कोई तहरीर देते हैं तो उसे पर कार्यवाही की जाएगी फिलहाल पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

# आयुक्त ने लंपी प्रभावित पशुओं का टीकाकरण कराने के दिए निर्देश

- जिले में लंपी संक्रमण रोकथाम को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



पशुओं में लंपी स्किन डिजीज (एलएसडी) को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। आयुक्त ने बीमारी की रोकथाम के लिए पशु विभाग अधिकारियों को पशुओं की निगरानी के साथ टीकाकरण अभियान चलाने के निर्देश दिए। कहा कि पशुपालन, ग्राम विकास व पंचायतीराज विभाग के विकास खंड स्तरीय नोडल अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गौशाला संचालकों के साथ जनजागरूकता बैठकें करें। आयुक्त अजीत कुमार ने मंडल के चारों जनपदों बांदा, महोबा, चित्रकूट व हमीरपुर के जिलाधिकारियों व मुख्य विकास अधिकारियों को लंबी स्किन डिजीज (एलएसडी) के प्रसार को रोकने को विशेष प्राथमिकता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पशुधन विभाग प्रमुख सचिव के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि लंपी विषाणु जनित संक्रामक रोग है और गोवंश में संक्रमण हुआ है। इसका प्रसार प्रभावित पशुओं से वेक्टर (मच्छर व मक्खी) के माध्यम से अन्य पशुओं में तेजी से फैलता है। आयुक्त ने कहा कि अपने स्तर पर पशुपालन, ग्राम विकास व पंचायतीराज विभाग के विकासखंड स्तरीय नोडल अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गौशाला संचालकों के साथ जनजागरूकता बैठकें करें। एलएसडी वैक्सीन की उपलब्धता व कोल्डचेन की स्थिति की सत्त समीक्षा की जाये।

# खाने में कीड़े निकलने पर पॉलिटेक्निक छात्रों का हंगामा

- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शुरू की जांच
- शिकायत पर शिक्षकों द्वारा धमकाने का आरोप

**समृद्धि न्यूज़, कुलपहाड़ (महोबा)।**



जिले के कुलपहाड़ कस्बा के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कुलपहाड़ में गुरुवार को खाना खाने के दौरान कीड़े निकलने से छात्रों में आक्रोश फैल गया। छात्रों ने एकत्र होकर कॉलेज परिसर में विरोध जताया और खाने की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। छात्रों ने डायल-112 पर सूचना देकर पुलिस को भी बुलाया। छात्रों का आरोप है कि खाने की गुणवत्ता को लेकर पहले भी शिकायतें की गईं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। शिकायत करने पर शिक्षकों द्वारा धमकाने का आरोप भी छात्रों ने लगाया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रों से मामले की जानकारी लेते हुए जांच शुरू की। वहीं कॉलेज के प्रिंसिपल दिनेश यादव ने छात्रों द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि पहले भी छात्रों की ओर से शिकायत आई थी, जिसका समाधान कराया गया था। वर्तमान में कॉलेज में एक मेस संचालित है, जबकि छात्रों की संख्या करीब 124 है। छात्रों की सुविधा के लिए एक और मेस खोलने की प्रक्रिया की जाएगी, जिससे उन्हें बेहतर विकल्प मिल सके। मेस संचालक कृष्णा साहू ने कहा कि बरसात का मौसम होने के कारण खाने में कीड़े आने की संभावना हो सकती है। उनका कहना है कि कई छात्र समय पर खाना नहीं खाते और भोजन अपने कमरों में ले जाते हैं, जिसके बाद कीड़े निकलने की स्थिति में मेस की जिम्मेदारी नहीं बनती। उन्होंने खाने की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने की बात कही। प्रिंसिपल दिनेश यादव ने कहा कि यदि छात्र भोजन व्यवस्था से संतुष्ट नहीं हैं तो यह कॉलेज के लिए उचित स्थिति नहीं है। छात्रों की समस्या का जल्द समाधान कराया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सीएम सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत

# 175 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न

- विधायक सदर व सीडीओ ने नव वैवाहिक जोड़े को दिया आशीर्वाद

**समृद्धि न्यूज रायबरेली, अमावां।**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड अमावां के राणा बेनी माधव सिंह मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस भव्य आयोजन का शुभारंभ विधायक सदर अदिति सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी आर.वी. सिंह द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों को सात फेरे दिलाए और विवाह की पूरी रस्में निभाई। इस सामूहिक विवाह समारोह में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के 175 जोड़ों ने भाग लिया, जिसमें विकास खण्ड अमावां 77, राही 73 एवं न.पा.परि. रायबरेली 25 जोड़े सम्मिलित रहे। सामूहिक विवाह में विधायक सदर व मुख्य विकास अधिकारी ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सभी नव दंपतियों को नए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी तथा प्रत्येक जोड़ो को वस्त्र, डिनर सेट, ट्रॉली बैग आदि उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। इस अवसर पर विधायक सदर ने वर-वधुओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि आज आप अपनी जिंदगी की नई शुरूआत करने जा रहे हैं, जिसके लिए आप सभी को बधाई व शुभकामनाएं। इस आयोजन में 175 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आज के इस आयोजन में 175 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है, यह शासन की प्राथमिकता की महत्वपूर्ण योजना है। मंच का संचालन अभिषेक द्विवेदी द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह, खण्ड विकास अधिकारी अमावां संदीप सिंह, जिला पंचायत सदस्य राघवेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहें।



नवविवाहित जोडो को आशीर्वाद देती सदर विधायक अदिति सिंह

# यूपीआई शुल्क के विरोध में कांग्रेस ने भेजा ज्ञापन

- कांग्रेस ने केंद्र सरकार से व्यवस्था पर तत्काल पुनर्विचार कर इसे वापस लेने की मांग की

**समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।**

यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित नए शुल्क के विरोध में शुक्रवार को जिला/शहर कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व और शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने शुल्क व्यवस्था वापस लेने की मांग की। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि यूपीआई डिजिटल भुगतान व्यवस्था का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि नए शुल्क से छोटे दुकानदारों, व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार से इस व्यवस्था पर तत्काल पुनर्विचार कर इसे वापस लेने की मांग की। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि रोजमर्रा के लेनदेन में यूपीआई का व्यापक उपयोग होता है, इसलिए किसी भी अतिरिक्त शुल्क का असर छोटे कारोबारियों पर पड़ सकता है।प्रदर्शन में राजेश तिवारी, आरबी पांडे, ममनून आलम, सुरेशचंद्र मिश्र, जाकिर हसन, रब्बन हाशमी, मोहित तिवारी, सुरेंद्र शुक्ला, आजाद अहमद व गुड्डू आदि शामिल रहे।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी

## विकसित भारत विषय पर भाषण, चित्रकला व वाद-विवाद प्रतियोगिता

**लंभुआ, सुल्तानपुर।** स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज गोपालपुर मधैया में गुरुवार को 'मेरे सपनों का भारत' कार्यक्रम के तहत विकसित भारत एवं उत्तर प्रदेश विषय पर भाषण, चित्रकला और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत चयनित 20 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जबकि प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। भाषण प्रतियोगिता में कौशल तिवारी और आकांक्षा ने, चित्रकला में तनवी गुप्ता, श्रेया विश्वकर्मा, अंकिता, मुस्कान प्रजापति व काजल ने तथा वाद-विवाद में साक्षी और शिवांश यादव ने बेहतर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में ब्लॉक नोडल अधिकारी सत्य प्रकाश बरनवाल, विद्यालय नोडल अधिकारी विजय शंकर शुक्ला, शिव शंकर शुक्ला, जगदीश प्रसाद पांडे और लालजी आदि मौजूद रहे।

# नियत स्थान पर ही फेंके कूड़ा,नहीं तो होगी कार्यवाही

**समृद्धि न्यूज, कुड़वार सुल्तानपुर।**

स्थानीय कस्बे के व्यापारी कस्बे के बगल इधर उधर सड़क के किनारे कूड़ा फेंक कर गंदगी फैलाते है।जिसे शिकायत पर विकास विभाग द्वारा साफ सफाई कराई जाती है। लेकिन अब विकास महकमा भी कार्यवाही के मूड में आ गया। नियत स्थान के अलावा इधर उधर कूड़ा फेंकने वालों पर कार्यवाही की तलवार लटक रही है। बता दे कि स्थानीय कस्बे में नौगवां रोड के किनारे,कम्पोजिट स्कूल के सामने, पंच रास्ते से मंडी जाने वाले मार्ग सहित पंचायत भवन के आगे सड़क किनारे लोगो द्वारा कूड़े का अंबार लगाया गया था।जिसे शुक्रवार को पंचायत द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर साफ सफाई कराई गई। कई बार इन स्थलों पर विकास विभाग द्वारा साफ सफाई कराकर नियत स्थल या नजदीकी गड्ढों में कूड़ा फेंकने की सलाह दी गई। लेकिन कोई भी इसे मानने को तैयार नहीं है। सड़क के किनारे लगातार कूड़े पड़े रहने से संक्रामक रोगो का खतरा बना रहता है। और आने जाने वालों को गंदगी की दुर्गंध से निकलना पड़ता है। साफ सफाई कराते हुए ग्राम पंचायत सचिव/प्रभारी एडीओ पंचायत संतोष पाल ने कहा कि अब अगर इन स्थलों पर कूड़ा फेंका गया तो फेंकने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

साथ ही उन पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। स्वच्छता के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।



कुड़वार नौगवां रोड पर कूड़ा साफ करती मशीन

# कृष्ण की बाल लीलाओं ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

**सुलतानपुर।** सिविल लाइन गोलाघाट स्थित डॉ. विनोद कुमार सिंह के आवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन काशी से पधारे कथावाचक एवं ज्योतिषाचार्य डॉ. प्रभाकर पाण्डेय ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने पूतना वध, कालिया नाग मर्दन और गोवर्धन लीला के प्रसंग सुनाए। कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में मानव जीवन के लिए संदेश निहित हैं। पूतना प्रसंग से छल-कपट व आसुरी प्रवृत्तियों के अंत तथा कालिया नाग मर्दन से अहंकार और विषैली प्रवृत्तियों का त्याग करने की प्रेरणा मिलती है। गोवर्धन लीला के माध्यम से प्रकृति, गौवंश और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर रहे। प्रो. विनोद कुमार सिंह, श्याम सुंदर सिंह 'लहुरी काका', प्रो. शक्ति सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, डॉ. जयशंकर शुक्ल, डॉ. सुशील कुमार सिंह समेत सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद रहे। कथा प्रतिदिन शाम चार से रात आठ बजे तक हो रही है।



श्रीमद्भागवत कथा सुनती महिलाएं

# मानदेय बढ़ाने की मांग पर आंगनबाड़ी ने सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।**

प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के मानदेय में संतोषजनक वृद्धि और न्यूनतम मानदेय 18 हजार रुपये किए जाने की मांग को लेकर महिला आंगनबाड़ी संघ ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष नीलम श्रीवास्तव ने ज्ञापन में कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं बाल विकास एवं पोषण संबंधी योजनाओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ज्ञापन में शासन के जारी आदेश का हवाला देते हुए कहा गया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय में 1500 रुपये तथा सहायिकाओं के मानदेय में 750 रुपये की वृद्धि की गई है। इसके अतिरिक्त पीएलआई के रूप में कार्यकत्रियों को 2500 रुपये और सहायिकाओं को 1250 रुपये दिए जाने का उल्लेख है। संघ ने मांग की कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को संविदा परिषद के मानकों के अनुरूप रखते हुए न्यूनतम मानदेय 18 हजार रुपये किया जाए।ज्ञापन में पोषण ट्रैकर के जीपीएस आधारित संचालन से हो रही दिक्कतों का भी उल्लेख किया गया। संघ ने पोषण ट्रैकर को पूर्व की भांति बिना जीपीएस के संचालित किए जाने की मांग की। संगठन ने समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है।



ज्ञापन सौंपती महिला आंगनबाड़ी संघ जिलाध्यक्ष

## खबरें एक नजर में

### समेकित विद्यालय के दिव्यांग छात्रों का हुआ मेडिकल परीक्षण

**प्रयागराज।** राजकीय समेकित विशेष माध्यामिक विद्यालय गेदुराही मेजा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों द्वारा 79 दिव्यांग एवं सामान्य छात्रों का वायरल बुखार, मौसमी जनित वायरस, डायरिया, सफाई, सावधानियां तथा ताजा खाना खाने इत्यादि के सम्बन्ध आवश्यक जांच कर नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। मूक बधिर एवं दृष्टिबाधित दिव्यांग अंजनी दुबे, दिव्यांश, श्रेयांश, शनि कुमार, रेशमा बानो, ऋषिराज, आकांक्षा, उपासना, सुमित, सत्यम, उपासना, सौम्या, समर, विमलेश, प्रतिभा, रिया किशन पाण्डेय, अमित, राज, बंटी समेत उपस्थित छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, कुछ छात्रों को निशुल्क मलहम, आयरन, फोलिक एसिड आदि दवाएं प्रदान की गई। छात्रा रबीना कुमारी कक्षा-10 को कान में दिक्कत होने पर एसआरएन अस्पताल प्रयागराज दिखाने के लिए संदर्भित किया गया। इस अवसर पर सीएचसी मेजा के चिकित्सक डॉक्टर देवेन्द्र प्रताप सिंह, डॉक्टर आयशा फातिमा, डॉक्टर दिनेश पासवान, कविता प्रजापति, स्टाफ नर्स दीपशिखा शुक्ला द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार, शिक्षिका अनिता सरन, ऋषभ मिश्रा सहित विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहकर मेडिकल परीक्षण की टीम का सहयोग प्रदान किया गया।

### जलभराव से खड़ंजा मार्ग बदहाल, ग्रामीण परेशान

**कुड़वार, सुल्तानपुर।** सोहगौली ग्राम पंचायत में करीब 40 मीटर खड़ंजा मार्ग पर जलभराव से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। लंबे समय से पानी जमा रहने के कारण रास्ते पर कीचड़ हो गया है। इससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों समेत सैकड़ों ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार नाली और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बारिश व घरों का पानी रास्ते पर जमा होता है। गांव निवासी लवकुश तिवारी ने बताया कि करीब पांच वर्षों से रास्ते को दुरुस्त कराने की मांग की जा रही है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी विवेक कटियार से मार्ग की मरम्मत और जलनिकासी की व्यवस्था कराने की मांग की। बीडीओ ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच कराकर समस्या का शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा।

### परसीपुर में लगी चौपाल

**कुड़वार, सुल्तानपुर।** सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ग्रामीणों की समस्या का समाधान करने के लिए परसीपुर ग्राम पंचायत में पंचायत भवन पर चौपाल का आयोजन किया गया। शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी विवेक कटियार की अध्यक्षता में चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में आए हुए लोगों को पेंशन, आवास, वीबीबीजीरामजी योजना, शौचालय आदि के बारे में जानकारी दी गई।चौपाल के दौरान परिवार रजिस्टर से संबंधित दो शिकायत व पेंशन से संबंधित दो शिकायत आई। जिनका मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान योगेंद्र तिवारी, सचिव, एडीओ पंचायत संतोष पाल,एपीओ वसीम खान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### गोवंश से टकराकर बाइक सवार दो युवक घायल

**चांदा, सुलतानपुर।** प्रतापगढ़ जिले के सैफाबाद क्षेत्र में जालपा नहर के पास देर रात सड़क पर अचानक गोवंश आ जाने से बाइक सवार दो युवक उससे टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल सुलतानपुर रेफर कर दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के एकडरिया गांव निवासी विनय कुमार पुत्र राम सिंह और अभिषेक पुत्र ओमप्रकाश बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान जालपा नहर के पास हादसा हो गया। दुर्घटना की सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

### चांदा बाजार से महारानी पश्चिम मार्ग जर्जर

**चांदा, सुलतानपुर।** चांदा कस्बे से गल्ला मंडी होकर दलित बस्ती व महारानी पश्चिम गांव को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग जर्जर हो गया है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे और उखड़ी गिट्टियों के कारण राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। ग्रामीणों के अनुसार मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ स्कूली वाहन भी गुजरते हैं। सड़क के दोनों किनारों की मिट्टी कटने से मार्ग की चौड़ाई भी प्रभावित हुई है। अजय दूबे, कृष्ण कुमार, दयाराम, गोविन्द, बलिकरन व राजेश कुमार सहित ग्रामीणों ने सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

### केएनआई में दीप प्रज्वलन के साथ सेवा संकल्प अभियान शुरू



**सुलतानपुर।** केएनआईपीएसएस स्वायत्तशासी संस्थान में गुरुवार को 'सेवा दिवस' के अवसर पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. सुनील प्रताप सिंह की अगुवाई में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले संस्थान परिसर में 500 से अधिक दीप जलाए गए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक सेवा काल की जानकारी साझा की गई तथा विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए जन एवं राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया गया। प्राचार्य ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक स्वास्थ्य, स्वच्छता, मतदाता जागरूकता, नशा उन्मूलन, कला एवं संस्कृति समेत विभिन्न विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम होंगे। क्विज, भाषण और रंगोली जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में आईक्यूएसी निदेशक डॉ. आलोक कुमार वर्मा, डॉ. अवधेश प्रताप सिंह, डॉ. आरपी मिश्र, डॉ. अजीत कुमार सिंह, नवीन विक्रम सिंह समेत कायक्रमाधिकारी, स्वयंसेवक, विद्यार्थी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# दूबेपुर में निकली पोषण जागरूकता रैली

- बाल विकास परियोजना अधिकारी दूबेपुर की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम
- दिए पोषण के संदेश

**समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।**

9वें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत शुक्रवार को बाल विकास परियोजना दूबेपुर में पोषण जागरूकता रैली निकाली गई। खंड विकास अधिकारी दूबेपुर ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कार्यक्रम बाल विकास परियोजना अधिकारी दूबेपुर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

रैली में मुख्य सेविकाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। हाथों में पोषण संबंधी संदेश लिखी तख्तियां लेकर कार्यकर्ताओं ने लोगों को संतुलित आहार, पर्याप्त पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा कुपोषण से बचाव के प्रति जागरूक किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के लिए पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने पोषण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को पोषण संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। रैली में बाल विकास विभाग की मुख्य सेविकाएं और बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।




दूबेपुर में पोषण माह पर जागरूकता रैली निकालते कर्मचारी

## स्थानांतरण पर बीईओ श्याम विहारी को दी भावभीनी विदाई

**सुलतानपुर।** बल्दीराय विकास क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी श्याम विहारी के स्थानांतरण पर शुक्रवार को बीआरसी बल्दीराय में विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिक्षकों और शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ व स्मृति-चिह्न भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल में मिले मार्गदर्शन, सहयोग और सरल व्यवहार की सराहना की। कहा कि उनके कार्यकाल में विभागीय कार्यों के संचालन में शिक्षकों व कर्मचारियों को निरंतर सहयोग मिला। श्याम विहारी ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि विभाग की सफलता सामूहिक प्रयास से संभव है। उन्होंने बच्चों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। समारोह में शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी और शिक्षक मौजूद रहे।

# भूमाफियाओं को लेकर जिलाधिकारी के तेवर सख्त

**समृद्धि न्यूज,प्रयागराज।**

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में भूमाफियाओं के विरूद्ध कार्रवाई एवं अवैध-खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किए जाने के लिए जनपद स्तर पर गठित टॉस्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में ज़िलाधिकारी ने टास्कफोर्स टीम को अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए लगातार इंफोर्समेंट की कार्यवाही में और तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं । उन्होंने अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए शख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि यदि अवैध खनन की सूचना मिलती है तो संबंधित उपजिलाधिकारी की भी जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने भूमाफियाओं पर किसी तरह की ढिलाई न बरतने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बिना नम्बर प्लेट, अस्पष्ट एवं धूमिल नम्बर प्लेट का प्रयोग करने वाले वाहनों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई किए जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने पुलिस, खनिज विभाग एवं तहसील की टास्क फोर्स टीम द्वारा अवैध परिवहन एवं ओवर लोडिंग में संलिप्त उपखनिजों का परिवहन कर रहे वाहनों की निरंतर जांच करते हुए इस पर रोक लगाये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

## डलमऊ पम्प नहर 15 अक्टूबर तक रहेगी बंद

**रायबरेली।** अधिशासी अभियंता, रायबरेली खंड (द0), शारदा नहर, रायबरेली बृजेश मौर्य ने बताया कि पानी की मांग न होने तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के उद्देश्य से डलमऊ पम्प नहर (डीपीसी) को 07 सितम्बर 2026 से 15 अक्टूबर 2026 तक प्रस्तावित बंदी अवधि में बंद रखा गया है। उन्होंने बताया कि बंदी अवधि में जनपद रायबरेली में इस खंड के अंतर्गत डीपीसी के किमी 4.230, किमी 8.260, किमी 16.161 एवं किमी 18.481 पर वीआरबी के पुनर्निर्माण तथा किमी 25.296 पर निर्मित पुल के विस्तारीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इन स्वीकृत परियोजनाओं के निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर हैं। अधिशासी अभियंता ने बताया कि विगत अवधि में क्षेत्र में अच्छी वर्षा होने के कारण उक्त निर्माण कार्यों को बंदी अवधि में कराने के संबंध में क्षेत्रीय कृषकों, ग्राम प्रधानों एवं जनप्रतिनिधियों से समन्वय एवं वार्ता कर उनकी सहमति प्राप्त की गई है।

# यूपीआई भुगतान पर नया शुल्क लागू करने के विरोध में किया प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

भाजपा सरकार द्वारा यू.पी.आई. भुगतान पर नया शुल्क लागू करने के विरोध में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया, इस मौके जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा यू.पी.आई. भुगतान व्यवस्था के सम्बन्ध में शुल्क में बढ़ोत्तरी करने का निश्चय किया गया है, जिसके फ्लस्वरूप व्यापारियों में अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की चिन्ता उत्पन्न होना स्वाभाविक है। तमाम व्यापारिक संगठनों द्वारा इस व्यवस्था को लेकर आपत्ति जाहिर कर रहे है। ऑनलाइन खरीद-बिक्री पर 0५4: बढ़ोत्तरी कर दिए जाने से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से आम जनता भी प्रभावित होगी। ज्ञातब्य है कि रु.2000/-अथवा इससे ज्यादा ऑनलाइन भुगतान करने पर अतिरिक्त धन चुकाना होगा। इसके अतिरिक्त बनाए गए नियम अस्पष्ट व भ्रामक है और छुपे तौर पर मर्चेन्ट ट्रांजैक्शन पर चार्ज लगाने से आम जनता, पटरी दुकानदार, रोज कमाने खाने वाले, छोटे व्यापारी पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि भले ही यह शुल्क व्यापारियों पर लगाया गया है, लेकिन दुकानदार इसकी भरपाई आम आदमी से ही करेगा।

# छात्र ने छात्र को बेल्ट से पीटकर किया घायल

**समृद्धि न्यूज, बछरावां-रायबरेली।**

कक्षा नौ के छात्र को कक्षा 12 के छात्र ने बेल्ट से पीटा, शरीर पर बेल्ट के निशान देखे गए, जिसका इलाज अस्पताल में किया गया है। विदित हो कि बृहस्पतिवार रात्रि 8:30 बजे चोटिल अवस्था में एक कक्षा 9 के छात्र को अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयप्रकाश नारायण सर्वोदय आश्रम पद्धति विद्यालय, शेखपुर समोधा में गुरुवार को कक्षा नौ के छात्र की कक्षा 12 के छात्र ने बेल्ट से पिटाई कर दी।

मारपीट में छात्र के शरीर पर बेल्ट के निशान पड़ गए। घटना की जानकारी होते ही विद्यालय में हड़कंप मच गया। स्कूल प्रबंधन ने घायल छात्र को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार कराया गया। विद्यालय में कक्षा नौ में पढ़ने वाले प्रीतम पुत्र राजकुमार का किसी बात को लेकर कक्षा 12 के छात्र विशाल से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान विशाल ने प्रीतम की बेल्ट से पिटाई कर दी। घटना के बाद छात्र को विद्यालय प्रबंधन की ओर से अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। घटना की जानकारी मिलने पर छात्र के परिजन भी मामले को लेकर विद्यालय पहुंचे। उन्होंने छात्र के साथ हुई मारपीट पर नाराजगी जताते हुए कार्यवाही की मांग की। विद्यालय प्रबंधन द्वारा मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। इससे पहले भी विद्यालय में छात्रों से जुड़ी अव्यवस्थाओं और शिकायतों को लेकर मामला चर्चा में रहा है। इस बाबत थानाध्यक्ष श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की जानकारी थाने पर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।



चोट के निशान दिखाता छात्र

> मारपीट में छात्र के शरीर पर बेल्ट के निशान पड़ गए घटना की जानकारी होते ही विद्यालय में मचा हड़कंप

# पीएम के जन्मदिन पर हुआ सीएचसी रानीगंज में दिव्य दीपोत्सव

**समृद्धि न्यूज,रानीगंज-प्रतापगढ़।**

रानीगंज क्षेत्र के देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के पावन अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगज दीपोत्सव का अलौकिक दृश्य देखने को मिला। डिम्पू के सानिध्य में सभी उपकेंद्र पर दीयों की रोशनी से जगमगा उठा। इस अवसर पर अधीक्षक डा. नौसाद हुसेन ने संयुक्त रूप से सभी उपकेंद्र पर दीप प्रज्वलित विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती की तथा प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। आयोजित इस दिव्य आरती में जय श्रीराम उद्घोष से पूरा गूज उठा। समस्त कर्मचारी, और क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ पूरे कार्यक्रम मे संगिनी आरती मिश्रा, सी एच ओ आजाद, ए एन एम अंकिता मौर्या, ए एन एम मनीषा रजक, सरगम, कंचन, आशा बन्दना कश्यप, सुमन त्रिपाठी, रेखा मिश्रा एवं सभी स्टाप के लोग मौजूद रहे।



## कोर्ट के वांछित तीन वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए कोर्ट द्वारा वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली के दरोगा ज्ञान चन्द्र तिवारी पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्र में गश्त पर निकले थे। इसी दौरान पुलिस टीम ने कोतवाली क्षेत्र के पूरे निधई मेढ़ावां गांव में दबिश दी। पुलिस ने वहां से गंभीर आपराधिक मुकदमे में न्यायालय द्वारा वांछित चल रहे तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मो0 रफीक पुत्र इम्तियाज अली, आबिद अली पुत्र मुन्ना और सद्दाम पुत्र मो. रफीक के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तीनों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था और न्यायालय ने वारंट जारी किया था। लंबे समय से पुलिस को इनकी तलाश थी। पुलिस ने तीनों को कोतवाली लाकर पूछताछ की और विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

# सुरक्षित देखभाल विषय पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

विश्व रोगी सुरक्षा दिवस 2026 के मौके पर, एम्स रायबरेली के अस्पताल प्रशासन विभाग के क्वालिटी सेल ने कार्डियोलॉजी विभाग की में गैर-संचारी रोगों के लिए सुरक्षित देखभाल विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यकारी निदेशक, डॉ. अमिता जैन ने बोर्ड रूम से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने संस्थान में रोगी सुरक्षा की संस्कृति को मजबूत करने के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गैर-संचारी रोगों से पीड़ित रोगियों को दी जाने वाली देखभाल की गुणवत्ता और सुरक्षा में सुधार करने और रोके जा सकने वाले नुकसान को कम करने में रोगियों और स्वास्थ्य कर्मियों के बीच जागरूकता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रोगियों, तीमारदारों, स्वास्थ्य पेशेवरों और छात्रों के बीच गैर-संचारी रोगों, विशेष रूप से हृदय रोगों और अन्य पुरानी बीमारियों की रोकथाम, निदान और प्रबंधन में रोगी सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना था।

कार्यक्रम के दौरान, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आशीष जैन ने सुरक्षित और समय पर हृदय संबंधी देखभाल, बताए गए इलाज का पालन, नियमित फॉलो-अप, जीवनशैली में बदलाव और अपनी देखभाल में रोगियों की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला।

## कम्पोजिट विद्यालय में तिथि भोज उत्सव सम्पन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के मार्गदर्शन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह के निर्देशन एवं खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को कम्पोजिट विद्यालय शिवगढ़ में तिथि भोज उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार बाजपेई के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुंवर रानी श्रद्धा सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह मौजूद रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं स्टाफने अतिथियों को बुके भेंट कर एवं प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया। तिथि भोज उत्सव के दौरान अतिथियों ने बच्चों के साथ पंक्ति में बैठकर भोजन किया। कुंवर रानी श्रद्धा सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शेफाली रस्तोगी, खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह, सभासद ममता वर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों के साथ भोजन कर उनमें अपनत्व, समानता और भाईचारे का भाव जगाया।

# सरकार प्रजापति समाज से कर रही अपमान वाला व्यवहार

**समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज, कन्नौज।**



नगर में आयोजित पीडीए पंचायत में हमीरपुर के पूर्व प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति का छिबरामऊ के पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने जोरदार स्वागत किया। पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने कहा कि मौजूदा सरकार में प्रजापति समाज के साथ लगातार अपमान वाला व्यवहार किया जा रहा है। पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग को किनारे करने का काम किया गया है। महंगाई लगातार बढ़ रही है और आम लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। प्रदेश में लूटपाट की घटनाओं से जनता में डर का माहौल है। समाजवादी पार्टी ही सामाजिक न्याय दिला सकती है और पीडीए ही मौजूदा सरकार को सत्ता से बाहर करेगा। नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के पूर्व प्रत्याशी और वरिष्ठ युवा समाजवादी नेता छोटे ठाकुर ने कहा कि गुरसहायगंज की जनता पीडीए के साथ मजबूती से खड़ी है। नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है और नगर में विकास के नाम पर केवल दिखावा हो रहा है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर पीडीए का संदेश पहुंचा रहे हैं और आने वाले चुनाव में इसका परिणाम दिखेगा।

हमीरपुर के पूर्व प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति ने कहा कि प्रजापति समाज अब जाग गया है और अपने सम्मान के लिए पीडीए के साथ मजबूती से खड़ा है। पीडीए की आवाज को मजबूत करने और सामाजिक न्याय के लिए समाजवादी साथी लगातार जनता के बीच अपनी बात रख रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन आदिल परवेज ने किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कलीम खान, राजसिंह चौहान, विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल, सत्तन बाथम, प्रदेश सचिव इरफान हुसैन, विधानसभा प्रभारी हारून खान, वसीम हसन लल्ला, रामसेवक बाथम, राज कुमार प्रजापति, शिवम प्रजापति, अजय प्रजापति, बीके प्रजापति, नाहर यादव, मुकीम खान, नगर अध्यक्ष अजीम सिद्दीकी, अमन खान, रणधीर चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गौवंशों के शव उठाने को जेसीबी और एंबुलेंस की मांग

**कन्नौज।** सड़क हादसों में जान गंवाने वाले गौवंशों के शवों के निस्तारण और बीमार गौवंशों के इलाज की व्यवस्था को लेकर सनातन हिन्दू सेना दल जिलाध्यक्ष राकेश राजपूत ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। दल ने हादसों में मृत गौवंशों के शव उठाने के लिए जेसीबी की व्यवस्था कराने के साथ उनके अंतिम संस्कार की समुचित व्यवस्था किए जाने की मांग की। ज्ञापन में बीमार और घायल गौवंशों के तत्काल उपचार के लिए गौवंश एंबुलेंस उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। दल के अध्यक्ष राकेश राजपूत ने कहा कि सड़क किनारे मृत गौवंश पड़े रहने से लोगों को परेशानी होती है और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने कहा कि गौवंशों की सेवा और संरक्षण के लिए प्रभावी व्यवस्था जरूरी है। उन्होंने सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में गौवंश संरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं की जांच में संगठन को सहयोग दिए जाने की मांग भी की गई।

# रंगारंग कार्यक्रमों से बच्चों ने मोह लिया मन

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी के सौजन्य से चल रहे श्री गणेश महोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे ने भगवान श्री गणेश जी की आरती की जबकि मुख्य अतिथि सचिन अग्निहोत्री ने भगवान श्री गणेश जी का दीपार्चन किया। इसके बाद नन्हे मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की झड़ी लगा दी।

मेरा जी लागे से बाबा में बाबा में भजन पर आरब अग्निहोत्री ने नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। मेराआपकी कृपा से सब काम हो रहा है करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है भक्ति गीत पर यशिका रानी तिवारी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। दर्शकों ने भाव विभोर होकर तालियां बजाईं। एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम कृष्णा, आशु, कछ्छू, हिमांशु, करिया, सिमरन, यशिका रानी, आंसिका, लक्ष्मी, प्रांशु, यश तिवारी, स्पर्श तिवारी, मानवी मिश्रा आदि बच्चों ने देर रात तक प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे ने कहा प्रभु की इच्छा के बिना कोई भी कार्य संपन्न नहीं होता। नगर के कई मंचों पर मैं जाता हूं लेकिन जो भक्ति का भाव इंदिरा आवास कॉलोनी के मंच पर देखने को मिलता है ऐसा कहीं नहीं मिलता। जय बालाजी सेवा समिति द्वारा संचालित श्री गणेश महोत्सव नगर में अपनी एक खास पहचान बना चुका है जिसका नगर में प्रथम स्थान रहता है। मैं चाहता हूं यह कार्यक्रम अविरल इसी प्रकार चलता रहे। मेरे सहयोग की जहां भी जरूरत होगी तन मन धन से मैं सहयोग करता रहूंगा।कार्यक्रमों के आयोजन में प्रशांत तिवारी एडवोकेट राजेश तिवारी, पंकज मिश्रा, अक्कू श्रीवास्तव, हरिओम मिश्रा, रजनी सक्सेना, प्रीति, आरती, रंजना, दिव्या आदि का विशेष सहयोग रहा।

## रोजगार सेवकों ने की समस्याओं के समाधान की मांग



**विधायक अर्चना पांडे को दिया ज्ञापन**

**छिबरामऊ, कन्नौज।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से सम्बद्ध उ.प्र. ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष अजीत कटियार के नेतृत्व में रोजगार सेवकों ने विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे को ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की मुख्यमन्त्री को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि विगत 20 वर्षों से ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सेवक के पद पर कार्य कर रहें हैं और सरकार द्वारा समय-समय पर दिये गये कार्यों के सम्पादन में अहम भूमिका निभातें हैं, साथ ही मनरेगा अब वीबीजी रामजी के अन्तर्गत गांव में श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध करातें हैं। अतः अनुरोध है कि 4 अक्टूबर, 2021 को मुख्यमन्त्री जी द्वारा की गई घोषणायें पूरी की जायें। कैशलेस इलाज से आच्छादित किया जाये। न्यूनतम 24000 हजार मानदेय बढाते हुए भुगतान की प्रक्रिया पृथक बजट से की जाये। मृतक आश्रितों के लिए जारी शासनादेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। विधायक अर्चना पांडे ने उनका ज्ञापन मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत तिवारी, स्मिता, राजीव कुमार, रक्षपाल, बलवान, कौशल कुमार, शिशुपाल सिंह, धीरज कुमार, अमित सिंह, ओमवीर, रमाकांत, कल्पना, सचिन, राजेश कुमार एवं जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों में तीन घायल, दो की हालत गंभीर

- बाइक से घर लौटते समय मटेहना के पास बाइक बेकाबू होकर सड़क पर फिसली

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में तीन बाइक सवार घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया। प्रेमपुर से बाइक से अपने गांव मिघौली लौट रहे रजनेश (40) पुत्र मुन्नालाल निवासी मटेहना गांव के पास बाइक फिसलने से गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि वह शुक्रवार को किसी काम से प्रेमपुर गए थे। काम पूरा करने के बाद बाइक से घर लौटते समय मटेहना के पास अचानक बाइक बेकाबू होकर सड़क पर फिसल गई। हादसे में वह गिरकर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर तिर्वा चले गए। वहीं, गुरुवार देर रात राष्ट्रीय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में अतिराजपुर निवासी अरुण त्रिपाठी (42) और मदारपुर अकबरपुर निवासी राजवीर जाटव (28) घायल हो गए। दोनों को निजी वाहन से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद अरुण की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर किया गया, जबकि राजवीर का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## ठठिया में चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापना का रास्ता साफ

**कन्नौज।** ठठिया-मानिमऊ-तिर्वा तिराहे पर अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापना की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर सर्वे पूरा कर लिया है। प्रतिमा स्थापना के लिए एनओसी जिला अधिकारी कार्यालय, कन्नौज भेजी गई है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि उन्होंने नौ जून 2025 को कन्नौज सदर विधायक एवं प्रदेश सरकार में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से ठठिया में चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापित कराने का अनुरोध किया था। मंत्री के स्तर से प्रतिमा स्थापना का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। अब पीडब्ल्यूडी की ओर से स्थल निरीक्षण और सर्वे पूरा होने के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ी है। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी अधिकारी नसीम अहमद, रमाशंकर व ओम प्रकाश के अलावा हरिओम ओमर, रवीश चतुर्वेदी, टिल्लू चौहान, सौरभ कुशवाह, अंकुर कटियार समेत नगर के लोग मौजूद रहे।

# सत्तर फीट खड़ंजा अधूरा छोड़ने से ग्रामीणों में रोष

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



प्रेमपुर के नगला खरौआ। गांव में इंटरलॉकिंग ईंटों से कराए गए खड़ंजा निर्माण में 70 फीट अधूरा छोड़ने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र सिंह पर कार्य अधूरा छोड़ने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि खड़ंजे का निर्माण कराते समय बीच में करीब 70 फीट हिस्सा छोड़ दिया गया, जबकि उसके आगे और पीछे खड़ंजा बना हुआ है। बीच में खड़ंजा नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान से छूटे हुए हिस्से में भी निर्माण कराने की मांग की, लेकिन बजट उपलब्ध न होने की बात कहकर आश्वासन दिया जाता रहा। ग्रामीणों ने जल्द ही खड़ंजा निर्माण पूरा कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं होने पर एसडीएम को ज्ञापन देकर जांच और कार्रवाई की मांग करेंगे। इस दौरान जगदीश सिंह, विनोद सिंह, राहुल सिंह, मुकेश सिंह, अजय कुमार अध्यापक, रिशु सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में घायल युवक की सातवें दिन हुई मौत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** करीब सात दिन पूर्व ग्राम करमुल्लापुर के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल हुए युवक की शुक्रवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मालूम हो कि पिछले शनिवार को तालग्राम क्षेत्र में रोहली मेला देखकर बाइक से घर लौट रहे युवकों को छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करमुल्लापुर के पास तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार बादाम पाल पुत्र सिखदार सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं गौरी शंकर पुत्र रामकिशन कटियार निवासी बीबीपुर, थाना कमालगंज और निर्दोष कटियार पुत्र सियाराम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गंभीर हालत होने पर कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में सात दिन तक चले उपचार के बाद शुक्रवार को निर्दोष कटियार की हालत बिगड़ गई और उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर घर पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

### भारतीय किसान यूनियन भूमि पुत्र के प्रदेश अध्यक्ष ने किसान महापंचायत का किया आह्वान



**समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन भूमि पुत्र के प्रदेश अध्यक्ष सोनू ठाकुर के नेतृत्व में कन्नौज में किसानों की बड़ी पंचायत होने जा रही है। 20 सितंबर को दोपहर 12 बजे गुरसहायगंज के पास मदारपुर मिरगामा में किसान संवाद, संगठन विस्तार और धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने बताया कि किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, खाद और बिजली की किल्लत से किसान परेशान है। इसी को लेकर संगठन ने कन्नौज चलो का नारा दिया है। प्रदेश अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने कहा कि कन्नौज में होने वाली यह पंचायत किसान एकता की मिसाल बनेगी। हम गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत कर रहे हैं और किसानों को उनके हक के लिए जागरूक कर रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धीरेंद्र प्रताप सिंह का कन्नौज में पहली बार आगमन हो रहा है, उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। सभी किसानों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद करें। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश प्रमुख महासचिव मुकेश शर्मा सहित संगठन के कई बड़े पदाधिकारी शामिल होंगे।

### धर्म सेवक अशोक कुमार गुप्ता को दी गई श्रद्धांजलि

**गुरसहायगंज कन्नौज।** शुक्रवार शाम 4 बजे लिटिल ब्लॉसम स्कूल, स्टेशन बाली गली, लाला लक्ष्मी नारायण बगिया, अशोक नगर में धर्म सेवक बड़े भाई अशोक कुमार गुप्ता जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देने के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामजी अग्रवाल, प्रदेश संयुक्त महामंत्री सुशील दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग युवा व्यापार मण्डल अनुराग गुप्ता, जिला चेयरमैन रतन गुप्ता, जिला महामंत्री नवीन गुप्ता, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामकुमार पाठक, विजय दुबे, नगर संरक्षक विनय वर्मा, नगर अध्यक्ष कन्नौज नीरज वैश्य, नगर अध्यक्ष गुरसहायगंज दीपक गुप्ता, नगर महामंत्री के के राजपूत, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष नसीर अहमद, दया शंकर कटियार, युवा अध्यक्ष यतीश प्रजापति, युवा कोषाध्यक्ष उदित गुप्ता, राकेश कौशल, भूरा कठेरिया, टिंकू बॉथम, कंचन गुप्ता, बबलू गुप्ता, रंजीत गुप्ता, आनंद यादव, कयूम खान, सूरज खान, प्रशांत चौरसिया, मानव गुप्ता, मनोज गुप्ता, गंगा सिंह कुशवाहा, अंशुल गुप्ता, अंकित गुप्ता, अनिल गुप्ता, नगर प्रवक्ता सिद्धार्थ गुप्ता, राजेश गुप्ता, पुष्कर गुप्ता, सुमित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पेड़ों की कटाई के लिए रुपये लेने पर वन कर्मचारी पर कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र में सरकारी जमीन पर खड़े हरे पेड़ों की कटाई के नाम पर वन विभाग के कर्मचारी पर रुपये लेने और दोबारा अवैध वसूली मांगने की शिकायत सामने आने के बाद वन विभाग ने कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया गया कि सरकारी जमीन पर खड़े हरे पेड़ों को काटने के लिए एक व्यक्ति से तीन हजार रुपये लिए गए थे। आरोप है कि रुपये लेने के अगले दिन कर्मचारी ने दो हजार रुपये और मांगे। दोबारा रुपये मांगे जाने पर पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही छिबरामऊ इंस्पेक्टर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाने के साथ लोगों से पूछताछ कर जांच शुरू कर दी। इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को भी दी गई। मामला सामने आने के बाद छिबरामऊ के वन रेंजर विनोद नायक ने कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि नीरज यादव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई चल रही है और उसे नौकरी से हटाने की बात कही गई है। क्षेत्रीय कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नीरज यादव वन विभाग के नाम पर रुपये मांगे तो उसे पकड़कर पुलिस को सूचना दें।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर गुरसहायगंज में आयोजन

- राम जानकी मंडपम में दीप प्रज्वलित कर दीर्घायु की कामना

**समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज, कन्नौज।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राष्ट्र सेवा के 25 वर्षों को नमन करते हुए गुरसहायगंज नगर में स्थित प्राचीन राम जानकी मंडपम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम में छिबरामऊ की लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री दीदी श्रीमती अर्चना पांडे , उप जिलाधिकारी छिबरामऊ, पूर्व क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव मानक गुप्ता विजय दुबे अनुराग गुप्ता सहित नगर के प्रमुख जन उपस्थित रहे। मंदिर परिसर जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। पूर्व खनन मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 वर्षों तक राष्ट्र सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। उनके नेतृत्व में देश ने विश्व में नई पहचान बनाई है। गरीब कल्याण, किसान सम्मान और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य ऐतिहासिक हैं। हम सभी उनके जन्मदिन पर उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी हम सभी कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत हैं। उनका जीवन त्याग, तपस्या और राष्ट्र भक्ति का प्रतीक है। आज गुरसहायगंज के प्राचीन राम जानकी मंडपम में दीप प्रज्वलित कर हमने उनके लिए प्रार्थना की है। 25 वर्षों की राष्ट्र सेवा को पूरा देश नमन कर रहा है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश सेवा में लगा है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुशील दुबे ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन को हम सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रहे हैं।

उनके जन्मदिन पर आशीर्वाद स्वरूप दीप जलाए गए और राम जानकी जी से उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। उनके नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और राष्ट्र सेवा के 25 वर्षों पर उपस्थित सभी लोगों ने माननीय प्रधानमंत्री को बधाई दी।

# सपा छात्रसभा ने फूंका सदस्यता अभियान का बिगुल

**छात्र-युवाओं ने ली सदस्यता, सामाजिक न्याय और छात्र-हितों की आवाज उठाने का संकल्प**

**समृद्धि न्यूज,कन्नौज।**



पीएसएम कॉलेज में समाजवादी छात्रसभा कन्नौज की ओर से सदस्यता अभियान चलाया गया। जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित अभियान में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ संगठन की सदस्यता ग्रहण की। आयोजकों के अनुसार अभियान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के निर्देश पर आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-युवाओं के बीच सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों, समान अवसर, शिक्षा, रोजगार और छात्रहितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि समाजवादी छात्रसभा छात्रों और युवाओं के अधिकारों की आवाज लगातार उठाती रही है। शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के जरिए अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ा जा रहा है। अभियान में अंशुल गौतम, अमित यादव, अजय यादव, अर्चना मिश्रा, अनुराधा यादव, दीपक नेता, काशिव खान, अनुज यादव, विवेक पाल, शिव मोहन, प्रांशु यादव और आकाश यादव मौजूद रहे।

## बेकाबू कार पेड़ से टकराई, दो चचेरे भाइयों की मौत



- दो दोस्त गंभीर घायल, एक कानपुर रेफर

**कन्नौज।** तिर्वा से कन्नौज जा रहे चार युवकों की कार गुरुवार देर रात बेहरिन गांव के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई, जबकि उनके दो दोस्त गंभीर घायल हो गए। इनमें एक को हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान बजरिया शैखाना निवासी अमान खान (17) पुत्र उवैद खान और अली खान (15) पुत्र आदिल खान के रूप में हुई। हादसे में नई बस्ती कन्नौज निवासी शैफी (20) पुत्र शद्दद और अरफात (20) पुत्र इखलाख घायल हुए हैं। सूचना पर पहुंची यूपी 112 की टीम ने चारों को राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा पहुंचाया। डॉक्टरों ने अमान और अली को मृत घोषित कर दिया। दोनों शव मर्चरी में रखे गए हैं। वहीं, शैफी और अरफात का उपचार शुरू किया गया। एक की हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। तिर्वा कोतवाल संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि मेडिकल कॉलेज से मिली सूचना के आधार पर दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## पशुओं की रखवाली कर रहे बुजुर्ग की गला रेतकर हत्या

**कन्नौज।** तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के बेहरिन गांव में गुरुवार रात पशुओं की रखवाली कर रहे 62 वर्षीय बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। वह घर के बाहर दूसरे मकान के बरामदे में सो रहे थे। रात में किसी अज्ञात हमलावर ने उनके गले पर धारदार हथियार से वार कर दिया और फरार हो गया। शुक्रवार सुबह परिजनों ने प्रवेश दुबे पुत्र रूपलाल को बरामदे में खून से लथपथ मृत पड़ा देखा। हत्या की खबर से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर तिर्वा कोतवाली पुलिस पहुंची। एसपी विनोद कुमार और सीओ कुलवीर सिंह ने भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से जानकारी ली। एसपी के निर्देश पर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया। टीमों ने घटनास्थल के आसपास जांच कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस हत्या के कारण और हमलावर की पहचान के लिए छानबीन कर रही है।

# भ्रष्टाचार के आरोप पर चेयरमैन प्रतिनिधि का पलटवार, ईओ ने भी दिया जवाब

**समृद्धि न्यूज़, समधन- कन्नौज।**



नगर पंचायत समधन में विकास कार्यों को लेकर लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोपों पर चेयरमैन प्रतिनिधि अयान हुसैन सिद्दीकी ने पलटवार किया है। उन्होंने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि नगर में कराए जा रहे सभी विकास कार्य शासन की निर्धारित प्रक्रिया और नियमों के अनुसार पारदर्शिता के साथ कराए जा रहे हैं। शुक्रवार को मुख्य मार्ग स्थित राम बाजार कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध के चलते चेयरमैन आसमा बेगम और अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने कहा कि नगर पंचायत में प्रत्येक विकास कार्य का प्रस्ताव, अनुमोदन और भुगतान नियमानुसार किया जाता है। यदि किसी को कार्यों को लेकर कोई आपत्ति है तो वह साक्ष्यों के साथ सामने आए। नगर पंचायत हर बिंदु की जांच के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि महिला होने के कारण किसी को निशाना बनाना उचित नहीं है।

# आलू की कीमतों ने बढ़ाई किसानों की चिंता, गरजे किसान

- सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा
- एमएसपी और भावांतर योजना लागू करने की उठाई मांग

**समृद्धि न्यूज,कन्नौज।**




आलू की लगातार गिरती कीमतों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार को किसान आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष अजय अनमोल के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। किसानों के साथ आलू व्यापारी, आढ़ती और शीतगृह संचालक भी धरने में शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। किसानों ने शीतगृहों में भंडारित आलू का संपूर्ण भंडारण शुल्क सरकार द्वारा जमा कराने की मांग की। साथ ही आलू पर मंडी टैक्स समाप्त करने और हाइब्रिड आलू का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1000 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने की मांग रखी। चिप्सोना-हॉलैंड प्रोसेसिंग क्वालिटी के आलू का एमएसपी 1500 रुपये प्रति क्विंटल तय करने तथा बाजार भाव कम होने पर भावांतर योजना के तहत अंतर की राशि किसानों को देने की मांग की गई। किसानों ने मंदी के दौरान रेल से आलू भेजने पर भाड़ा माफ करने, निर्यात प्रतिबंध हटाने, निर्यातकों को परिवहन में अधिक छूट देने और किसानों के कर्ज माफ करने की मांग भी उठाई। सरकारी राशन दुकानों, गौशालाओं व अन्य योजनाओं में आलू की खपत बढ़ाने का सुझाव दिया। अजय अनमोल ने बताया कि 25 सितंबर को कानपुर में कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

धरने में अशोक कटियार, राजीव कटियार, अरविंद राजपूत, सुदीप शुक्ला, मनोज रस्तोगी, अच्छे खां, सर्वेश यादव, सोम प्रकाश वर्मा, सुधीर शुक्ला, प्रवीण कटियार और विजय कटियार सोम प्रकाश वर्मा सहित अन्य किसान व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उत्सवों से बढ़ती है सामाजिक एकजुटता : असीम अरुण

**समृद्धि न्यूज,कन्नौज।**

**गणेश पंडाल में पहुंचे मंत्री असीम अरुण,उतारी आरती**

जिले में गणेश महोत्सव की धूम के बीच गुरुवार देर शाम कन्नौज सदर विधायक एवं समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ऋषिनगर मियांगंज स्थित रामलीला मैदान और मियांगंज बाजार के गणेश पंडाल पहुंचे। उन्होंने गणपति बप्पा की आरती उतारकर पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं से मुलाकात की। इस दौरान असीम अरुण ने कहा कि धार्मिक और सामाजिक उत्सवों का आयोजन सराहनीय एवं सार्थक पहल है। ऐसे आयोजनों से लोगों में आपसी मेलजोल, एकजुटता और सामाजिक समरसता मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर इस तरह के उत्सवों का आयोजन करते रहना चाहिए, जिससे समाज में संस्कार और सृजनशीलता को बढ़ावा मिले। कार्यक्रममें जोगेंद्र कमल, रिंकू कुशवाहा, अमर सिंह, सुधीर गुप्ता, कृष्ण बिहारी तिवारी, विकास कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, रवि श्रीवास्तव, राजेश राजपूत, अभिमन्यु सिंह, अनूप कमल, ऋषभदेव चतुर्वेदी, रामपाल, रोहित कमल और अंकित गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सपा की विचारधारा हमेशा से जनकल्याण की पक्षधर रही: डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव

- पीडीए जन संवाद में सामाजिक न्याय और एकजुटता को मजबूत करने का लिया गया संकल्प

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

सदर विधानसभा 194 क्षेत्र के ग्राम नूरपुर में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी विचारधारा, सामाजिक न्याय और पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) की एकजुटता को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिला प्रभारी दलजीत निषाद ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वहीं, सपा के नि. प्रदेश सचिव एवं अमृतपुर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहभागिता की।

जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी विचारधारा हमेशा से समानता, सामाजिक न्याय और जनकल्याण की पक्षधर रही है। उन्होंने कहा समाज के वंचित, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और कमजोर वर्गों के अधिकारों व सम्मान के लिए निरंतर जनसंवाद बेहद आवश्यक है।

हम सभी को आपसी भाईचारे और एकजुटता के साथ आगे बढ़ते हुए लोकतांत्रिक एवं सामाजिक मूल्यों को मजबूत करना होगा। डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव ने ऐलान किया कि पीडीए की आवाज को अब गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाया जाएगा, ताकि लोग सामाजिक न्याय, समानता और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से आपसी भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान किया गया। साथ ही, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए जिले में निरंतर जनसंपर्क और जनसंवाद अभियान जारी रखने का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर सर्वेश अंबेडकर, मंदीप यादव, अरविंद कुशवाह, ओमप्रकाश शर्मा, सिया देवी, पीयूष यादव और प्रधान मुरैठी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव


कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण

## अमृतपुर में बाढ़ पीड़ितों का सहारा बने सपा नेता डॉ. जितेंद्र सिंह यादव


ग्रामीणों को नाव सौंपते डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर में बाढ़ से जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने कोला सोता के ग्रामीणों को एक नॉव सौंपी है। 193 विधानसभा अमृतपुर में बाढ़ की विभीषिका ने भारी तबाही मचाई है। बाढ़ के पानी और तेज बहाव ने ग्राम कोला सोता में सड़कों को बुरी तरह काट दिया है, जिससे आवागमन के सभी साधन पूरी तरह ठप हो गए हैं। मुख्य मार्गों से संपर्क टूट जाने के कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस विकट परिस्थिति में गाँव कोला सोता के निवासियों ने अपनी यह आपबीती समाजवादी पार्टी के नि0 प्रदेश सचिव एवं 193 विधानसभा अमृतपुर के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव को बताई। ग्रामीणों की आवागमन की इस गंभीर समस्या को दृष्टिगत रखते हुए डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। उन्होंने गाँव के हरेंद्र गुर्जर, देशराज जाटव, लालाराम सक्सेना, आदित्य गुर्जर, संदीप त्रिवेदी, श्यामवीर कठेरिया, कुशल पाल गुर्जर और भगवान दयाल कुशवाहा को बुलाकर उन्हें ग्रामीणों की मदद के लिए एक नाव सौंपी। इस नाव के मिलने से अब कोला सोता के ग्रामीणों को बाढ़ के इस मुश्किल समय में सुरक्षित आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। संकट की इस घड़ी में सपा नेता द्वारा की गई इस त्वरित मदद की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# सीएम योगी और ब्राह्मण समाज को धमकी देने का वीडियो वायरल

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, ब्राह्मण समाज और अन्य लोगों के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी व धमकी देने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक कथित तौर पर मुख्यमंत्री और अन्य लोगों के लिए बेहद आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करता दिख रहा है। मामला संज्ञान में आते ही हरकत में आई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवकों के दो परिजनों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार, यह विवादित वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर आमिर खान नाम की आईडी से अपलोड और शेयर किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, वीडियो बनाने वाला और इंस्टाग्राम आईडी चलाने वाला युवक थाना नवाबगंज क्षेत्र स्थित कक्योली गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। दोनों आपस में दोस्त बताए जाते हैं। मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा और धमकी देने का मामला सामने आते ही नवाबगंज थाना पुलिस एक्टिव हुई। शुक्रवार को पुलिस टीम ने कक्योली गांव पहुंचकर आरोपियों के ठिकाने पर दबिश दी।

**पुलिस ने दो को लिया हिरासत में**

मुख्य आरोपी युवक फिलहाल पकड़ से बाहर हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने युवकों के दो परिजनों को हिरासत में ले लिया है, जिनसे पूछताछ कर मुख्य आरोपियों की लोकेशन और उनके ठिकाने का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर वैधानिक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बौद्ध विहार के पर्यटन विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमि पूजन

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा जनपद के धार्मिक एवं पर्यटन स्थल बौद्ध विहार के पर्यटन विकास हेतु 109.30 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों का क्रियान्वयन उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा कराया जाएगा। विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर द्वारा बौद्ध विहार पर विधि-विधानपूर्वक भूमि पूजन कर परियोजना के विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। परियोजना के अंतर्गत गेटवे, मल्टीपरपज हॉल, टॉयलेट ब्लॉक, सोलर लाइट, टूरिस्ट बेंच, इंटरलॉकिंग सहित विभिन्न विकास कार्य शामिल हैं। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से बौद्ध विहार आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा क्षेत्र में धार्मिक एवं पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। जिला पर्यटन अधिकारी डॉ. मकबूल, सहायक अभियंता निशांत शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी दी।


भूमि पूजन करते विधायक

# पंचाल घाट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड बढ़पुर के पंचाल घाट पर विशेष स्वच्छता एवं साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में सांसद मुकेश राजपूत ने सहभागिता करते हुए स्वच्छता कार्य किया तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला पंचायती राज अधिकारी, विकास खण्ड बढ़पुर की ओर से खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत, ग्राम पंचायत सचिव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी अभियान में उपस्थित रहे। स्वच्छता अभियान के दौरान पंचाल घाट एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई कर सार्वजनिक स्थल को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संदेश दिया गया। दोपहर 1 बजे याकूतगंज स्थित गोशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोशाला में पशुओं के लिए उपलब्ध चारा-पानी, साफ-सफाई, पशुओं की स्थिति एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सांसद ने गोशाला में पशुओं की समुचित देखभाल एवं बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।


स्वच्छता अभियान चलाते सांसद

## दबंगों ने वृद्धा व उसकी बेटी को पीटा

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव उखरा में बच्चों के विवाद को लेकर पड़ोसियों ने एक वृद्धा और उसकी पुत्री को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, उखरा निवासी रेशम देवी पत्नी भूपसिंह का नाती रितिक पुत्र लालू गुरुवार शाम करीब छह बजे घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान पड़ोसी युवक वहां पहुंचा और मासूम के साथ गाली-गलौज करने लगा। बालक रोता हुआ घर पहुंचा और परिजनों को पूरी बात बताई। जब रेशम देवी शिकायत करने पड़ोसी के घर पहुंचीं, तो युवक और उसके परिजनों ने आपा खो दिया। उन्होंने वृद्धा के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पुत्री सुषमा को भी दबंगों ने पीट दिया, जिससे रेशम देवी को चोटें आई हैं। पीड़िता ने मामले की लिखित तहरीर नवाबगंज पुलिस को सौंप दी है। पुलिस ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियां तेज

- जनपद में शुरू हुई ईवीएम और वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग
- राजनीतिक दलों के राज्य मुख्यालयों ने की अपने प्रतिनिधियों के नामों की पुष्टि

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में फतेहगढ़ स्थित कलेक्ट्रेट के ईवीएम वेयरहाउस में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच का कार्य विधिवत शुरू कर दिया गया है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की कड़ी निगरानी में यह जांच भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अधिकृत इंजीनियरों द्वारा की जा रही है। डॉ0 लाठर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मैनुअल ऑन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में निर्धारित प्रक्रिया के तहत यह कड़ाई से परीक्षण किया जा रहा है। आगामी चुनाव में केवल उन्हीं ईवीएम और वीवीपीएट मशीनों का इस्तेमाल किया जाएगा, जो इस प्रथम स्तरीय जांच में पूरी तरह से फिट उत्तीर्ण पाई जाएंगी। प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि 15 सितम्बर को ही जिले के सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को लिखित सूचना भेजकर अपने अधिकृत प्रतिनिधियों को नामित करने का अनुरोध किया गया था।

संबंधित राजनीतिक दलों के राज्य मुख्यालयों ने अपने प्रतिनिधियों के नामों की पुष्टि भी कर दी है। वर्तमान में राजनीतिक दलों के इन्हीं अधिकृत प्रतिनिधियों के सामने एफएलसी की यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जा रही है, ताकि वे पूरी प्रक्रिया का स्वयं अवलोकन कर सकें। इस महत्वपूर्ण कार्य की सीधी निगरानी जिला निर्वाचन अधिकारी के अलावा मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से भी की जा रही है।

# लूट में वांछित आरोपी 4.76 लाख की नकदी संग गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस ने लूट के मुकदमे में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को 4,76,500 रुपये की लूटी गई नकदी के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम मोनू पुत्र स्व0 विजयपाल, निवासी ग्राम कल्हौर पछाह, थाना घिरोर, जनपद मैनपुरी है। आरोपी के पास से 4,76,500 रुपये नगद बरामद हुए है।

कोतवाली मोहम्मदाबाद के निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 अगस्त को वादी नवीन कुमार अग्रवाल निवासी वृंदावन जिला मथुरा ने कोतवाली मोहम्मदाबाद पर तहरीर दी थी कि बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उनकी फर्म के कर्मचारियों से बैग छीनकर लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने धारा 309(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में तीन अभियुक्तों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ है। पूछताछ में आरोपी मोनू ने बताया कि दिनांक 18 अगस्त को हुई लूट के मामले में उसके भाई शिवकुमार और कुंवर बहादुर उर्फ सोनू पहले से जेल में बंद हैं। घटना के बाद उसके भाई ने उसे काले रंग का बैग घर में छिपाकर रखने के लिए दिया था। आरोपी ने बैग को घर की छत पर रखी खाली पानी की टंकी में छिपा दिया था। जेल में बंद भाइयों की पैरवी और वकील की फीस का इंतजाम करने के लिए आरोपी उसी बैग से 4,76,500 रुपये निकालकर नीले रंग के बैग में रखकर फतेहगढ़ वकील से मिलने जा रहा था। मोहम्मदाबाद के पास एक रिश्तेदार का इंतजार करते समय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे धर दबोचा।


पुलिस हिरासत में आरोपी


चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा नेता

## शिवदयाल चौरसिया की सपाईयों ने मनाई पुण्यतिथि

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में समाजवादी विचारक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद शिवदयाल चौरसिया की पुण्यतिथि पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर समाजवादी आंदोलन में उनके योगदान को याद किया गया। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा शिवदयाल चौरसिया की स्मृतियाँ संघर्ष का प्रतीक हैं, उनके संघर्ष और समाजवादी विचारों को राष्ट्रीय पटल पर पहुंचाने के लिए ही नेताजी ने उनको राज्यसभा सांसद बनाकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजा था। इस दौरान शिवम पटेल, विनीत परमार, बीके गंगवार, रामपाल सिंह यादव, मुजाहिद अंसारी, अर्चित शर्मा, राजपाल यादव, शशांक तिवारी, उत्कर्ष कटियार, राजन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जिजपुरा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

- परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिये कर दिया अंतिम संस्कार

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

कोतवाली क्षेत्र के जिजपुरा गांव में 18 वर्षीय युवक सुधांशु की घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिये बगैर ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

जिजपुरा निवासी 18 वर्षीय सुधांशु पुत्र स्व0 पप्पू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। बताया गया कि सुधांशु अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। शुक्रवार सुबह परिजन जब कमरे में पहुंचे तो सुधांशु अचेत अवस्था में मिला। परिजनों ने देखा तो उनके होश उड़ गए। घर में चीख-पुकार मच गई। कुछ ही देर में पूरे गांव में खबर आग की तरह फैल गई। इस पूरी घटना में सबसे बड़ा सवाल यह है कि परिजनों ने घटना की सूचना कायमगंज कोतवाली पुलिस को नहीं दी। बिना किसी कानूनी प्रक्रिया और पोस्टमार्टम के ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इससे मौत के कारणों पर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। गांव में चर्चा है कि घर में किसी बात को लेकर तनाव चल रहा था। हालांकि परिजनों ने इस बारे में चुप्पी साध रखी है। पुलिस के पास कोई आधिकारिक शिकायत नहीं पहुंची है, इसलिए मौत का असली कारण अभी भी रहस्य बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय पर काउंसलिंग और समझाइश होती तो शायद यह नौजवान आज हमारे बीच होता इस संबंध में कोतवाली कायमगंज पुलिस का कहना है कि उन्हें ऐसी किसी घटना की सूचना नहीं मिली है।


रोते बिलखते परिजन

# छोटे भाई ने बड़े भाई को पीटा

**मामले की पुलिस कर रही जांच**

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज ।** थाना क्षेत्र के गांव बवना गढ़िया में गुरुवार शाम जमीन के बंटवारे के विवाद में एक युवक को उसके ही छोटे भाई ने लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव करने आई भाभी के साथ भी मारपीट की गई। 12 वर्षीय बच्चे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार बवना गढ़िया निवासी इंद्रेश कुमार गुरुवार शाम लगभग साढ़े छह बजे अपने घर में खाट पर सो रहे थे। उसी दौरान उनका छोटा भाई घर आया और जमीन के बंटवारे को लेकर गाली-गलौज करने लगा। जब इंद्रेश ने इसका विरोध किया, तो छोटे भाई ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित ने अपने भाई पर कुल्हाड़ी से भी वार करने का आरोप लगाया है। मारपीट होती देख जब इंद्रेश की पत्नी सुधा देवी उन्हें बचाने दौड़ीं, तो आरोपी ने उनके साथ भी लात-घूंसों से मारपीट की। घटना के दौरान इंद्रेश का 12 वर्षीय बेटा रचित सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची 112 पुलिस टीम ने घायल इंद्रेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें छुट्टी दे दी। घटना के बाद रात लगभग 10 बजे पीड़ित इंद्रेश ने नवाबगंज थाने पहुंचकर अपने छोटे भाई और उसकी पत्नी के खिलाफ नामजद तहरीर दी। थाना पुलिस का कहना है कि मामला संज्ञान में है, तहरीर के आधार पर जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## अभियुक्त को दो वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बुढनामऊ निवासी अभियुक्त राकेश उर्फ गटुला पुत्र सकटे कठेरिया के खिलाफ वर्ष 2015 में मुकदमा दर्ज किया गया था। यह मामला धारा 341, 504 और 506 में कोतवाली फतेहगढ़ में पंजीकृत हुआ था। पुलिस ने इस मामले की विवेचना पूरी करके न्यायालय में अभियुक्त के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया था। पुलिस टीम, मॉनिटरिंग सेल, अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार व कोर्ट मोहर्रिर के अथक प्रयासों से मामले की अदालत में प्रभावी पैरवी की गई। एसीजेएम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए अभियुक्त राकेश को दोषसिद्ध करार दिया। न्यायालय ने उसे 2 वर्ष के साधारण कारावास की सजा से दंडित किया है।

# रंगेश्वर महादेव मंदिर में सत्यनारायण कथा संपन्न

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

श्री रंगेश्वर महादेव मंदिर परिसर राय दीपचंद में आयोजित तृतीय श्री गणेश महोत्सव के पंचम दिवस पर भगवान श्री सत्यनारायण की कल्याणकारी कथा का भव्य आयोजन किया गया।

श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा के साथ कथा का श्रवण किया। कथा समापन के उपरांत कथा के यजमान व्यापारी अनुज शुक्ला एवं उनकी पत्नी ने भगवान सत्यनारायण की आरती उतारी। उन्होंने कथावाचक पं0 शरद मिश्र उर्फ सोनू पंडित को दक्षिणा भेंटकर पावन कथा के वाचन के लिए नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया। सर्वान्त में कथा की प्रसादी का वितरण किया गया और भगवान गजानन से विश्व कल्याण की प्रार्थना कर उन्हें शयन कराया गया। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। कार्यक्रम में भारी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। व्यवस्थापकों में मुख्य रूप से नरेन्द्र पांडे, सौरभ शुक्ला, मनीष राज, विक्की दीक्षित, यश अरोड़ा, मुकेश दुबे, मुकेश तिवारी, नमन पांडे, वैभव मिश्र, केशव शुक्ला, रंजना अरोड़ा, डॉ0 विवेक सक्सेना, जितेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**विश्व कल्याण की गई प्रार्थना**


कथा का श्रवण करते भक्तगण

## हत्या के मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** हत्या के मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा से दंडित किया। न्यायालय एडीजे-01 कोर्ट ने एक पुराने हत्या के मामले में अहम फैसला सुनाया है। न्यायालय ने अभियुक्त को दोषसिद्ध करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा और 10,000 रुपये के अर्थदंड जुर्माने से दंडित किया है।

जानकारी के अनुसार, अभियुक्त महेन्द्र उर्फ मटरे पुत्र भारत सिंह जो ग्राम भटकुरी का निवासी है के खिलाफ कोतवाली मोहम्मदाबाद में धारा 302/34 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस द्वारा इस मामले की गहन विवेचना कर अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया था। न्यायालय ने अभियुक्त को दोषसिद्ध करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा और 10,000 रुपये के अर्थदंड जुर्माने से दंडित किया है।

# यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत शुल्क के विरोध में सड़कों पर उतरे व्यापारी

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में शुक्रवार को बड़ी संख्या में व्यापारियों ने यूपीआई लेनदेन पर लगाए गए 0.4 प्रतिशत शुल्क के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया।

व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा और सरकार से इस फैसले पर तत्काल पुनर्विचार करने की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि एक तरफ सरकार डिजिटल इंडिया और कैशलेस अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रही है, वहीं दूसरी तरफ यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगाकर व्यापारियों और आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। यदि इसे वापस न लिया गया तो छोटा व मध्यम कारोबारी बुरी तरह प्रभावित होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री रविकांत गुप्ता, विवेक कुमार गुप्ता, अर्पित गुप्ता, सलमान खान, अनवर पठान इसके साथ ही बिप्लप पार्टी के संगठन मंत्री सत्यवीर सिंह, ओमवीर सिंह, अमन कश्यप, माइकल गुप्ता, तोसीम खान, मुन्ना मौजूद रहे।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

# पीएम के जन्मदिन पर नगर पालिका में मना सेवा दिवस

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर नगर पालिका परिषद कायमगंज द्वारा एक माह लंबे सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। 17 सितंबर से शुरू हुआ यह विशेष अभियान 17 अक्टूबर तक नगर क्षेत्र में विभिन्न जन-सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। नगर पालिका परिषद कायमगंज के अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को नगर में सेवा दिवस के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। सायं काल के समय नगर के प्रमुख स्थलों-ट्रांसपोर्ट चौराहा, शिवाजी मूर्ति, गांधी चौक, पुल गालिब चौराहा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के घरों पर दीप प्रज्वलित कर आशीर्वाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिवाजी मूर्ति के पास स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। साथ ही, रिकॉर्डेड ऑडियो और प्ले के माध्यम से पीएम मोदी के जीवन से जुड़ी सेवा की अनकही कहानियां नागरिकों को सुनाई गईं। नगर पालिका कार्यालय में कर्मचारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। वहीं रखैया खलिहानपुर स्थित गौशाला में गौवंश सेवा का कार्यक्रम हुआ। स्वच्छता ही सेवा संकल्प के तहत सेंटर पर कार्य, व्यापक वृक्षारोपण, कचरा पृथक्करण गैला/सूखा कचरा अलग करना, कंपोस्टिंग, सार्वजनिक श्रमदान और सिंगल-यूज़ प्लास्टिक मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए नगर पालिका कार्यालय में बहुउद्देशीय शिविर लगाया जा रहा है। इसमें जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, पीएम आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, कर निर्धारण और नक्शा पास कराने से जुड़े फॉर्म मौके पर ही भरवाए जा रहे हैं। संचालन के लिए अवर अभियंता सिविल, अवर अभियंता जल तथा सफाई व खाद्य निरीक्षक अनिल आजाद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष डॉ0 शरद गंगवार, वरिष्ठ लेखाकार विजय सिंह, नीरज गुप्ता, सफाई नायक बिजेंद्र, अरशद सहित नगर पालिका की पूरी टीम मौजूद रही।


दीप जलाते चेयरमैन व नगर पालिका अधिकारी

**न.प. कार्यालय में कर्मचारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित**

# मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय का परिसर दीपों से हुआ जगमग

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय में सेवा दिवस आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम के तत्वावधान में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर को दीपों से सजाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सेवा, समर्पण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्रहित की भावना को सुदृढ़ करना रहा। दीप प्रज्वलन के माध्यम से विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार ने समाज में ज्ञान, शिक्षा, सेवा और सकारात्मक ऊर्जा के प्रकाश को प्रसारित करने का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ0 कल्पना सिंह ने कहा कि दीप प्रकाश, आशा और सकारात्मकता का प्रतीक है। शिक्षा के माध्यम से समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाना महाविद्यालय का प्रमुख दायित्व है। छात्र-छात्राओं ने भी अपने अपने घरों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की और दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। सभी लोगों ने सेवा, सद्भावना, स्वच्छता, अनुशासन तथा सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। नोडल उच्च शिक्षा ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## ईवीएम वेयरहाउस को खोला एवं बंद किया गया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम के भंडारण एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट परिसर फतेहगढ़ स्थित ईवीएम वेयरहाउस को 17 सितम्बर को ईवीएम की एफएलसी के प्रयोजन हेतु वीडियोग्राफी की निगरानी में खोला एवं कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांत बंद किया गया। ईवीएम वेयरहाउस को खोलने एवं बंद करने की प्रक्रिया के दौरान राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान चन्द्रपाल सिंह यादव सपा जिलाध्यक्ष एवं सुभाष चन्द्र शाक्य, सुनील कुमार कटियार, आयुष गुप्ता एवं प्रियम पाल अपना दल एस, अंचल प्रताप सिंह, आम आदमी पार्टी, मुकेश कुमार सिंह भाजपा नेता, रामभरोसे गौतम बहुजन समाज पार्टी तथा वरुण त्रिपाठी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। ईवीएम के भंडारण एवं सुरक्षा से संबंधित विस्तृत प्रक्रिया इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन मैनुअल में निर्धारित है। उक्त मैनुअल भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। संबंधित प्रक्रिया का अनुपालन नियमानुसार सुनिश्चित किया जा रहा है।

## भाविप सहयोग शाखा ने नेत्रहीन विद्यालय में बांटे फल व राशन


बच्चों के साथ मौजूद भाविप पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत विकास परिषद, सहयोग शाखा ने गढ़िया बघार स्थित अहिल्याबाई नेत्रहीन विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाखा की ओर से विद्यालय के दृष्टिबाधित बच्चों को फल एवं राशन सामग्री का वितरण किया गया। गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन परंपरा का निर्वहन करते हुए विद्यालय के समर्पित शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रतिभावान बच्चों ने एक से बढ़कर एक सुंदर भजन और मधुर संगीत प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालन वरिष्ठ सदस्य केके पाठक ने किया। सहयोग शाखा की अध्यक्ष रीता दुबे, महिला सहभागिता रचना वर्मा, संजय दुबे, अजय शंकर तिवारी, कुमोदनी तिवारी, देवेश कुमार सक्सेना, संजीव कुमार वर्मा, डॉ0 श्यामा वर्मा, नीना पाठक, कान्ती चतुर्वेदी, नैमिष मिश्रा तथा आर्यन योगदान रहा। समापन पर शाखा अध्यक्ष रीता दुबे ने विद्यालय के बच्चों के उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की।

# निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

समृद्धि न्यूज,बांगरमऊ उन्नाव।

आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्र के ग्राम बेहटा मुजावर स्थित आम्रपाली आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की ओर से आज 18 सितंबर को आसपास के गाँवों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों तक आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना तथा आयुर्वेद के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था स शिविर में आज लगभग 180 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई स तथा आवश्यकतानुसार उन्हें निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियां प्रदान की गई।

जिन मरीजों को आगे की आवश्यक जांच अथवा विस्तृत चिकित्सकीय परीक्षण की आवश्यकता थी स उन्हें आम्रपाली आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आकर निःशुल्क जांच एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने की जानकारी दी गई। शिविर में अस्पताल की ओर से डॉ. मयंक, डॉ. राहुल एवं डॉ. इरम ने कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ मिलकर ग्रामीणों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की। विद्यार्थियों ने भी चिकित्सकों के मार्गदर्शन में मरीजों की जांच, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं आवश्यक सेवाओं में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर आम्रपाली आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह ने आश्वासन दिया कि भविष्य में प्रत्येक माह के शुक्रवार को आसपास के गांवों में नियमित रूप से ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ मिल सके स संस्कृत प्राध्यापक अरुणेंद्र पटेल जी ने उपस्थित ग्रामीणों को आयुर्वेद दिवस के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



# गणेश महोत्सव में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

समृद्धि न्यूज,बांगरमऊ उन्नाव।

नगर के मोहल्ला खत्रियाना स्थित गणेश महोत्सव हाल में आयोजित श्री गणेश महोत्सव में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। जहां श्री धाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित प्रदीप मिश्रा शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा श्रवण कराकर श्रोता भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। जब-जब धर्म की ग्लानि होती है, तब-तब परमात्मा धर्म की स्थापना हेतु धरती पर अवतरित होते हैं। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण जन्म के कथानक का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि कंस के द्वारा अपनी बहन देवकी का विवाह धूमधाम से वासुदेव के साथ किया गया। वह अपनी बहन को रथ पर बैठस कर अपने राज्य की सीमा तक छोड़ने गया। किंतु अचानक मार्ग में आकाशवाणी होती है कि हे कंस तू जिस बहन के विवाह में खुशी से झूम रहा है, उसी का अष्टम लाल तेरा कॉल होगा। ऐसा सुनकर राजा कंस घबरा गया और उसने देवकी व वासुदेव को कारागार में डाल दिया तथा कड़ा पहरा लगा दिया। जेल में ही भगवान कृष्ण का जन्म भादो अष्टमी की रात 12:00 बजे होता है। भगवान का जन्म होते ही मुख्य यजमान पंडित राजकुमार द्विवेदी शिक्षक ने अपनी धर्मपत्नी के साथ भगवान बालकृष्ण का पूजन कर श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित किया। इसी क्रम में नगर अस्पताल रोड स्थित अवधेश गुप्ता व नरेश प्रजापति द्वारा स्थापित गणेश प्रतिमा के अलावा सिद्धार्थ नगर में में बाल्मीकि समाज द्वारा, मोहल्ला कटरा में अनमोल श्रीवास्तव के आवास, नानामऊ रोड सहित आधा दर्जन स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी।

## बड़े बूढ़े हनुमान जी का पांच दिवसीय वार्षिक उत्सव शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला अढ़तियान स्थित मेला श्री बड़े बूढ़े हनुमान जी महाराज मंदिर में वार्षिक उत्सव एवं बुढ़वा मंगल का पांच दिवसीय कार्यक्रम शुक्रवार 18 सितंबर से प्रारंभ हो गया है। यह उत्सव मंगलवार 22 सितंबर तक चलेगा। मंदिर के महंत पं0 दीपक औदिच्य ने बताया कि सभी भक्तजनों के सहयोग से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 18 सितंबर शुक्रवार को श्री रामचरित मानस पाठ प्रारम्भ होगा। 19 सितंबर शनिवार को श्री राम राज्याभिषेक राजगद्दी, 20 सितंबर रविवार को हवन एवं विशाल भण्डारा, 21 सितंबर सोमवार को सुन्दरकाण्ड पाठ और 22 सितंबर मंगलवार को बुढ़वा मंगल का मुख्य आयोजन होगा।


पूजा करते पुजारी

## खबरें एक नजर में

### सराय मारुफपुर पहुंचकर परिजनों से मिले भाजपाई



**समृद्धि न्यूज, संडीला, हरदोई।** विधानसभा सण्डीला क्षेत्र के ग्राम सराय मारुफपुर निवासी खगेश्वर सक्सेना का सड़क हादसे में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी मिलने पर भाजपा नेत्री शिल्पा अग्रवाल व पूर्व विधायक राजकुमार अग्रवाल राजिया ने उनके घर पहुंच कर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने की बात कही। शिल्पा अग्रवाल ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान प्रदीप अग्रवाल, जीतू दीक्षित सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### विधायक ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की

**बांगरमऊ, उन्नाव।** भाजपा विधायक श्रीकान्त कटियार ने आज क्षेत्र के कई गाँवों में पहुंच कर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की । बाढ़ पीड़ितों को भाजपा विधायक ने आश्वासन दिया कि आप लोगों को परेशान होने की जरूरत नही है । प्रदेश की भाजपा सरकार आपके साथ है और हर सम्भव मदद करेगी । भाजपा विधायक श्रीकान्त कटियार आज क्षेत्र के ग्राम हसनपुर सगौड़ा, लोकैइया पुरवा, चौगवां में पहुंच कर बाढ़ पीड़ितों को बाढ़ राहत सामग्री वितरित कर उनकी समस्याओं को सुनकर उसका निराकरण कराने का आश्वासन दिया स उन्होंने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में जब से बाढ़ आयी है स तब से योगी सरकार द्वारा भेजी जा रही राहत सामग्री लगातार बाढ़ प्रभावित लोगों को वितरित की जा रही है। ऐसा उत्तर प्रदेश में 2017 से हो रहा है। उन्होंने कहा कि खाद्य सामग्री की जो जरूरत की चीजें है वह सब उत्तर प्रदेश की योगी सरकार आप लोगों को उपलब्ध करा रही है। उत्तर प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में सरकार गरीब की सेवा और सहायता के लिए अनवरत काम कर रही है। हम लोग और स्थानीय प्रशासन जहां पर बाढ़ आयी है स वहां की स्थिति और परिस्थिति पर नजर बनाए हुए हैं किसी को घबराने और डरने की आवश्यकता नहीं है।कार्यक्रम में नायब तहसीलदार वैभव अग्रवाल,ग्राम प्रधान आलोक निषाद,नवदीप राठौर, रामनरेश सिंह, राजाराम निषाद मौजूद रहे।

### पंकज गुप्ता ने 540 परिवारों को राहत किट वितरित की

**उन्नाव।** विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी के परियर स्थित बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में बाढ़ राहत किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पहुंचकर बाढ़ प्रभावित माताओं–बहनों एवं परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा उन्हें हरसंभव सहायता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि बाढ़ की इस कठिन परिस्थिति में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा रहना प्राथमिकता है। प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा राहत एवं बचाव कार्यों को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान विधायक ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में परियर गंगा कटरी के बंदनपुरवा एवं देवीपुरवा के 540 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत किट प्रदान की गई। राहत किट में आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिससे बाढ़ प्रभावित परिवारों को इस कठिन समय में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और उन्हें राहत मिल सके। कार्यक्रम में परियर प्रधान सुरेश, देवीपुरवा प्रधान राम शंकर यादव, पत्रकार रवि मिश्रा, कप्तान सिंह, रामचंद्र, पूर्व प्रधान देवी प्रसाद, पूर्व प्रधान नेवाजी निषाद, नायब साहब, लेखपाल, संतोष मास्टर, पिंटू गौतम, मोनू वर्मा, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, राधेश्याम अवस्थी सहित अधिकारीगण एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# भारी बहुमत से बनेगी सपा की सरकारः राजपाल कश्यप

समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।

समाजवादी पार्टी कार्यालय में पूर्व एमएलसी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप मीडिया से रूबरू होते हुए कहा की उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी अलग-अलग जनपदों में विधानसभा वाइज पीडीए सम्मेलन का आयोजन कर रही है। जिसके तहत लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है जिससे साफ जाहिर है कि अब वर्तमान सरकार से आम जनमानस ऊब चुका है। महंगाई बढ़ रही है। बेरोजगारी से युवा परेशान है। कानून नाम की कोई चीज नहीं है और यहां तक की राम मंदिर में चढ़ावा चोरी हो रहा है। अब जनता सब समझ चुकी है लिहाजा आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एक बार फ़िर से बनेंगे। उन्होंने कहा फ़तेहपुर की अलग-अलग विधानसभा में पीडीए के सम्मेलन किये जा रहे हैं और इन सम्मेलनों में तमाम भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जो भी क्रियाकलाप है सामने आ रहे हैं। फ़िर चाहे खागा विधानसभा की बात हो जहां पर रोडो में गड्ढे हैं कि गड्ढे में रोड है यह समझ में ही नहीं आ रहा है। लखनऊ कानपुर हाईवे को देख लीजिए बनते ही धंस गया। चीनी महंगी हो गई है। पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा बढ़ने से गाड़ियां जाम हो रही है। लिहाजा अब जनता सब समझ चुकी है।बस इंतजार कर रही है की कितने जल्दी चुनाव की घोषणा हो। वही एक सवाल के जवाब में की इस बार क्या ईवीएम पर सवाल नहीं उठेगा तो उन्होंने कहा कि इस बार इतने भारी अंतराल से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी विजयी होंगे की ईवीएम पर खेल करने वालों के साथ खेला हो जाएगा।

वार्ता में प्रमुख रूप से सांसद नरेश उत्तम पटेल, लवकुश वर्मा, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, वीरेंद्र यादव, चौधरी मंज़र यार, राम किशोर प्रजापति, अरुणेश पांडे, मनोज यादव, हीरा लाल साहू, सुहैल खान हेमू, प्रेम नाथ विश्कर्मा, शिव सिंह यादव, केपी यादव, संदीप श्रीमाली, आरती पाल, सोनू वर्मा, डा0 नरेश पटेल, नरेंद्र प्रजापति, राजकुमार सिंह, सुशील पटेल दोषी, महेंद्र निषाद, ज्ञान सिंह, नागेंद्र यादव, विमलेश पटेल, शैलेन्द्र मौजूद रहे।



## चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा, चार गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज, कानपुर।** कमिश्नरेट के बिठूर थाना पुलिस ने मोबाइल टावरों से सामान चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल टावर से संबंधित बड़ी मात्रा में सामान, चार स्मार्ट मोबाइल फोन और 19 हजार 800 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, 11 सितंबर 2026 को इंडस टावर लिमिटेड के जोनल सिक्योरिटी ऑफिसर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान 17 सितंबर को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चार आरोपियों—अंकित अवस्थी, आदित्य शुक्ला, विकास बाजपेई उर्फ चूचू और सरोज शुक्ला—को बिठूर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी रात के समय मोबाइल टावरों में घुसकर सामान चोरी करते थे। गिरफ्तार आरोपी अंकित अवस्थी पहले एयरटेल कंपनी में टेक्नीशियन के तौर पर काम कर चुका था और उसे टावर के मैटेरियल की पूरी जानकारी थी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने सेन पश्चिम पारा, गोविंद नगर, चौबेपुर, शिवराजपुर और बिठूर समेत अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मोबाइल टावरों से चोरी की वारदातें की थीं। बरामदगी में तीन एसएफपी, प्लास, पेचकस, चाबी, दो मॉड्यूल, मैगजीन, एसएफपी कनेक्टेड केबल, जंपर, दो डमी प्लेट, चार स्मार्ट मोबाइल फोन और 19 हजार 800 रुपये नकद शामिल हैं। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया है। मामले में थाना बिठूर पुलिस टीम और स्वाट टीम पश्चिम जोन की भूमिका रही।

# राजनीतिक दलों की मौजूदगी में परखी जा रहीं ईवीएम-वीवीपैट

समृद्धि न्यूज, कानपुर नगर।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित रोस्टर के अनुसार कानपुर नगर में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अधिकृत इंजीनियर एक-एक मशीन की तकनीकी जांच कर उसकी कार्यक्षमता परख रहे हैं।

पूरी प्रक्रिया राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कराई जा रही है और इसकी ऑनलाइन निगरानी भी की जा रही है।जनपद में प्रस्तावित 3736 पोलिंग बूथों के लिए 5417 ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की चरणबद्ध जांच की प्रक्रिया 17 सितंबर से प्रारंभ हुई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अधिकृत इंजीनियर मशीनों के विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। किसी मशीन को उपयोग योग्य मानने से पहले उसकी कार्यशीलता का परीक्षण किया जा रहा है।एफएलसी में मशीनों की सामान्य तकनीकी जांच के साथ रैंडम तरीके से चयनित मशीनों का विस्तृत परीक्षण भी किया जाता है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा रैंडम चयनित मशीनों में से 2 प्रतिशत मशीनों पर 500 वोट, 2 प्रतिशत मशीनों पर 1000 वोट और 1 प्रतिशत मशीनों पर 1200 वोट डालकर उनकी कार्यक्षमता का परीक्षण किया जाता है।

प्रथम स्तरीय जांच पूरी होने के बाद जांच में सही पाई गई अन्य मशीनों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ईवीएम वेयरहाउस में सीलबंद कर सुरक्षित रखा जाएगा। एफएलसीशुदा मशीनों से ही होगी ट्रेनिंग और जागरूकता प्रथम स्तरीय जांच में सही पाई गई एफएलसीशुदा मशीनों में से ही निर्धारित मशीनों का उपयोग मतदान कार्मिकों की ट्रेनिंग और मतदाता जागरूकता के लिए किया जाएगा। इन मशीनों पर अलग से 'ट्रेनिंग एवं अवेयरनेस' अंकित किया जाएगा।



## चोरी के चार माह बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं, ऑडियो वायरल होने से मचा हड़कंप



**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** थाना क्षेत्र के गढ़ी नेवादा गांव में बीती 11 मई को तोताराम के घर हुई चोरी के मामले में चार माह बाद भी कार्रवाई न होने का आरोप पीड़ित ने लगाया है। तोताराम के मुताबिक उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन अब तक न तो रिपोर्ट दर्ज की गई और न ही चोरी का खुलासा हुआ। मामले में कुछ दिन बाद इंस्टाग्राम पर एक ऑडियो क्लिप वायरल हुई। पीड़ित परिवार का दावा है कि यह ऑडियो परिवार के ही एक पति-पत्नी के बीच फोन पर हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग है। इसमें महिला अपने पति से कथित तौर पर कह रही है कि अगले दिन सीआईडी की टीम और कुत्ते चोरी का सामान तलाशने आएंगे, इसलिए अम्मा कह रही हैं कि सामान वहां से हटा दो। जवाब में रात में सामान हटाने की बात कही जा रही है।हालांकि वायरल ऑडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और इसकी सत्यता की जांच पुलिस द्वारा किया जाना बाकी है। पीड़ित का आरोप है कि ऑडियो की जानकारी पुलिस को देने के बाद कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज की व मोबाइल से ऑडियो डिलीट कर दिया। इससे पहले ऑडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो चुका था। पीड़िता शिवदेवी ने भी थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। कार्रवाई न होने पर तोताराम ने 9 सितंबर को एसपी की जनसुनवाई में पहुंचकर शिकायती पत्र दिया। पीड़ित का आरोप है कि चार माह बीतने के बावजूद चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़ित ने मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज करने और चोरी का सामान बरामद कराने की मांग की है।

**सूचना**

मेरा नाम मेरे आर्मी रिकार्ड के दस्तावेजों में श्याम सुंदर त्रुटिवश अंकित हो गया है। जिसे श्याम सुंदर बाजपेई पढ़ा जाए। आर्मी नं.-1529766 एल सैपर श्याम सुंदर म.नं.313 बंदूहार उन्नाव (यूपी)।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र अल्ताफ को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**मुन्ना पुत्र अब्दुल समद**
**ग्राम उधौली, थाना सफदरगंज,**
**जिला बाराबंकी।**

# निर्माणाधीन परियोजनाओं को ससमय पूरा कराएंः डीएम



समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।

50 लाख से अधिक निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने रु0 50 लाख से अधिक एवं रु0 01 करोड़ से कम लागत की सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं, सीएमआईएस पोर्टल पर अंकित सभी निर्माणाधीन एवं विलंबित परियोजनाओं के संबंध में की गई कार्यवाही, विद्युत कनेक्शन से संबंधित अन्तर्विभागीय प्रकरणों आदि बिंदुओं की समीक्षा करते हुए संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को चरणबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण ढंग से जल्द से जल्द पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग में मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय, कम्प्यूटर लैब, शौचालय ब्लॉक में निर्माण कार्य, कार्यदाई संस्था सीएनडीएस-55 द्वारा मेडिकल कॉलेज में निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज, छात्रावास व अन्य कार्य, कार्यदायी संस्था पैक्सफेड द्वारा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, जिला कारागार में टाइप-2 आवास, आईटीआई में आधुनिक कार्यशाला, यूपीपीसीएल द्वारा आईटीआई भवन निर्माण की प्रगति धीमी पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यदायी पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित को दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अधिशाषी अभियंता सिंचाई, अधिशाषी अभियंता जल निगम शहरी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कार्यदाई संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रक में पीछे से लड़ने से डीसीएम चालक की मौत

समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।

आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे किलोमीटर संख्या 236 के निकट फ़िरोजाबाद से क्राकरी सामान लादकर बिहार जा रही डीसीएम के चालक को झपकी आने से आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जोरदार भिड़ंत हो गई।जिससे डीसीएम चालक व परिचालक उसी में फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने अथक प्रयास के बाद तीनों को बाहर निकाल कर गंभीर हालत में इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां डीसीएम चालक को मृत घोषित कर दिया गया वहीं परिचालक व एक अन्य साथी की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया। बताया जाता है कि डीसीएम चालक रजनेश पुत्र एहबरन सिंह निवासी ग्राम नगला हुलासी थाना सकीट जनपद एटा अपने साथी परिचालक चन्द्रभान पुत्र जगदीश निवासी ग्राम नगला थाना सकीट एटा के साथ एक डीसीएम ट्रक में क्राकरी का सामान लादकर फ़िरोजाबाद से बिहार लेकर जा रहा था स तभी शुक्रवार को सुबह लगभग 3 बजे बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे किलोमीटर 236 के निकट चालक रजनेश को झपकी आने से उनका वाहन डीसीएम अनियंत्रित होकर आगे चल रहे स किसी अज्ञात ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर हो गई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद-फतेहगढ़**

पत्रांकः-849/1-30/2026-27 — दिनांकः- 18/09/2026

**-: ई-निविदा सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ई-निविदा नोटिस के अनुसार सीवरेज एवंज ल निकासी योजना में उपलब्ध धनराशि से कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा नोटिस संख्या- दिनांक

1-निविदाओं का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2-आमंत्रित निविदा दिनांक 05/10/26 अपरान्ह 4.00 बजे तक उक्त वेबसाइट पर डाउनलोड/ अपलोड की जा सकती है।
3-अपलोड करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र वॉछित समस्त अभिलेखों एवं मूल जमानत धनराशि के साथ निर्धारित तिथि व समय तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा की जा सकती है।
4-निविदाओं की तकनीकी बिड ऑनलाइन दिनांक 05/10/26 को अपरान्ह 4:30 बजे खोली जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद**

# पीएम सूर्य घर योजना की डीएम ने की समीक्षा

- लंबित ऋण प्रकरणों एवं विद्युत निरीक्षण में तेजी लाने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, महाराजगंज।**

जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति, वेंडरों से संबंधित समस्याओं, बैंक ऋण के लंबित प्रकरणों, ऋण की द्वितीय किस्त के भुगतान, नेट मीटरिंग की उपलब्धता एवं स्थापना तथा सोलर संयंत्रों के विद्युत विभाग द्वारा समयबद्ध निरीक्षण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की



गई।बैठक में प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद महाराजगंज के लिए 3,604 सोलर इंस्टॉलेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अप्रैल से अगस्त 2026 तक निर्धारित मासिक लक्ष्य 1,500 के सापेक्ष 1,832 इंस्टॉलेशन किए जा चुके हैं। अप्रैल में 298, मई में 318, जून में 358, जुलाई में 420 तथा अगस्त में 438 इंस्टॉलेशन किए गए। सितम्बर माह में 15 सितम्बर तक 250 इंस्टॉलेशन दर्ज किए गए हैं। इस प्रकार सितम्बर तक क्रमिक लक्ष्य 3,755 के सापेक्ष कुल 4,037 इंस्टॉलेशन हो चुके हैं।

डी एम ने योजना के निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष हुई प्रगति की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया में किसी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो तथा शेष लक्ष्यों की पूर्ति के लिए विभागीय अधिकारी एवं संबंधित संस्थाएं समन्वित रूप से कार्य करें। समीक्षा के दौरान पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत बैंक ऋण से संबंधित लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान दिया गया। उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार कुल 758 प्रकरण ऋण वितरण हेतु लंबित हैं।जिलाधिकारी ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्ण एवं स्वीकृत ऋण प्रकरणों में आवश्यक औपचारिकताएं तत्काल पूर्ण कराते हुए ऋण वितरण की कार्यवाही में तेजी लाई जाए। विशेष रूप से स्वीकृत प्रकरणों में मार्जिन मनी आदि आवश्यकताओं को समय से पूरा कराते हुए लाभार्थियों को योजना का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।बैठक में विद्युत विभाग द्वारा सोलर संयंत्रों के निरीक्षण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। रिपोर्ट के अनुसार विभिन्न विद्युत वितरण खंडों में कुल 89 निरीक्षण लंबित हैं। इनमें विद्युत वितरण खंड महराजगंज के 41, नौतनवा के 24, आनंदनगर के 03 तथा निचलौल के 21 प्रकरण शामिल हैं।इस संबंध में डी एम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित निरीक्षणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे लाभार्थियों को योजना का लाभ प्राप्त करने में अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े।समीक्षा में विभिन्न वेंडरों द्वारा किए गए सोलर इंस्टॉलेशन से संबंधित विवरण पोर्टल पर अपलोड किए जाने की स्थिति भी देखी गई।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 475 वाहनों का चालान, 15 सीज

**समृद्धि न्यूज, महाराजगंज।**

जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों, नाबालिक चालक एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी । चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाये, बिना अनुज्ञप्ति, सवारी गाडियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठने पर व तेज गति से वाहन चलाते समय तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 475 वाहनों का चालान और 15वाहन सीज किया गया। तथा जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शान्ति भंग की आशंका व भविष्य में शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थानों से कुल- 66 व्यक्तियों को धारा-170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया। जबकि मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति महिलाओं, बालिकाओं में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से महराजगंज पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण के प्रति किया गया जागरुक और पुलिस महानिदेशक उप्र के आदेश के क्रम मे पैदल गश्त के तहत जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अलग-अलग टीम बनाकर पैदल गश्त अभियान को जारी रखते हुए दुकानदारों, व्यापारियों तथा आम जनता से सम्पर्क स्थापित किया गया तथा उनकी समस्या सुनी गयी। कस्बों में स्थित बैंक, एटीएम, ग्राहक सेवा केन्द्रों एवं अन्य वित्तीय प्रतिष्ठानों आदि के सुरक्षार्थ सघन चेकिंग अभियान चलाकर आस-पास खड़े संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की गई । नागरिकों एवं आम जनमानस से संवाद स्थापित कर प्रमुख चौराहों, सड़क की पटरियों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करने को कहा गया, जिससे चौराहों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर यातायात सुगम हो सके। जनपदीय पुलिस द्वारा 34 पुलिस एक्ट में 43 व धारा 129 जी बीएनएसएस में 8 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी।

## खबरें एक नजर में

### विधानसभा स्तरीय वृहद रोजगार मेला 23 को

**महाराजगंज।** जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में 23 सितम्बर 2026 को प्रातः 10 बजे से राजेन्द्र प्रसाद तारा चन्द पीजी कॉलेज, निचलौल के परिसर में विधान सभा स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उक्त मेले में प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियां प्रतिभाग कर हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्र, रिज्यूम एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु हेल्पडेस्क एवं पंजीकरण सहायता उपलब्ध रहेगी। प्रतिभाग के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है।

### पार्टी के दौरान फायर, युवक की इलाज के दौरान मृत्यु

**महाराजगंज।** बीती शाम करीब पौने 9 बजे समरधीरा चौराहे पर स्थित अण्डे की दुकान पर चार दोस्त बैठकर पार्टी कर रहे थे। पुरंदरपुर पुलिस को मिली सूचना के अनुसार इसी दौरान जिसान हाशमी के पास मौजूद पिस्टल एवं कारतूस को सभी दोस्त हाथ में लेकर देख रहे थे।इसी क्रम में एक युवक द्वारा पिस्टल में कारतूस लोड कर ट्रिगर दबाया गया, लेकिन फायर नहीं हुआ। बाद में पिस्टल दूसरे युवक द्वारा अपने हाथ में लेकर ट्रिगर दबाने पर अचानक फायर हो गया, जिससे सामने बैठे जिसान हाशमी के सिर में गोली लग गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा उसे उपचार हेतु बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के शव के पोस्टमार्टम की कार्यवाही जारी है।प्रकरण में नामजद अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस विभाग के जिम्मेदारों के अनुसार प्रारंभिक जांच में घटना दोस्तों के बीच पिस्टल के साथ लापरवाहीपूर्वक किए गए प्रयोग के दौरान हुए आकस्मिक फायर के कारण होना प्रकाश में आया है।

### सेवा संकल्प बाइक यात्रा बल्हिया खुर्द पहुंची

**हलिया (मिर्जापुर)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर काशी से गुजरात के बड़नगर तक निकाली गई सेवा संकल्प बाइक यात्रा गुरुवार की शाम को बल्हिया खुर्द पहुंची। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उत्साह के साथ यात्रियों का स्वागत किया। रात्रि विश्राम के बाद सुबह करीब 10 बजे यात्रा अगले पड़ाव के लिए रवाना हुई। यात्रा को देखने के लिए ग्रामीणों में उत्सुकता बनी रही। स्वागत कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि काशी से बड़नगर तक की यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मभूमि और कर्मभूमि को जोड़ने का संदेश दे रही है। सेवा, समाज और राष्ट्र के प्रति दायित्व को यात्रा की मूल भावना बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि सामान्य परिवार से निकलकर नरेंद्र मोदी का देश के प्रधानमंत्री पद तक पहुंचना सेवा और संकल्प के महत्व को रेखांकित करता है।यात्रा में शामिल लोगों ने ग्रामीणों से सामाजिक दायित्वों के निर्वहन और राष्ट्र निर्माण में सहभागिता का आह्वान किया। रात्रि विश्राम के बाद सुबह यात्रा निर्धारित मार्ग से आगे बढ़ी।स्वागत और व्यवस्था में संतोष दुबे, लवकुश, रामबली गुप्ता, देवेंद्र तिवारी, ज्ञानेंद्र तिवारी और उमाकांत पाल ने सहयोग किया।

### भारत केसरी ने जम्मू-कश्मीर केसरी बलराम को दी पटखनी

**कुशीनगर।** जनपद के विशुनपुरा विकास खंड के सूरजनगर स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर परिसर में आयोजित दो दिवसीय दंगल मेले के दूसरे दिन देश-विदेश से आए नामी पहलवानों ने अखाड़े में दमखम दिखाया। रोमांचक कुश्तियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक जुटे रहे। पहलवानों के दांव-पेच पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया। दंगल का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दूबे, आदर्शधर दूबे, डा. आशीषधर दूबे तथा विशिष्ट अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल, खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय, ब्लाक प्रमुख शेषनाथ यादव, डा. राम अधार राजभर व प्रधान संघ जिलाध्यक्ष संतोष मणि त्रिपाठी ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर कराया। अतिथियों ने कहा कि दंगल खेल के साथ ही अनुशासन, परंपरा और कुश्ती कला को आगे बढ़ाने का माध्यम है। मुख्य मुकाबले में भारत केसरी बिल्ला पहलवान ने पंजाब के नवाब पहलवान को पटखनी दी। जम्मू-कश्मीर केसरी बलराम को भी भारत केसरी ने शिकस्त दी। हिमाचल प्रदेश के बाबा लाड़ी ने केरल के कट्टपा को, अजमेर शरीफ के बाबा फकीर ने तमिलनाडु के अखंड को तथा नेपाल की शेरनी रूबी थापा ने महाराष्ट्र की रानी पहलवान को पटखनी दी। सिक्किम के घमंडी पहलवान ने भुवनेश्वर के जतन सिंह और बंगाल केसरी ओमकार ने असिनापुर को हराया। दंगल में कुल 56 जोड़ी कुश्तियां हुईं।

### हलिया ब्लॉक पर सेवा संकल्प अभियान के तहत लगा स्टॉल



**हलिया (मिर्जापुर)।** सेवा पखवाड़ा के तहत चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान 2026 के क्रम में शुक्रवार को हलिया ब्लॉक मुख्यालय पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत विकास खंड स्तर पर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। एबीएसए प्रकाश चंद्र यादव ने बताया कि निपुण भारत मिशन, डीबीटी के माध्यम से यूनीफॉर्म-जूता-मोजा व बैग की धनराशि, मध्यान्ह भोजन योजना, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, समग्र शिक्षा और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दी। सीडीपीओ दिलीप केशरी ने पोषण अभियान, हॉट कुक्ड मील, टेक होम राशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और आंगनबाड़ी के माध्यम से गर्भवती महिलाओं व बच्चों को मिलने वाले लाभों के बारे में बताया।प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, जननी सुरक्षा योजना, टीबी मुक्त भारत अभियान, नियमित टीकाकरण और परिवार नियोजन कार्यक्रमों की जानकारी दी।

# छात्रों के सपनों से बनेगा विकसित भारत: पंकज चौधरी

- 'मेरे सपनों का भारत' में विद्यार्थियों से किया संवाद
- निबंध, पोस्टर, भाषण और डिबेट में बच्चों ने 2047 के भारत की तस्वीर की प्रस्तुत

**समृद्धि न्यूज, महाराजगंज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्षों की यात्रा के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत शुक्रवार को नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटरमीडिएट कॉलेज में 'मेरे सपनों का भारत' कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने विद्यार्थियों से संवाद कर विकसित भारत को लेकर उनकी सोच जानी। उन्होंने निबंध, पोस्टर, डिबेट, भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन किया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पोस्टर, निबंध और भाषण के माध्यम से वर्ष 2047 के भारत की अपनी कल्पना प्रस्तुत की। बच्चों ने शिक्षा, रोजगार, तकनीक, महिला सुरक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में विकसित और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना साफ दिखाई दी।अपने संबोधन में पंकज चौधरी ने कहा कि विकसित भारत का सपना केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक और विशेष रूप से युवाओं का सपना होना चाहिए। आज के विद्यार्थी ही भविष्य में देश के वैज्ञानिक, चिकित्सक, इंजीनियर, शिक्षक, उद्यमी और नेतृत्वकर्ता बनेंगे। उनकी सोच, प्रतिभा और संकल्प ही विकसित भारत की नींव को मजबूत करेंगे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आधारभूत ढांचे के विस्तार के साथ डिजिटल अर्थव्यवस्था, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्टअप और स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है। तकनीक के क्षेत्र में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे हैं।

महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को विकसित भारत की महत्वपूर्ण शर्त बताते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर, मिशन शक्ति और महिला पुलिस बीट जैसी व्यवस्थाओं के माध्यम से सुरक्षा और सशक्तीकरण पर काम हो रहा है। बेटियों को शिक्षा और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गरीब और वंचित वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए आवास, शौचालय, खाद्यान्न, स्वास्थ्य, बैंकिंग और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाएं संचालित हैं। श्री चौधरी ने कहा कि 2047 का भारत कैसा होगा, इसकी तस्वीर आज के नौनिहालों के सपनों में दिखाई देती है। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ना चाहिए और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, विद्यालय के संस्थापक विजय बहादुर, प्रधानाचार्य एसपी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप शर्मा, बबलू यादव, संतोष सिंह, राजेंद्र पटेल, त्रिभुवन पटेल, मनोज पटेल, अजय मद्धेशिया, सुनील कुमार मद्धेशिया, पुंडरीक पटेल और आशीष मिश्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम में शिक्षक, छात्र-छात्राएं और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राशन दुकान चयन को लेकर पडरौना ब्लॉक में हंगामा

- विश्व हिन्दू महासंघ और प्रधान संघ आमने-सामने
- जंगल गायघाट के ग्रामीणों ने मतदान से नई दुकान के चयन की उठाई मांग

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

जनपद के पडरौना विकास खंड के ग्राम पंचायत जंगल गायघाट में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के चयन को लेकर शुक्रवार को मामला उस समय गरमा गया, जब विश्व हिन्दू महासंघ के कार्यकर्ता अपनी मांग लेकर ब्लॉक मुख्यालय पहुंच कर धरने पर बैठ गये। ग्रामीणों ने मांग किया कि निरस्त हो चुकी सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के स्थान पर नई दुकान का चयन ग्राम पंचायत के राशन कार्ड धारकों के मतदान के माध्यम से कराया जाए, ताकि चयन प्रक्रिया को लेकर किसी तरह का विवाद न हो सके। धरने में भाजपा से जुड़े राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त राजेश्वर सिंह के पुत्र नीरज कुमार सिंह उर्फ बिट्टू तथा हिंदूवादी नेता राजन जायसवाल के नेतृत्व में किए जाने की बात सामने आई। दोनों के साथ ग्रामीण व कार्यकर्ता विकास खंड कार्यालय पहुंचे और खंड विकास अधिकारी से मामले में बातचीत करने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि बातचीत के दौरान किसी बात को लेकर स्थिति बिगड़ गई और प्रदर्शनकारियों ने बीडीओ के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद मामला केवल राशन दुकान के चयन तक सीमित न रहकर ग्रामीणों और ब्लॉक प्रशासन के बीच विवाद का रूप लेने लगा। स्थिति को देखते हुए पुलिस और स्थानीय स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद पडरौना विकास खंड प्रधान संघ के अध्यक्ष मुकेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रधान भी मौके पर पहुंचे। प्रधान संघ ने पहले प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। हालांक, स्थिति को देखते हुए प्रधान संघ ने बीडीओ के समर्थन में खड़े होकर प्रदर्शन समाप्त करने की अपील की। प्रधान संघ की ओर से कहा गया कि बीडीओ के स्तर से ऐसा कोई कार्य नहीं किया गया है, जिससे स्थिति को टकराव तक ले जाया जाए। यदि प्रक्रिया में कहीं कोई कमी या त्रुटि हुई है तो उसे नियमानुसार सुधारने का प्रयास किया जा सकता है, लेकिन कार्यालय पर प्रदर्शन और नारेबाजी से स्थिति को बिगाड़ना उचित नहीं है। दूसरी ओर प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि प्रधान संघ बीडीओ को बचाने के पक्ष में खड़ा है और ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इसी को लेकर देर शाम तक ब्लॉक परिसर में दोनों पक्षों के बीच तनातनी की स्थिति बनी रही। शाम करीब साढ़े पांच बजे तक ब्लॉक परिसर में पुलिस बल तैनात रहा। प्रधान, ग्रामीण, प्रदर्शनकारी और अन्य लोग मौके पर मौजूद रहे। फिलहाल पूरा विवाद सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के नए चयन की प्रक्रिया और उसे लेकर उठे आरोप-प्रत्यारोप के इर्द-गिर्द केंद्रित है। ग्रामीणों का कहना था कि नई दुकान के चयन में ग्राम पंचायत के राशन कार्डधारकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और मतदान के माध्यम से प्रक्रिया पूरी कराई जाए। वहीं प्रधान संघ का कहना है कि यदि किसी स्तर पर प्रक्रिया में सुधार की आवश्यकता है तो प्रशासनिक स्तर पर उसका समाधान कराया जा सकता है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन राशन दुकान के चयन को लेकर उठे विवाद का समाधान किस प्रक्रिया के तहत करता है।

### मर्डर केस में पचीस हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या।** थाना पूराकलंदर क्षेत्र के कन्दैला गाँव में जमीनी विवाद में गत दिनों हुए डबल मर्डर केस में 25000 का इनामिया आरोपी विजय भान सिंह को थाना पूराकलंदर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कन्दैला गाँव में ठाकुर और मौर्या परिवार में रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था इसमें पहले भी मार पीट हुई थी जिसमें ठाकुर परिवार के एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी तथा एक महिला घायल हो गयी थी। इसी से दोनों परिवार में रंजिश चली आ रही थी 25 अगस्त को राज सिंह व मनीष शर्मा अपने अन्य साथियों के साथ कन्दैला गाँव के निकट नहर पुल के पास बम और गोलियों से हमला कर दिया। जिसमें हिस्ट्री सीटर राम लग्न मौर्य व उनकी माता गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया जहाँ पर राम लग्न को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था और माता पार्वती को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था जहाँ पर कुछ दिनों बाद इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गयी।

# हजारों युवाओं को मिला नौकरी का मौका 90 से अधिक कंपनियों ने लिया हिस्सा

- सीएम योगी के रोजगार संकल्प को मिली रफ्तार

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के संकल्प के तहत शुक्रवार को पूरा बाजार स्थित आशा भगवान बख्श सिंह महाविद्यालय में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने मेले का शुभारंभ किया। रोजगार मेले में 13,632 युवाओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें 7,984 युवाओं का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ। सेवायोजन विभाग के सहयोग से आयोजित मेले में तकनीकी और गैर-तकनीकी क्षेत्रों की 90 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया। अशोक लीलैंड से लेकर अमेजन तक कई बड़ी कंपनियों ने युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। मेले के शुभारंभ समारोह में स्थानीय प्रशासन, सेवायोजन विभाग के अधिकारी और कंपनी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। युवाओं का हुजूम सुबह से ही मेले के स्थल पर उमड़ पड़ा था। विभिन्न काउंटरों पर साक्षात्कार की प्रक्रिया चलती रही। सेवायोजन विभाग के सहायक निदेशक देवव्रत ने बताया कि 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को इस मेले में रोजगार उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रोजगार संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है। योगी सरकार युवाओं को स्वरोजगार के साथ-साथ निजी क्षेत्र में भी रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर रोजगार मेलों का आयोजन कर रही है। 24 वर्षीय राहुल यादव का एक तकनीकी कंपनी में चयन होने के बाद उनकी खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा। कहा, मैं लंबे समय से नौकरी की तलाश में था। योगी सरकार द्वारा आयोजित इस रोजगार मेले ने मुझे अवसर दिया। यहां कंपनियां सीधे साक्षात्कार लेकर चयन कर रही हैं। यह बहुत सुविधाजनक है।

# आर्थिक आधार पर आरक्षण, भूमि बटवारा भी होगा ऑनलाइन

**अयोध्या।** सरकार पूर्ण रूप से पारदर्शिता लाने व लोगों को तहसील का चक्कर लगाने से बचने के लिए ऑनलाइन पोर्टल लांच किया है। आर्थिक आधार पर सवर्ण कैटिगरी के लिए सरकार ने 10 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की है इसके लिए प्रमाण पत्र तहसील स्तर से जारी होता है अब तक इसका आवेदन मैन्युअल दस्तावेजी फाइल के आधार पर राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी करते आए हैं। इसी तरह राजस्व विभाग में भूमि बंटवारे की फाइल भी मैन्युअल तैयार कर धारा 116 के तहत उप जिलाधिकारी के यहां आवेदन किया जाता था अब इन दोनों आवेदन को शासन के निर्देश पर ऑनलाइन कर दिया गया है। आवेदक को अपने सारे डाक्यूमेंट्स जन सेवा केद्रो के माध्यम से निर्धारित पोर्टल पर आवेदन के रूप में डालना होगा। जो पोर्टल के माध्यम से क्षेत्रीय लेखपाल के पास रिपोर्ट के लिए जाएगा। लेखपाल की रिपोर्ट संबंधित विभाग के अधिकारियों से होते हुए उप जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचेगी। सारे हस्ताक्षर और रिपोर्ट डिजिटल होंगे। आवेदक को प्रमाण पत्र की कॉपी उसी जन सेवा केंद्र से निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराई जाएगी। तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह ने बताया शासन के निर्देश पर दोनों आवेदन अब ऑनलाइन लिए जाएंगे और डिजिटल प्रक्रिया से प्रमाण पत्र जारी होगा।

# गाजीपुर में प्रधानमंत्री का जन्मदिन खूब जगमगाया, आशीर्वाद दिया

**समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के निरंतर सार्वजनिक जीवन की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत-2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से जनपद में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया। इसी क्रम में आज अभियान के प्रथम दिवस सेवा दिवस के अवसर पर सायंकाल में प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम अंतर्गत जनपद के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, नदी घाटों, प्रमुख मंदिरों, पार्कों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं चिकित्सालयों, खेल स्टेडियम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का आयोजन जनपद के समस्त विकासखंडों एवं तहसीलों में किया गया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने भी अपने-अपने घरों में दीपक जलाया। इसी क्रम में नवापुर घाट स्थित साई मंदिर परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा, मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन ने सहभागिता की और घाट पर दीप जलाए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों द्वारा घाट पर दीप प्रज्ज्वलित किए गए। दीपों की रोशनी से पूरा घाट जगमगा उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर सेवा, विकास एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति जनभागीदारी को बढ़ावा देने तथा विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए नागरिकों को जागरूक एवं सहभागी बनाने का संदेश दिया गया।

### शेरपुर में जलाया गया 'आशीर्वाद का दीया'




**भांवरकोल/गाजीपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन एवं सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष के अवसर पर गुरुवार को ग्राम पंचायत शेरपुर में 'आशीर्वाद का दीया' जलाकर उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इस दौरान सार्वजनिक भवनों और विभिन्न स्थानों के साथ ही ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों में भी दीप प्रज्ज्वलित किए। ग्राम पंचायत शेरपुर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जयानंद राय एवं ग्राम पंचायत सचिव सूर्यभान राय के नेतृत्व में ग्रामीण सचिवालय, मॉडल अन्नपूर्णा भवन, सेमरा, शेरपुर स्थित अंबेडकर पार्क तथा लर्निंग लैब में 'आशीर्वाद का दीया' जलाया गया। इसके अलावा सैकड़ों ग्रामीणों ने अपने घरों में दीप जलाकर प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कहा कि 'आशीर्वाद का दीया' शुभकामना और मंगलकामना का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा।

# महिला कल्याण एवं जागरूकता सम्मेलन का किया गया आयोजन

**समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।**




महिला कल्याण एवं जन उत्थान फाउण्डेशन के बैनर तले आज गाजीपुर में 'महिला कल्याण व जागरूकता सम्मेलन 2026' का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वरोजगार, कानूनी सुरक्षा और समाज में उनकी निर्णायक भागीदारी के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक महोदय गाजीपुर ,विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह तथा नगर पालिका अध्यक्षा/अधिशासी प्रतिनिधि सरिता अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। फाउण्डेशन के पदाधिकारियों ने आगत अतिथियों का अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न और पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा और त्वरित न्याय के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने बालिकाओं और महिलाओं से निडर होकर अपनी बात रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस की मदद लेने का आह्वान किया। समाज, शिक्षा, सामाजिक सेवा और प्रशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# मगई के पुनरोद्धार को 63.32 करोड़ की कार्य योजना तैयार, वित्तीय स्वीकृति का इंतजार

- किसान मृत्युंजय कुमार राय द्वारा किए गए प्रयास का परिणाम
- 125 किमी नदी की खुदाई से लाखों किसानों को मिलेगी राहत

**समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।**



मगई नदी से प्रभावित किसानों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। सिंचाई विभाग, गाजीपुर द्वारा मगई नदी के पुनरोद्धार, कायाकल्प और क्षमता वृद्धि के लिए करीब 125 किलोमीटर नदी की खुदाई हेतु 63 करोड़ रुपये की कार्ययोजना तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजी गई है। योजना स्वीकृत होने पर गाजीपुर और बलिया जनपद के बड़ी संख्या में किसानों एवं कृषि मजदूर परिवारों को इसका लाभ मिलने की उम्मीद है। बताया गया कि नमामि गंगे योजना के तहत प्रत्येक जनपद में एक छोटी नदी के कायाकल्प अथवा क्षमता वृद्धि के लिए नदी का चयन किया जाना था। प्रारंभिक स्तर पर सिंचाई विभाग की ओर से उदंती नदी को प्राथमिकता में रखा गया था। हालांकि, मगई नदी से प्रभावित किसानों द्वारा पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्रों, प्रकाशित समाचारों की तारीखवार कटिंग और नदी की समस्या से किसानों को हो रहे नुकसान के विवरण को लगातार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के सामने किसान मृत्युंजय राय द्वारा रखा गया। इसके बाद मगई नदी के लिए यह कार्ययोजना तैयार की गई।

**वर्षों से परेशानी झेल रहे हैं किसान:** किसानों का कहना है कि वर्ष 1990 से मगई नदी में शारदा सहायक नहर का पानी छोड़े जाने के कारण नदी के जलप्रवाह और उससे जुड़े कृषि क्षेत्र में लंबे समय से समस्याएं बनी हुई हैं। इसका प्रभाव गाजीपुर की मुहम्मदाबाद विधानसभा क्षेत्र 378, जहूराबाद विधानसभा क्षेत्र 377 तथा बलिया की फेफना विधानसभा क्षेत्र 360 के किसानों पर पड़ता है। किसानों के अनुसार समय पर पानी और नदी के स्वाभाविक बहाव की समस्या के कारण कई बार बुवाई में देरी होती है। विलंब से बोई गई फसलों को पर्याप्त समय नहीं मिल पाता।

**6 जनवरी से लगातार चला अभियान:** मगई नदी की समस्या के समाधान के लिए इस वर्ष 6 जनवरी 2026 से अभियान चलाया जा रहा है। 6 जनवरी को खेतों में जलभराव और किसानों की स्थिति को मीडिया के सामने रखा गया। इसके बाद 16 अप्रैल को उन खेतों को मीडिया के सामने दिखाया गया जहां किसानों के अनुसार फसल कटाई के बिना छूट गई थी। किसानों का कहना है कि लगातार उठाई गई आवाज का परिणाम अब 63 करोड़ 32 लाख रुपये की प्रस्तावित कार्ययोजना के रूप में दिखाई दे रहा है। किसानों ने उम्मीद जताई है कि कार्ययोजना को शीघ्र स्वीकृति मिलेगी और 125 किलोमीटर मगई नदी की खुदाई एवं क्षमता वृद्धि का कार्य शुरू होने से वर्षों से चली आ रही समस्या का स्थायी समाधान हो सके।इस पूरी लड़ाई में किसान नेता मृत्युंजय कुमार राय बुल्लू राय,कृष्ण गोपाल राय, मनीष राय द्वारा अपना निजी कार्य त्याग कर मगई नदी के लिए निरंतर प्रयास किया गया जिसका परिणाम दिखाई दे रहा है।